
वर्ष- 13 अंक - 109
लखनऊ, शुक्रवार 19 दिसम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस से हुई नोकझोंक 03

विधानसभा अध्यक्ष ने की सभी नेताओं से सदन चलाने में सहयोग की अपील 12


# भारत सरकार प्रवासियों के कल्याण को प्रतिबद्ध : मोदी

**एजेंसी, मस्कट (ओमान)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विविधता को भारतीय संस्कृति की नींव बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह एक ऐसा मूल्य जो उन्हें किसी भी समाज में घुलमिल जाने में मदद करता है। ओमान में भारतीय समुदाय के प्रति सम्मान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सह-अस्तित्व और सहयोग भारतीय प्रवासी समुदाय की पहचान रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के कल्याण के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी और जहां भी हमारे लोगों को मदद की जरूरत होती है, सरकार उनका हाथ थामने के लिए तत्पर रहती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मांडवी से लेकर मस्कट तक सदियों पुराने संबंध हैं और प्रवासी समुदाय कड़ी मेहनत और एकजुटता के माध्यम से इसे पोषित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने समुदाय के कल्याण के लिए सुल्तान हैथम बिन तारिक के समर्थन के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।



**▶ भारत-ओमान साझेदारी एआई सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी व उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से भविष्य के लिए हो रही तैयार**

## प्रधानमंत्री ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित



ओमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने गुरुवार को मस्कट में प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। श्री मोदी दो दिन की यात्रा पर ओमान गए हुए हैं। इससे पहले श्री मोदी को इथियोपिया ने भी अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा था। श्री मोदी और सुल्तान अल सईद की मौजूदगी में भारत और ओमान ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर भी किए। प्रधानमंत्री ने इस समझौते को भारत-ओमान के साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट बताते हुए ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों में नई ऊर्जा आयेगी और परस्पर विकास, नवाचार और रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने आज मस्कट (ओमान) में भारतीय समुदाय की विशाल सभा को संबोधित किया। श्रोताओं में विभिन्न भारतीय स्कूलों के 700 से अधिक छात्र शामिल थे। ओमान में भारतीय स्कूलों के लिए यह वर्ष विशेष महत्व रखता है। यह देश में उनकी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत केवल बाजार नहीं बल्कि वस्तुओं और सेवाओं से लेकर डिजिटल समाधानों तक, दुनिया के लिए एक आदर्श है। उन्होंने पुष्टि की कि भारत-ओमान साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार हो रही है। उन्होंने युवाओं से बड़े सपने देखने, गहन ज्ञान प्राप्त करने और साहसिक नवाचार करने का आह्वान किया ताकि वे मानवता के लिए सार्थक योगदान दे सकें।

प्रधानमंत्री ने भारत की परिवर्तनकारी वृद्धि, परिवर्तन की गति और व्यापकता तथा पिछली तिमाही में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से परिलक्षित अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बात की। उन्होंने पिछले 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में अवसंरचना विकास, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, हरित विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव हुए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व स्तरीय नवाचार, स्टार्टअप और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके 21वीं सदी के लिए खुद को तैयार कर रहा है। भारत की यूपीआई (जो वैश्विक स्तर पर किए गए सभी डिजिटल भुगतानों का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है) गर्व और उपलब्धि का विषय है।

उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की हालिया उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें चंद्रमा पर उतरना और गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन की योजना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष भारत और ओमान के बीच सहयोग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और छात्रों को इसरो के युवा कार्यक्रम युविका में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

# लोकसभा में हंगामें के बीच वीबी जी राम जी विधेयक पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



लोकसभा ने गुरुवार को हंगामें के बीच 'विकसित भारत - रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी' या वीबी - जी राम जी विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार और उत्पाद की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विधेयक को पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही को दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

यह विधेयक मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 की जगह लेने के लिए लाया गया है। यह एक नया प्रस्तावित ग्रामीण रोजगार कानून गांवों में प्रति परिवार साल में 125 दिन का रोज़गार प्रदान करेगा। इसमें विकासोन्मुख कार्यों पर ज़ोर दिया गया है और केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी तय की गई है। खर्च में केन्द्र का 60 प्रतिशत और राज्यों का 40 प्रतिशत योगदान रहेगा। वहीं पहाड़ी राज्यों में यह अनुपात 90-10 का होगा। लोकसभा में कल रात करीब 1.30 बजे तक विधेयक पर चर्चा की गई और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर हुई इस चर्चा का आज उत्तर दिया। हालांकि इस दौरान विपक्षी सदस्य सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी करते रहे। चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा की खामियां बतायीं और कहा कि राज्यों ने श्रम पर अधिक और सामग्री की खरीद पर कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत विशाल धनराशि का प्रवाधान किया गया है। इस विशाल धनराशि के आवंटन के माध्यम से हम न केवल बेहतर रोजगार के अवसर पैदा करेंदे और अधिक नौकरियां सृजित करेंगे बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग विकसित भारत मॉडल गांवों के विकास के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से परिकल्पित विकसित भारत मॉडल में गांव आत्मनिर्भर, रोजगार से समृद्ध, गरीबी मुक्त और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। ये गांव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास केंद्र, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और अन्य प्रयोगशालाएं प्रदान करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा में पीछे न रह जाए।

## सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा : गडकरी



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जायेगा। श्री गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किये हैं जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जायेगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की।

## वायु सेना कमांडर भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें : रक्षा मंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को वायु सेना के कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेने और भविष्य की हर चुनौती का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत की वायु सेना तकनीकी में उन्नत, ऑपरेशन में तेज, रणनीतिक रूप से आश्वस्त और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फोर्स है, जो आज के समय में देश के हितों की रक्षा कर रही है। 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचार और प्रौद्योगिकी की लड़ाई है, लेकिन सरकार सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,34,660/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,23,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,01,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,08,000/किग्रा |



# कलाकारों को सम्मान व प्रोत्साहित देने का काम कर रही सरकार : योगी

**▶ कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कलाकारों को सम्मान और प्रोत्साहित देने का हमारी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हम कलाकारों के कल्याण, स्वास्थ्य, उनके लिए मंच, प्रशिक्षण और आजीविका के लिए कार्य करेंगे।



योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब देश गुलाम था तब संगीत व कला के लिए जब कोई मंच नहीं था। ऐसे समय में भारत की शास्त्रीय परम्परा को एक वैश्विक पहचान देने का काम पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे ने किया था। उन्होंने भारतीय संगीत को वैज्ञानिक आधार दिया। शास्त्रीय अनुशासन और सुव्य वस्थित पाठ्यक्रम दिया। गुरू शिष्य परम्परा को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़ने का अभिनव कार्य किया। अपितु भारतीय संस्कृति को आत्म सम्मान व आत्मगौरव आत्मगौरव और स्थायित्व देने का ऐतिहासिक प्रयास उस समय पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे के द्वारा प्रारंभ हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम नृत्य करते हैं तो नटराज के रूप में शिव हमारे सामने दिखाई देते हैं। जब हम वीणा में स्वर को लय दे रहे होते हैं तो साक्षात मां सरस्वती हमारे सामने होती हैं। जब कोई संवाद किसी नाटक में कर रहे होते हैं तो राम की मर्यादा देखने को मिलती है। जब हम किसी रस में डूबे होते हैं तो कृष्ण की रसधारा हमारे साथ जुड़ती हुई दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जगत का पहला स्वर ओंकार है। यही अध्यात्म व विज्ञान कहता है। नाद के अधीन जगत है। उस नाद को पहचानना यही संगीत की अलग-अलग विधाओं के द्वारा की जाने वाली साधना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की आत्मा संस्कृति में होती है। राष्ट्र के जीवन से अगर उसकी संस्कृति अलग कर दी जाय तो राष्ट्र अपनी पहचान खो देता है। भारत के स्वर व लय ने अपनी पहचान को निरंतरता दी।

## संक्षिप्त समाचार

### धान खरीद में नया रिकॉर्ड : 4 लाख से अधिक किसानों से खरीदा गया 25 लाख मीट्रिक टन धान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 में धान खरीद के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में गुरुवार तक चार लाख से अधिक किसानों से लगभग 25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धान खरीद की प्रक्रिया को और तेज किया जाए, ताकि एक भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश में धान खरीद के लिए अब तक 8,67,232 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। इनमें से 18 दिसंबर तक 4,08,740 किसानों से धान की खरीद पूरी हो चुकी है और उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है।

### भारतीय तटरक्षक बल ने पकड़ीं दो बांग्लादेशी नौकाएं, 35 मछुआरे गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) भारत के समुद्री क्षेत्रों में अपनी मजबूत मौजूदगी बनाकर समुद्री कानून लागू करने को बढ़ावा दे रहा है। इसी क्रम में आईसीजी के जहाज अनमोल ने बंगाल की खाड़ी में दो बांग्लादेशी नावें पकड़कर 35 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी मछुआरे भारतीय एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन (ईईजेड) में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे। इनके पास से 500 किलो मछलियां भी बरामद की गईं हैं।

### भारतीय सेना ने एक विशेष सैन्य ट्रेन के माध्यम से कश्मीर घाटी में टैंक, तोपें सफलतापूर्वक पहुंचाए



**एजेंसी, श्रीनगर।** रसद के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय सेना ने एक विशेष सैन्य ट्रेन के माध्यम से कश्मीर घाटी में टैंक, तोपें और इंजीनियरिंग उपकरण सफलतापूर्वक पहुंचा दिए हैं जिससे क्षेत्र में उसकी परिचालन तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# नहीं रहे मूर्तियों को गढ़ने वाले जादूगर पद्मश्री राम सुतार

**नोएडा, समृद्धि न्यूज।**

प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।



उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान कई कलाकार और बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक मौजूद थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही सुबह से ही सेक्टर 19 स्थित उनके आवास पर शोक जताने एवं श्रद्धांजलि देने के लिए कई गणमान्य व्यक्ति राजनीतिक दलों के नेता और शहरवासी बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। प्रख्यात मूर्तिकार सुतार का निधन कला जगत के लिए बड़ी क्षति है। श्री सुतार की पहचान सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्मृतियों को आकार देने वाले शिल्पकार के रूप में थी। उनकी कला ने देश को दुनिया में अलग मुकाम दिलाया। दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में शामिल गुजरात के केवड़िया में नर्मदा नदी किनारे स्थित 182 मीटर ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का डिजाइन उन्होंने ही तैयार किया था जिसने भारतीय शिल्प को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलायी। संसद परिसर में ध्यान में बैठे हुए महात्मा गांधी और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी उन्होंने ही बनाई हैं।

# यूपी विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम पर पांच घंटे चर्चा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।**

यूपी विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम पर 5 घंटे की चर्चा की जाएगी। 19 दिसंबर को शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से एक दिन पूर्व आज गुरुवार को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ ही सत्ताधारी समेत अन्य पार्टियों के सदस्य शामिल हुए।

बैठक से बाहर निकले समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता विधायक रविदास मेहरोत्रा बताया कि 19 से 24 दिसंबर तक विधानसभा चलेगी। पहले दिन सदन में निधन पर शोक के बाद कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। सोमवार यानी 22 दिसंबर को सदन की कार्यवाही फिर से चलेगी। इसी दिन वंदे मातरम पर चर्चा होगी। विपक्षी विधायक सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने पत्रकारों से बताया कि सरकार ने वंदे मातरम पर चर्चा के लिए चार घंटे का प्रस्ताव रखा था। विपक्ष ने 8 घंटे चर्चा की मांग की। इस पर पांच घंटे चर्चा पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष ने सत्र के दिन बढ़ाने की मांग की। साथ ही यह भी मांग की गई कि शनिवार और रविवार को भी अवकाश स्थगित कर सदन की कार्यवाही संचालित की जाए। इस पर सरकार की तरफ से विचार करने की बात कही गई है। विधान सभा की कार्यवाही का 24 दिसंबर तक चलने का प्रस्तावित कार्यक्रम है।



## आज से विधान भवन के आसपास बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर विधान भवन के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था शीतकालीन सत्र समाप्त होने तक लागू रहेगी। डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने गुरुवार को बताया कि इमरजेंसी की स्थिति में ही प्रतिबंधित मार्ग से वाहनों को जाने की अनुमति होगी। इसके लिए यातायात कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर सूचना देनी होगी। बंदरियाबाग चौराहा से सामान्य यातायात राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधानसभा की तरफा डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की तरफा रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा तरफा संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की तरफसे आने वाले रोडवेज/सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की तरफा केकेसी तिराहा से चारबाग की तरफसे आने वाले रोडवेज/सिटी बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, विधानसभा की तरफा गोमतीनगर की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा की तरफा सिकन्दरबाग चौराहा से हजरतगंज/विधानसभा की ओर जाने वाला सामान्य यातायात हजरतगंज चौराहा की तरफ। परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहा से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर। डीएसओ चौराहा से सिसेण्डी तिराहा, रॉयल होटल चौराहा की तरफ रोक रहेगी। लालबत्ती चौराहा, कैण्ट या गोल्फक्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर। पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर। कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैयाझील, या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैण्ट होकर। बैकुण्ठ धाम, 1090 (गांधी सेतु) चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैण्ट होते हुए। लोको चौराहा, कैण्ट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग होकर। बैकुण्ठ धाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग होते हुये तथा 1090 (गांधी सेतु) चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैण्ट होते हुए। सिकन्दरबाग चौराहे से वाईएमसीए चौराहा, बालू अड्डा, गॉधी सेतू (1090) चौराहा या चिरैयाझील होते हुऐ।

## आजम खान को भड़काऊ भाषण मामले में रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने किया बरी



**रामपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर एमपी-एलएलए कोर्ट से उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आजम खान को बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) ने वर्ष 2019 के एक भड़काऊ भाषण के मामले में साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने 2 अप्रैल 2019 को शहर कोतवाली में एक मामला दर्ज कराया गया था। इसी मामले में पिछले दिनों कोर्ट ने सुनवाई पूरी की थी और आज गुरुवार को अपना फैसला सुनाया।

# उत्तर प्रदेश में शीत दिवस व घने कोहरे का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड का प्रकोप बना रहेगा और सुबह के समय दृश्यता बेहद कम हो सकती है।



मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने बताया कि निचले वायुमंडल में बनी प्रतिकूल परिस्थितियों, उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासकर तराई और मैदानी क्षेत्रों में ठंड अधिक महसूस की जाएगी। विभाग के मानकों के अनुसार जब मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाता है और सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहता है, तो उसे शीत दिवस कहा जाता है। वहीं यदि अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक कम हो जाए, तो गंभीर शीत दिवस की स्थिति मानी जाती है। आईएमडी के अनुसार देर रात से सुबह के समय प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा। कई स्थानों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह सकती है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि आज पहले दिन पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे के साथ शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना है। कुछ जिलों में बहुत घना कोहरा भी छा सकता है। वहीं दूसरे दिन भी प्रदेश के बड़े हिस्से में ठंड का असर जारी रहेगा। कई जिलों में कोल्ड डे और कहीं-कहीं गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी रह सकती है। सुबह के समय घना कोहरा यातायात को प्रभावित कर सकता है। जबकि तीसरे दिन भी ठंड और कोहरे से राहत के आसार कम हैं। खासकर तराई क्षेत्रों में बहुत घना कोहरा और ठिठुरन बनी रह सकती है। मौसम विभाग ने आमजन को सुबह और देर रात अनावश्यक बाहर न निकलने, गर्म कपड़े पहनने, बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। वाहन चालकों को कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

**सख्ती** | खेती के साथ खिलवाड़ सामान्य अपराध नहीं

# अब खाद माफिया पर लगेगा एनएसए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार खाद की कालाबाजारी को लेकर काफी सख्त है। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

**▶ कालाबाजारी की शिकायतों पर एफआईआर और सीधी प्रशासनिक कार्रवाई का प्रावधान**

## सरप्राइज इंस्पेक्शन से अफसरों की जवाबदेही हुई तय

योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है।

## किसानों को भरोसा, माफिया को चेतावनी

मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जबरन टैगिंग की शिकायत तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं। सरकार उनके साथ खड़ी है और हर शिकायत पर कार्रवाई होगी। वहीं, खाद माफिया को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अब कानून का डंडा और भी सख्त होगा। खेती के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है।

शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना

# किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : सीडीओ

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**



जिला पंचायत सभागार में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा अंकिता जैन ने की। बैठक में जनपद में संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा छात्र-छात्राओं को समय से लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद का कोई भी पात्र छात्र या छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित न रहने पाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति से संबंधित सभी लंबित कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करते हुए उसकी सूचना जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति से संबंधित प्रगति की समीक्षा हेतु एक सप्ताह बाद पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता संबंधित विभाग के अधिकारी करेंगे।

इस समीक्षा बैठक में सभी शिक्षण संस्थानों द्वारा की गई कार्यवाही, लंबित प्रकरणों तथा समाधान की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर किया जा सके। सभी अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बैठक में सक्रिय सहभागिता करते हुए छात्रवृत्ति योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने-अपने स्तर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान इस योजना प्रगति संतोषजनक नहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण करने के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की टीम बनाई जाय। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) की प्रधानाचार्य भी बैठक में उपस्थित रहीं।

# ब्लैकमेल से तंग युवक ने लगाई फांसी, मुकदमा दर्ज

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम निवासी 30 वर्षीय अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्त ने बुधवार की बीती रात्रि में ब्लैक मेल से परेशान हो कर कमरे में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया।आत्म हत्या करने से पहले उस ने अपने कमरे में एक सुसाइड नोट भी लिखा है जिस में उस ने परेशान करने और ब्लैक मेल करने का की बात लिखी है। मोबाइल चैटिंग के दौरान जो बात हुई है। उस ने उस का स्क्रीन शॉट लेकर अपने कमरे में भी चस्पा कर दिया है। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर गायत्री पुरम निवासी अजीत सिंह और उस की पत्नी सोनल सिंह के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतक के चचेरे भाई उद्धव श्रीवास्तव ने मुकदमा लिखाया है जिस में उस ने कहा कि उस की चचेरी बहन आस्था ने फोन पर सूचना दिया कि मृतक अभिषेक अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा है और काफी देर से आवाज देने खटखटाने से भी नहीं खोल रहा है।

फोन बंद कर दिया है। मृतक के बड़े पिता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने फोन कर के 112 पुलिस को फोन कर के सूचना दिया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजे को तोड़ा गया। कमरे के अंदर पंखे से अभिषेक श्रीवास्त ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिए था। आत्म हत्या करने से पहले उस ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। मोबाइल पर जो चैटिंग हुई थी उस का स्क्रीन शॉट लेकर उस को अपने कमरे की दिवाल पर चस्पा कर दिया था। जिस में उस ने लिखा था कि उस के पास के रहने वाले अजीत सिंह और उनकी पत्नी सोनल सिंह को ब्लैक मेल पैसे के लिए कर थे । जिस में कहा कि पहले तुम को मुकदमा में फसाया था। अबकी बार फिर मुकदमे में फंसा कर जेल भेजवाया देंगे। जिस को लेकर मृतक अभिषेक काफी मानसिक रूप से परेशान रहता था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सुसाइट नोट के आधार पर अजित सिंह और उनकी पत्नी सोनल सिंह के खिलाफ में आत्म हत्या करने के लिए उकने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बिना जांच कराये निरस्त कर दिए हजारों आवेदन

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

> सितंबर से नवंबर के बीच 9216 आवेदन कर दिए गए डिलीट उपयुक्त खाद्य की जांच में खुला मामला

विभागीय कार्य का बेहतर प्रदर्शन दिखाने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी ने राशन कार्ड के लिए लंबित आवेदन ही पोर्टल से डिलीट कर दिए। एक दो नहीं ऐसे नौ हजार आवेदनों के गायब होने का मामला सामने आया है। यही नहीं सात हजार से अधिक आवेदन पत्र तो बिना जांच के ही निरस्त कर दिए गए, जिससे कारण 50 हजार से अधिक वैसे लोग परेशान हैं, जिनकी राशन उपभोग की पात्रता है।

इसका राजफाश उपायुक्त खाद्य एवं रसद विजय प्रभा की जांच में हुआ है। उन्होंने मामले की रिपोर्ट मंडलायुक्त शशिभूषण लाल को भेजी है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) कुंवर दिनेश प्रताप सिंह के विभागीय पोर्टल पर पिछले तीन माह के आंकड़ों पर नजर डालें तो 16 सितंबर को आवेदनों की संख्या 409673 थी। सितंबर में इनके निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद दो माह में ऐसी तेजी आई कि बिना जांच कराए ही आवेदन उड़ाने के साथ ही निरस्त कर दिए गए। इस खेल के बाद नवंबर में आवेदकों की संख्या 400374 रह गई, जो सितंबर की अपेक्षा 9216 कम थी। इसके बाद इसी माह 7340 आवेदन को निरस्तभी कर दिया, जिससे लंबित संख्या और कम हो गई। इस तरह 9216 को डिलीट और 7340 को निरस्त कर आवेदनों का निस्तारण दिखा दिया गया। खास बात यह है कि इसमें राशन कार्ड बने या निरस्त हुए यह नहीं बताया गया। इस बारे में डीएसओ भी उच्चाधिकारियों कोई भी जानकारी नहीं दे पाए। पता चला कि यह कार्रवाई पोर्टल पर लंबित आवेदनों की संख्या घटाकर खुद को बेहतर प्रस्तुत करने के लिए की गई थी। इससे आवेदन कर चुके गरीबों को आर्थिक नुकसान के साथ परेशानी का सामना करना पड़ा है। डीएसओ का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर चार बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया और न ही मैसेज का जवाब दिया। उपायुक्त खाद्य एवं रसद विजय प्रभा ने बताया कि सितंबर से नवंबर के बीच 9216 आवेदन डिलीट कर दिए गए हैं। यही नहीं निरस्त होने वाले आवेदनों की संख्या सात हजार बढ़ गई है, जिसका कारण डीएसओ नहीं बता पा रहे हैं। जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद उन्होंने रिपोर्ट मंडलायुक्त को भेज दी है।



## शत प्रतिशत एसआईआर कार्य कराएं बीएलओ : अरुण सिंह

**मनकापुर/गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** ब्लाक क्षेत्र के धुसवा खास पहुंचे सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने जहां एक ओर विकास कार्यों का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए वहीं एस आई आर को लेकर सख्त दिखे। एएसटीओ अरुण सिंह ने ग्रामसभा में कराए गए कार्यों, नाली, खड़ंजा, विद्यालय में मिशन काया कल्प से तहत कराए गए कार्य और इंटरलॉकिंग कार्य देखा वहीं बीएलओ को घर घर जाकर प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने के भी निर्देश दिए। राशन कार्ड में नाम ना जोड़े जाने और खाद्यान्न की शिकायत मिलने पर अरुण सिंह ने आपूर्ति विभाग के अफसरों से जानकारी ली कोटेदारों से बात कर सहयोग करने को कहा और पात्रों का नाम जल्द जोड़े जाने के भी निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय धुसवा द्वितीय में शिक्षकों की समस्या सुनी तो वहीं स्थानीय बीएलओ को निर्देशित किया की शत प्रतिशत मैपिंग कराकर जल्द पुनरीक्षण कार्य कराया जाय। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान नंदलाल, प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारी, सचिव विनय गुप्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विकासखंड के सम्मानितजनों का आशीर्वाद ही मेरी पूंजी है : ब्लाक प्रमुख

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद गोण्डा के सबसे बड़े विकासखंड रूपईडीह की वार्षिक बैठक में स्मृतिशेष पंडित सिंह जी सभागार का उद्घाटन किया गया।

वार्षिक बैठक में ब्लॉक प्रमुख बबीता सिंह ने कहा कि विकासखंड के सम्मानित जनों का आशीर्वाद ही मेरी पूंजी है मेरा निरंतर प्रयास होता है कि जनपद के सबसे बड़े विकासखंड रूपईडीह का विकास किस प्रकार से नंबर एक के पायदान पर पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि प्रमुख जी के अथक प्रयासों से ही विकास खंड का विकास दोगुनी रफ़्तार से किया जा रहा है सत्र 2025 में ही लगभग दो सौ हाई मास्ट लाइट, 500 सोलर लाइट, कई किलोमीटर इंटर लॉकिंग, नाली का निर्माण सहित अनेकों काम किये गए है। बीडीओ अभय सिंह ने कहा कि मैं कई स्थानों पर कार्यरत रहा परन्तु पहली बार मुझे किसी विकास खंड में इस प्रकार तेजी से होता हुआ दिखाई दिया। प्रधान संघ के अध्यक्ष अमित अवस्थी ने सभी का सम्मान करने के लिए प्रमुख जी का आभार प्रकट किया। महिला बीडीसी गण ने प्रमुख का माल्यार्पण कर स्वागत किया।सर्वश्री प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह, भगवती मिश्र, पप्पू शुक्ल, अमर सिंह, देवेन्द्र सिंह, भूपेंद्र, विनोद सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में पति-पत्नी पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



खैरीघाट थाना क्षेत्र के रायगंज गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा पति-पत्नी पर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में सुरेश यादव पुत्र जोखन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनकी पत्नी पद्मावती को भी चोटें लगी हैं। पीड़ित सुरेश यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव निवासी देशराज, मेवाराम तथा उनके भांजे व साढ़ू सहित अन्य लोगों ने उन पर हमला किया। पीड़िता पद्मावती ने बताया कि विपक्षी उनकी जमीन पर जबरन दीवार खड़ी कर रहे थे। विरोध करने पर बांका, गड़ासा और लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि सुरेश यादव के सिर में गंभीर चोटें तथा पद्मावती के हाथ में अधिक चोट होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# व्यापक रोजगारोन्मुख कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा के प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर 2025 को छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक वृहद रोजगारोन्मुख कार्यक्रम एवं ओपन इंटरव्यू का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें प्रत्यक्ष चयन प्रक्रिया से जोड़ना था। विद्यार्थियों को बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को उन्नति फाउंडेशन द्वारा 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा, जिसमें संचार कौशल, ग्राहक प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता एवं व्यावहारिक कार्य अनुभव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त 100 प्रतिशत प्लेसमेंट गारंटी प्रदान किए जाने की जानकारी ने छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह उत्पन्न किया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 60 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की, जिनमें से 15 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में 18,000 से 35,000 प्रतिमाह तक का आकर्षक वेतनमान निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो अमन चंद्रा,आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. जितेन्द्र सिंह , जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद शर्मा एवं प्लेसमेंट सेल समन्वयक डॉ. मनोज कुमार मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. अवनीश मिश्र, डॉ. योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव सहित अनेक प्राध्यापकगण एवं श्री रोहित सिंह उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उच्च शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

# सीडीओ की चौपाल से पहले गांव चमकाने में जुटे कर्मचारी



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की संभावित चौपाल को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। चौपाल प्रस्तावित गांव नकही में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। कर्मचारियों द्वारा गांव को चमकाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले गांवों में भी साफ-सफाई और रंग-रोगन कराया जा रहा है। नकही गांव में वर्षों से गर्त में पड़ी कई परियोजनाओं को अचानक सक्रिय कर दिया गया है। पंचायत भवन की मरम्मत, मिट्टी पटाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई व टाइलिंग का कार्य कराया जा रहा है। वहीं पृथक कूड़ा घर पर टीन शेड लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। गांव की साफ-सफाई के लिए पूरे ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है।

## शीतलहर में लापरवाही पड़ सकती है भारी, सीएचसी अधीक्षक ने बताए जरूरी बचाव उपाय

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** दिसंबर का महीना चल रहा है और बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। सुबह और शाम घना कोहरा तथा गलन लोगों के दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार व्यक्तियों को झेलनी पड़ रही है। ठंड के इस बढ़ते असर को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. सीपी सिंह ने आमजन को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। डॉ. सीपी सिंह ने बताया कि शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान तेजी से गिर सकता है।

# एसडीएम नानपारा ने पकड़ा अवैध बालू से भरा ट्रक



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

> एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कप

तहसील कार्यालय नानपारा में जनसुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के मोबाइल पर सुबह लगभग पूर्वान्ह 10:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि नानपारा में गल्ला मंडी के पास शिवपुर रोड पर एक अवैध रूप से रेत/बालू से भरा ट्रक खड़ा है। शिकायत की गम्भीरता को देखते हुए एसडीएम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के साथ मौके पर पहुंच कर देखा कि बालू से लदा हुआ एक ट्रक यू.पी. 40-टी-4813 रेत उतार रहा था।

एसडीएम व सीओ द्वारा ट्रक चालक से बालू से संबंधित आवश्यक कागजात मांगने पर चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाए गए। एसडीएम ने उक्त ट्रक को थानाध्यक्ष नानपारा को सुपुर्द करते हुए जिला खनन अधिकारी बहराइच को दूरभाष पर निर्देशित किया कि तत्काल तहसील नानपारा आकर ट्रक में भरी बालू की जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कप मच गया। एसडीएम ने बताया कि किसी भी दशा में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भविष्य में भी राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें निरन्तर भ्रमणशील रहकर अवैध खनन तथा परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करती रहेंगी।

## बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बाल श्रम उन्मूलन एवं जनपद बहराइच को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम से मुक्त कराये जाने के उद्देश्य से सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा जागरूकता प्रचार प्रसार वाहन को गेंद घर स्थित श्रम कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री मोदियानी ने सभी व्यापारी बंधुओं एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से कोई भी कार्य न लें तथा 14 से 18 वर्ष के किशोर से कोई भी खतरनाक प्रकृति का कार्य न कराए। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर 06 माह से 02 साल की जेल तथा जुर्माना हो सकता है।

# किसान केन्द्र राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता : शाही

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुरजापुर माफी स्थित उत्तर प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील कृषक जय सिंह के खेत पर कृषि मंत्री/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ''खेत की बात खेत पर'' ,किसान पाठशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष कृषक मौजूद रहे। किसान पाठशाला का शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि किसान केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। हमारी सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पंप, नेचुरल फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण के साथ साथ अन्य योजनाएं संचालित कर डीबीटी के माध्यम से कृषकों अनुदान का लाभ दे रही है। इसके अतिरिक्त कृषक उत्पादक संगठनों को भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान काटकर सीधे किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। रबी 2025-26 में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के 11850 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण कराकर जनपद में दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री शाही ने कहा कि जिले में आत्मा योजना के अंतर्गत प्रति ब्लाक 40-40 कुल 560 तथा 28 फार्म स्कूल चयनित कर किसानों के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन आयोजित कराए जा रहे हैं। जनपद में नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत 120 क्लस्टर गठित कराए गए हैं, जिसमें जिले के 15000 किसानों को जोड़ा गया है, इस सन्दर्भ में गोष्ठी में उपस्थित महिला कृषक माया देवी ने बताया कि हम कृषि सखी के रूप में क्लस्टर ग्राम पंचायत कटराबहादुरगंज में कार्य कर रहे हैं। क्लस्टर में 125 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है। इस उपलब्धि पर कृषि मंत्री द्वारा महिला कृषक की सराहना की गई। गोष्ठी के दौरान ग्राम सोहरवा के प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमने एफपीओ गठित किया है।

# महंत राजू दास ने सीएम नीतीश का किया समर्थन



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

हिन्दू सेवा सुरक्षा संघ की बैठक में शामिल होने आए महंत राजू दास ने हिजाब विवाद पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश ने कोई गलत काम नहीं किया है।महंत राजू दास ने तर्क दिया कि जब नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र लेना था, तो हिजाब नहीं पहनना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि हिजाब पहनने वालों के घरों से भारी हथियार मिलते हैं और लाल किले पर बम ब्लास्ट करने वाले मुस्लिम डॉक्टर निकले थे, जिनका सहयोग करने वाले भी डॉक्टर थे। ऐसे में सीएम ने पहचान के लिए हिजाब हटाकर कोई गलती नहीं की है। उन्होंने देश के शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने की बात कही। इसके साथ ही, उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। महंत राजू दास ने आगे कहा कि देश में मंदिरों को तोड़ने वाले और लाखों निर्दोषों की हत्या करने वाले बाबर के नाम पर कोई मस्जिद स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि मुस्लिम समुदाय अपने धर्म के किसी महापुरुष के नाम पर मस्जिद का निर्माण कर सकता है, जिसमें वे सहयोग करेंगे। हालांकि, किसी भी आक्रांता के नाम पर कोई निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बहराइच नगर में स्थित सैय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह को भी एक आक्रांता की मजार बताया और उसे हटाने की बात कही।



## दिनकर व ओमकार आरएसएम के उपाध्यक्ष मनोनीत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ आनंद मोहन मिश्र महामंत्री उमेश त्रिपाठी की अनुमति से ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकास खंड फखरपुर की कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। दिनकर मिश्र और ओमकार गौड़ की संगठन के प्रति निष्ठा और शिक्षक हित के लिए समर्पण को देखते हुए सर्वसम्मति से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर टीम के साथियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी,संरक्षक बालकृष्ण मिश्र,बरिष्ठ उपाध्यक्ष शाश्वत कलहँस महामंत्री उमेश कुमार संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता संयुक्त महामंत्री अनुभव मिश्र,उपाध्यक्ष शशांक सिंह,विजय पांडेय, मंत्री माधव सिंह,राकेश कुमार वर्मा, योगेश कुमार,मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भेड़िए ने मासूम पर किया हमला,परिजनों ने बचायी जान

> परिजनों के दौड़ाने पर बची जान, पिता ने कहा, लंगड़ा था भेड़िया

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



कैसरगंज इलाके में बुधवार शाम एक भेड़िए ने घर के आंगन में खेल रही दो वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों के दौड़ाने पर भेड़िया बच्ची को छोड़कर भाग गया, जिससे उसकी जान बच गई। वहीं वन विभाग का कहना है जंगली जानवर ने हमला किया है। इलाके में कांबिंग कराई जा रही है। ग्रामीण सतर्क रहें। गोडहिया नंबर 2 के मजरा गुल्लईन पुरवा में पवन कुमार की बेटी आंचल घर में खेल रही थी, तभी एक भेड़िया उस पर हमलावर हो गया। बच्ची की चीख सुनकर पास में मौजूद उसकी चाची ने शोर मचाया। शोर सुनकर बच्ची के पिता पवन कुमार और अन्य ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और भेड़िए का पीछा किया। भेड़िया बच्ची को 100 मीटर दूर छोड़कर भाग गया। बच्ची की गर्दन पर घाव है।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय रेंजर ओंकार यादव और चौकी इंचार्ज संजीत सिंह मौके पर पहुंचे।

घायल बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। बच्ची के पिता पवन कुमार ने बताया कि पीछा करने पर उन्हें तीन भेड़िए दिखे थे, जिनमें से दो छोटे थे और एक बड़ा भेड़िया लंगड़ा था। वहीं डीएफओ राम सिंह यादव ने बताया कि जंगली जानवर के हमले की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को घर के अंदर रखें और दरवाजे बंद रखें।

# विधानसभा अध्यक्ष ने की सभी नेताओं से सदन चलाने में सहयोग की अपील

▸ सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन के लिए सभी दलों के सहयोग का आश्वासन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को यहां विधान भवन में आहूत सर्वदलीय बैठक में विधान सभा के शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। विधानसभा के विगत सत्र में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा परिचर्चा हुई। सभी दलों के सहयोग से जनोपयोगी मुद्दों पर तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण चर्चा के माध्यम से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है।

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता है। इस तिथि को गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के दो साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह वजीर खान के हाथों दीवारों में चुनवा दिये गए थे। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों ने अपनी शहादत देकर देश और धर्म की रक्षा की पक्की नींव खड़ी की थी। यह देश व धर्म को स्मरण करने का दिवस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करने के लिए एसआईआर के रूप में विराट अभियान प्रारम्भ किया है। सभी जनप्रतिनिधि इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर वास्तविक मतदाताओं के नाम सम्मिलित करना लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला कदम है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। पक्ष और विपक्ष के सहयोग से ही सदन को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। प्रदेश सरकार संवेदनशील है। सदन के सदस्यों द्वारा कही गई बातों पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, अपना दल (सोनेलाल) के राम निवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल सिंह बालियान, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर, निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के रमेश सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना', जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज तथा बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर सिंह ने सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन के लिए अपने-अपने दलों की ओर से पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद भी उपस्थित थे।

### सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम

इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वर्तमान सत्र में हमें महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ ही, विधेयकों पर सार्थक चर्चा करने का अवसर प्राप्त होगा। विधेयकों पर चर्चा करते समय उनके वास्तविक स्वरूप को सदन में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई समृद्ध चर्चाएं देश भर की विधानसभाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न का सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के गत सत्र में विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेन्ट/2047 पर लगातार 27 घंटे सार्थक चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला एक मात्र राज्य है। विकसित उत्तर प्रदेश के विषय में पूरे प्रदेश से अब तक 98 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर यूपी विजन डॉक्यूमेन्ट बनाया जाएगा। इस चर्चा को पुस्तक का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

# कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित कर रही सरकार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

योगी सरकार कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती और अधिक पैदावार के लिए प्रेरित कर रही है। झांसी के भरारी में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र गोद लिए गए दस गांव के चयनित किसानों को उन्नत खेती के लिए न सिर्फ प्रेरित कर रहा है बल्कि उन्हें निशुल्क बीज और उर्वरक भी प्रदान कर रहा है। इन किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में आमंत्रित कर कृषि वैज्ञानिक उन्नत और अधिक पैदावार के तौर तरीकों से भी परिचित करा रहे हैं।

झांसी के कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से गोद लिए गए गांव के किसानों को गेहूं की नई प्रजाति करन वंदना का बीज प्रदान किया गया है, जिसकी पैदावार परंपरागत गेहूं की तुलना में काफी अधिक होती है। सरसों की राधिका नस्ल के बीज प्रदान किए गए हैं, जिसमें शाखाएं अधिक होती हैं। इससे पैदावार अधिक होती हैं। फूलगोभी के भी उन्नत किस्म के तैयार पौधे प्रदान किए हैं, जिन्हें कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार किया गया है। इन किसानों को बोरान उर्वरक भी प्रदान किया गया है, जो खेतों की उर्वर क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।

कृषि विज्ञान केंद्र झांसी के वैज्ञानिक डॉ आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में आमंत्रित कर उन्हें बीज, पौधे और उर्वरक प्रदान किए गए हैं। इन किसानों को पैदावार बढ़ाने के तौर-तरीके प्रदान करने के साथ ही निरंतर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। आधुनिक तरीकों को अपनाकर किसान खेती में पैदावार बढ़ा सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### उप्र में कमजोर वर्ग को आवंटित किये रिकॉर्ड पौने चार लाख पक्के मकान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आदिवासियों, दैवीय आपदा पीड़ितों, दिव्यांगजनों और समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े वंचित वर्गों को रिकॉर्ड 3.72 लाख पक्के मकान आवंटित किए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शुरुआत फरवरी 2018 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन और अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक पक्का घर उपलब्ध कराना है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने आवास आवंटन में स्पष्ट रूप से जरूरत और संवेदनशीलता को आधार बनाया है। दैवीय आपदा पीड़ितों को सर्वाधिक 93,300 पक्के मकान जबकि दिव्यांगजनों को 91,062 आवास आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा मुसहर समुदाय को 50,000 से अधिक आवास, निराश्रित विधवा महिलाओं को 41,000 से अधिक मकान आवंटित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वनटांगिया, मुसहर, थारू, कोल, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बंजारा जैसे अति पिछड़े और वंचित समुदायों को पहली बार बड़े पैमाने पर पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है। ये वही वर्ग हैं, जो पहले केवल आंकड़ों में थे, लेकिन योजनाओं में नहीं।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट महिलाओं से की अभद्रता

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। महिलाओं से छेड़छाड़ करने के साथ ही जानलेवा हमला किया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित ने इस मामले में थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गोमती नगर विस्तार निवासी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनके मोहल्ले में विजय द्विवेदी, अंकुर द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी और विक्की द्विवेदी घर बनवा रहें है। गुरुवार सुबह निर्माण सामग्री से लदा एक ट्रक संकरी सड़क से गुजर रहा था। इस दौरान सत्येंद्र की वृद्ध मां ने ट्रक चालक से सड़क संकरी होने के कारण सावधानी से ट्रक निकालने को कहा, जिस पर चालक से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद मकान बनवाने वाले चारों लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने पीड़ित के घर में घुसकर सत्येंद्र, उनकी मां, बहन और भाई के साथ मारपीट की। इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ भी की गई। बीच-बचाव करने आए एक युवक पर ईंट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### काकोरी में भगवान पार्श्वनाथ की भव्य रथयात्रा पंचकल्याणक महोत्सव की घोषणा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** काकोरी स्थित भगवान पारसनाथ धाम में भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर वार्षिक रथयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में संपूर्ण अवध क्षेत्र से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भाग लिया। जून 2026 में होगा ऐतिहासिक पंचकल्याणक मुख्य संयोजक ब्रिजेश जैन बंटी ने इस अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि आगामी 24 से 29 जून 2026 तक चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में 21 फीट ऊँची आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा। नवगठित समिति ने भगवान के चरणों में श्रीफल अर्पित कर महोत्सव की सफलता का आशीर्वाद लिया पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष, संजीव जैन, कार्याध्यक्ष, जागेश जैन, महामंत्री, संदीप जैन, कोषाध्यक्ष, रितेश जैन, मुख्य संयोजक, ब्रिजेश जैन बंटी उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, राकेश जैन सह-मंत्री, विशाल जैन (वास्तुकार) सह-कोषाध्यक्ष, विशाल जैन संयोजक, भारतेंदु जैन (मंदिर), जय कुमार जैन (अवध क्षेत्र) महोत्सव की तैयारियां पूरे अवध क्षेत्र में उत्साह के साथ शुरू कर दी गई हैं।

### भक्ति के रंग में रंगेगा सदर, कैंट में 22 दिसंबर से श्रीमद्भागवत कथा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ की फिज़ाओं में अब भक्ति और आध्यात्म की सुगंध घुलने वाली है। सदर कैंट स्थित पौराणिक श्री शिव श्याम मंदिर (हाता राम दास) के प्रांगण में आगामी 22 दिसंबर से 29 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विराट आयोजन होने जा रहा है। श्री शिव श्याम मंदिर समिति के मुख्य संयोजक राजेन्द्र पांडेय गुरुजी ने बताया कि कथा पूर्व 21 दिसंबर (रविवार) को प्रातः 10.30 बजे एक विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर मंदिर परिसर से निकलेंगी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय जयकारों से गुंजायमान हो उठेगा। उन्होंने बताया कि 22 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक शाम 4 बजे से कथा व्यास आचार्य विष्णु शरण भारद्वाज जी महाराज अपनी ओजस्वी और मधुर वाणी से भक्तों को श्रीमद्भागवत के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराएंगे।

# अवैध डेयरियों पर सख्त कार्रवाई, चला बुलडोजर

**समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में शहर में अवैध डेरी संचालन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए इंदिरा नगर सेक्टर-25 क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की। थाना गाजीपुर अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में लगभग 500 मीटर की परिधि में संचालित अवैध डेरियों को ध्वस्त कर पूरे क्षेत्र को खाली कराया गया। यह कार्रवाई सेक्टर-25 के स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों तथा अन्य माध्यमों से नगर निगम को प्राप्त सूचनाओं के आधार पर की गई। नागरिकों ने अवैध डेरियों के कारण क्षेत्र में गंदगी, दुर्गंध, यातायात बाधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिस पर



संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन ने त्वरित कदम उठाया। अवैध डेरियों के विरुद्ध यह अभियान जोनल अधिकारी, जोन-7 रामेश्वर प्रसाद एवं पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल, पशु कल्याण विभाग की टीम तथा थाना गाजीपुर से प्राप्त पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे अभियान शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सका।मौके पर कार्रवाई करते हुए लगभग 40 अवैध डेरियों को ध्वस्त किया गया तथा पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगर निगम की टीम ने डेरी संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में पुनः अवैध रूप से डेरी संचालन करने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में भारी मात्रा में गोबर, कूड़ा एवं अन्य अपशिष्ट भी हटवाया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिली।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी जोनों में अवैध डेरियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखा जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध डेरी संचालन की जानकारी मिले, तो नगर निगम को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# योगी सरकार के नाम दर्ज होगा 10 साल में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का रिकॉर्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को अगले वर्ष बड़ा तोहफा देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विभागवार सरकारी नौकरी के खाली पदों की डिटेल मांगी थी, ताकि खाली पदों पर नियुक्ति की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के बाद व2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है। ये नौकरियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत प्रदेश विभिन्न विभागों में दी जाएगी। इसमें सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। 2026 में योगी सरकार के नाम सबसे अधिक




सरकारी नौकरी देने का रिकार्ड भी दर्ज हो जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली सरकार होगी, जिसने दस वर्षों में दस लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात दी। योगी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी है। सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न विभागों के खाली पदों की जानकारी मांगी। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अगले साल तक योगी सरकार पहली सरकार बन जाएगी जिसने दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां दीं।

# केजीएमयू बनेगा टेलीमेडिसिन का सेंटर आफ एक्सीलेंस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**यूपी सरकार ने दी मंजूरी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में टेलीमेडिसिन सेवाओं के लिये उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलेंस) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। यह केंद्र राज्यभर में ई-संजीवनी प्लेटफॉर्म 2.0 के माध्यम से दी जा रही टेली-परामर्श सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस प्रस्ताव को केजीएमयू की टेलीमेडिसिन यूनिट की नोडल इंचार्ज डॉ. शीतल वर्मा द्वारा कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के मार्गदर्शन में तैयार कर शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) से अनुदान सहायता भी प्राप्त हुई है, जिससे इसके प्रभावी संचालन में सहयोग मिलेगा।

स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत केजीएमयू में टेलीमेडिसिन सेवाओं के लिए एक विशेष उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही टेली-परामर्श की गुणवत्ता की निगरानी के लिए मेंटर्स और ग्रुप प्रैक्टिस मैनेजर्स की तैनाती की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सामग्री और मानक संचालन प्रक्रियाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही नैदानिक गुणवत्ता और दस्तावेजीकरण की जांच के लिए गुणवत्ता ऑडिट और मूल्यांकन की व्यवस्था की जाएगी।

इसके अलावा विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार, नई टेलीमेडिसिन तकनीकों और नवाचारों की पहचान तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और सी-डैक (सी-डीएसी) जैसी संस्थाओं के साथ समन्वय भी इस परियोजना का हिस्सा होगा। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक के बेहतर उपयोग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि टेली-परामर्श की गुणवत्ता में सुधार से मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा, संसाधनों का सही उपयोग होगा और शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य असमानता को कम करने में मदद मिलेगी। डॉ. शीतल वर्मा ने कहा कि इस प्रस्ताव की स्वीकृति उत्तर प्रदेश में टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि रणनीतिक सहयोग और समन्वित प्रयासों से राज्य के हर नागरिक तक समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# फॉग नहीं बल्कि स्मॉग की वजह से रद्द हुआ मैच : अखिलेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिये बनाये गये पार्कों को बरबाद कर दिया है।

श्री यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुँच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच



नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फ़ॉग नहीं, स्मॉग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहाँ भी इंवेटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुँह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर घने कोहरे के कारण देर रात रद्द कर दिया गया था। भारत पांच मैचों की श्रृखंला में 2-1 से आगे है। सीरीज का पांचवा और अंतिम मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में खेला जायेगा।

### वंदे मातरम पर चर्चा कर जनता के मुद्दों से भाग रही है सरकार : अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि यूपी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आज़ादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नही हो रही है।

# सपा महिला नेताओं का नीतीश-संजय के खिलाफ प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

▸ प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं पर महिलाओं के अपमान व महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का लगाया आरोप
▸ पुलिस से हुई नोकझोंक

राजधानी लखनऊ में हजरतगंज चौराहे पर सपा महिला नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा सरकार में मंत्री संजय निषाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनका इस्तीफा मांगा। प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं पर महिलाओं के अपमान और महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल सपा नेता समयून खान और ममता चौधरी के साथ प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और नेताओं के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। समयून खान ने कहा कि मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया बयान महिलाओं का सीधा अपमान है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एक महिला का नहीं बल्कि पूरे समाज का अपमान है। ऐसे लोग अगर मंत्री पद पर होंगे तो महिलाओं को न्याय और सम्मान कैसे मिलेगा। संजय निषाद का बयान सभ्य समाज पर धब्बा है। जिस कृत्य कि निंदा करना चाहिए था उसको समर्थन देकर महिला अपराध और महिलाओं के प्रति सामजिक नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर महिला सम्मान के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकत से समाज में महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता उजागर होती है। महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक संजय निषाद और नीतीश कुमार इस्तिका देकर माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध जारी रहेगा।

### शहीदपथ पर धू-धूकर जली कार, बाल-बाल बचे सवार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी में शहीदपथ पर एक कार धू-धूकर जलने लगी। उसमें दो लोग सवार थे। जैसे ही बोनट से धुआं निकलने लगा वे दोनों तुरंत उतरकर भागे। दमकल को इसकी सूचना दी लेकिन जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंची तब तक कार का केवल फ्रेम बचा था। 20 मिनट में पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग बुझाई। घटना गुरुवार दोपहर हुई। तेलीबाग के खुर्रम आसिफ अपने ड्राइवर कलीम के साथ साउथ सिटी जा रहे थे। वह जैसे ही शहीदपथ के नीचे सर्विस लेन पर सेक्टर-जे के पास पहुंचे कार के बोनट से धुआं निकलता दिखा। कार रोककर दोनों लोग जल्दी से उतरे और विस्फोट होने के डर से दूर भाग गए। कार मालिक खुर्रम का प्रॉपर्टी डीलिंग का काम है और तेलीबाग में एक पेट्रोल पंप है।

**तैयारी** — 20 हजार वेफर्स क्षमता वाली ओसैट यूनिट से उत्तर प्रदेश बनेगा सेमीकंडक्टर हब

# हर माह सिलिकॉन वेफर्स की प्रोसेसिंग से बड़े पैमाने पर चिप उत्पादन संभव

▸ डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स से मोबाइल, ऑटो व इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिलेगा सपोर्ट
▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद परियोजना पर तेजी से शुरू होगा काम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को उत्तर प्रदेश में नई गति और दिशा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जिस आत्मनिर्भर और तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का विजन लेकर आगे बढ़ रही है, उसकी मजबूत झलक एचसीएल और फॉक्सकॉन की संयुक्त ओसैट यूनिट के रूप में धरातल पर आने वाली है।

सबसे प्रमुख विशेषता इसकी 20,000 वेफर्स प्रति माह की उत्पादन क्षमता है। यही क्षमता इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर रणनीतिक महत्व प्रदान करती है और भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में इसे एक बड़ा कदम बनाती है। अधिकारियों का कहना है कि जनवरी के मध्य में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी संभावित है, उसके बाद परियोजना पर तेजी से काम होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार यह कहते रहे हैं कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है। बेहतर कानून-व्यवस्था मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल नीतियों का परिणाम है कि एचसीएल और फॉक्सकॉन जैसी वैश्विक कंपनियां राज्य में निवेश के लिए आगे आई हैं। इस साझेदारी से न केवल तकनीकी विशेषज्ञता आएगी बल्कि सेमीकंडक्टर स्किल डेवलपमेंट को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना केवल एक औद्योगिक निवेश नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश को भविष्य की वैश्विक तकनीक से जोड़ने वाला रणनीतिक कदम है। एचसीएल ग्रुप की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा का कहना है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यह इकाई स्थापित की जाएगी। करीब 3706 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाली यह यूनिट उत्तर प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग सुविधा होगी। इसमें हर माह 20,000 सिलिकॉन वेफर्स की प्रोसेसिंग की जाएगी जिनसे बड़े पैमाने पर सेमीकंडक्टर चिप्स तैयार होंगी। सेमीकंडक्टर उद्योग में वेफर को चिप निर्माण की आधारशिला माना जाता है। एक वेफर से चिप के आकार और तकनीक के अनुसार सैकड़ों से लेकर हजारों माइक्रोचिप्स तैयार की जाती है। ऐसे में 20,000 वेफर्स की मासिक क्षमता का अर्थ है कि यह यूनिट हर महीने लाखों से लेकर करोड़ों चिप्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अंजाम दे सकेगी। यह उत्पादन क्षमता भारत में डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने में निर्णायक साबित होगी।

### डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण

इस संयंत्र में मुख्य रूप से डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण किया जाएगा जिनका उपयोग मोबाइल फोन, लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में होता है। वर्तमान में भारत इन चिप्स के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। 20 हजार वेफर्स की नियमित प्रोसेसिंग से घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूती मिलेगी और आयात निर्भरता में भारी कमी आने की पूरी संभावना है। एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन की यह साझेदारी तकनीकी क्षमता और वैश्विक अनुभव का संगम मानी जा रही है। इससे सेमीकंडक्टर स्किल डेवलपमेंट पर भी फोकस किया जायेगा, जिससे 20 हजार वेफर्स की इस उच्च क्षमता को संचालित करने के लिए कुशल मानव संसाधन को तैयार किया जा सके। सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार 20 हजार वेफर्स प्रति माह की यह क्षमता उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में मजबूत स्थान दिलाने के साथ भारत को वैश्विक चिप मैन्युफैक्चरिंग मानचित्र पर एक कदम आगे ले जाएगी।

# यूपी में दीक्षा पोर्टल पर शिक्षकों को मिल रही सेल्फ-एस्टीम की अनिवार्य ट्रेनिंग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित, संवेदनशील और सहयोगी बनाने की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग ने एक अहम कदम उठाया है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के निर्देशन में शिक्षकों को सेल्फ-एस्टीम (आत्मसम्मान) से जुड़ी विशेष ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ट्रेनिंग दीक्षा (दीक्षा) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराई जा रही है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाना नहीं है, बल्कि बच्चों, खासतौर पर बालिकाओं में आत्मविश्वास, स्वाभिमान, भावनात्मक सुरक्षा और बराबरी की भावना विकसित करना भी है। यह ट्रेनिंग मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी, ताकि सभी शिक्षक समय पर इसे पूरा कर सकें। कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत चलाया




जा रहा है और इसमें उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट स्कूलों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार अब तक पहले चरण में 54,347 शिक्षक-शिक्षिकाएं यह प्रशिक्षण पूरा कर चुकी हैं, जबकि बाकी शिक्षकों के लिए दूसरा चरण अभी चल रहा है। वहीं ट्रेनिंग को शिक्षकों की जिम्मेदारी के अनुसार दो हिस्सों में बांटा गया है। कक्षा 6 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए एक अलग कोर्स है, जबकि कम्पोजिट स्कूलों और केजीबीवी में काम करने वाले शिक्षकों के लिए दूसरा कोर्स तैयार किया गया है, ताकि प्रशिक्षण ज्यादा उपयोगी और व्यवहारिक हो सके।

ट्रेनिंग में शिक्षकों को बताया जा रहा है कि कक्षा और स्कूल के माहौल में बच्चों से कैसे बात करें, कैसा व्यवहार रखें और कैसे पढ़ाएं, जिससे हर बच्चा खुद को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मविश्वास से भरा महसूस करे। साथ ही लड़के-लड़कियों के प्रति समान सोच, सकारात्मक व्यवहार और संवेदनशीलता पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि सरकार चाहती है कि स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह न होकर ऐसे स्थान बनें, जहां बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और बराबरी का माहौल मिले। सेल्फ-एस्टीम आधारित ट्रेनिंग से स्कूलों में सकारात्मक और संवेदनशील वातावरण बनेगा, जिसका सीधा फायदा बच्चों को मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### एसआई सूरजपाल बने जनसंपर्क अधिकारी



**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उप निरीक्षक सूरजपाल पचौरी को जैतीपुर थाने का जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। पीआरओ सूरजपाल पचौरी थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में आम जनता की शिकायतें सुनेंगे। वे प्राथमिक स्तर पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे और फरियादियों को विधिसम्मत प्रक्रिया, आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे। इस पहल का उद्देश्य थाना स्तर पर जनसुनवाई को अधिक सुव्यवस्थित, संवेदनशील और पारदर्शी बनाना है। इससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और समन्वय को और अधिक मजबूती मिलेगी। सूरजपाल पचौरी को उनके मृदुभाषी स्वभाव, शालीन व्यवहार और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए जाना जाता है।

### हादसे से बचने के लिए वाहनों में लगाए गए रेफिलेक्टर

**पुवायां-शाहजहांपुर।** घने कोहरे से बचने के लिए यातायात सीओ संजय कुमार सिंह, सीओ पुवायां ने राजीव चौक पर वाहनों पर रेफिलेक्टर लगवाए और दुर्घटना पुआइन्ट देखें। साथ ही वाहन चालकों से कहा कि कोहरे में वाहनों की गति धीमी रखें ताकि आप सभी लोग दुर्घटनाओं से बचें। गुरुवार को पुवायां सीओ प्रवीण मलिक, यातायात सीओ संजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय ने राजीव चौक पर ट्रक, ट्राली, गाड़ी आदि वाहनों को रोककर उनमें रेफिलेक्टर लगाएं साथ ही वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कोहरे में वाहनों की गति धीमी रखे और सभी लोग अपने अपने वाहनों में रेफिलेक्टर लगाएं जिससे हादसे से बचा सकें। उसके बाद दुर्घटना पॉइंट को देखा जिसमे निगोही रोड़ पर सखी बाबा के पास देखा, उसके बाद बण्डा रोड़ स्थित ढेहरी कि खुटार रोड़ स्थित सुखवीर एग्रो व गंगसरा के पास दुर्घटना पुआइन्ट को देख कर दुर्घटना के बचाव के लिए योजना बनाई।

### नेहरू इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू इंटर कॉलेज, कोरोकुइयां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल लेन-देन में सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी किसी से साझा न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। इसके अलावा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं से कानून के प्रति जागरूक रहने और समाज में सुरक्षा का संदेश फैलाने का आह्वान किया गया।

### आनलाइन ठगी की शत-प्रतिशत धनराशि कराई वापस



**कलान-शाहजहांपुर।** साइबर हेल्प डेस्क द्वारा 1 शिकायत में शिकायतकर्ता के साथ हुई आनलाइन धोखाधडी की शत प्रतिशत कुल धनराशि बीस हजार वापस कराई गयी। सुबोध पुत्र रतनचन्द निवासी ग्राम विक्रमपुर थाना कलान द्वारा साइबर कम्पलेंट नंबर 33112250183888 16 दिसंबर को दर्ज करायी गयी जिसमे अनजान व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता सुबोध उपरोक्त से धोखाधडी कर फोन-पे के माध्यम से बीस हजार रूपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिये गये थे। इसी क्रम में उपरोक्त शिकायतकर्ता की प्राप्त शिकायत का साइबर हेल्पडेस्क थाना कलान की टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ता से संबंधित शिकायत की डिटेल्स प्राप्त कर गहनता से छानबीन करते हुए उनके साथ हुई आनलाइन धोखाधडी की शत प्रतिशत धनराशि वापस करायी गयी।

### छह ओवरलोड ट्रक व दो बसों के विरुद्ध चालान व बन्द की कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** जनपद में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध एडीएम वित्त अरविंद कुमार अधिकारी के साथ एआरटीओ प्रवर्तन सर्वेश कुमार सिंह व यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम द्वारा विभिन्न मार्गों पर संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 6 ओवरलोड ट्रकों तथा 2 बसों के विरुद्ध चालान व बन्द की कार्यवाही की गयी। एआरटीओ ने वाहन चालकों को निर्देशित किया कि वैध प्रपत्रों के साथ यातायात नियमों का पालन करते हुए ही वाहनों का संचालन करें।

### छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस का सख्त एक्शन, मनचलों पर शिकंजा कसने की तैयारी



**शाहजहांपुर।** अब मनचलों की खैर नहीं। छात्राओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। हाल ही में एक कार चालक द्वारा छात्रा का पीछा किए जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और स्कूल कॉलेजों के आसपास विशेष अभियान चला दिया। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज और आर्य महिला डिग्री कॉलेज के आसपास स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और मनचलों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने स्कूलों के आसपास सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही एंटी रोमियो टीम को और अधिक सक्रिय रहते हुए नियमित गश्त और संदिग्ध युवकों की चेकिंग करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने पूरे शहर में सभी स्कूलों और कॉलेजों के आसपास महिला पुलिसकर्मियों की सादी वर्दी में तैनाती के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि मनचलों पर पैनी नजर रखी जा सके और छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। पुलिस के इस सख्त अभियान से मनचलों में हड़कंप मचा है, वहीं छात्राओं और अभिभावकों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है।

### मूक बाधिर महिला से छेड़छाड़, गैर समुदाय के युवक पर लगाया आरोप

**खुटार-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के एक गांव की रहने वाली महिला ने तहरीर देकर बताया कि मेरे पुत्र की मृत्यु बीते एक माह पूर्व हो चुकी घर में आर्थिक संकट के चलते मेरी बहू जो की विधवा होने के साथ-साथ मूक बधिर है। जो मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है। गुरुवार दोपहर को समय करीब 2:00 बजे गांव के ही नजदीक मजदूरी करने के लिए गई थी। जहां पर मौजूद एक गैर समुदाय के व्यक्ति के द्वारा बुरी नीयत से मेरी बहू को पकड़ लिया वह अश्लील हरकतें करने लगा। जिससे मेरी बहू चिकनी चिल्लाने लगी चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर मैं पहुंच कर वमुश्किल अपनी बहू को उस व्यक्ति के चुंगल से बचाया साथ ही साथ यह भी आरोप लगाया कि वह पहले भी कई महिलाओं के साथ इस तरीके का कृत्य कर चुका है। खुटार पुलिस पीड़िता की तहरीर मिलने के उपरांत आरोपी को मौके से पकड़कर थाने ले आई।

### अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी



**शाहजहांपुर।** पंडित राम प्रसाद बिस्मिल सभागार पुराना जिला अस्पताल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सीएमओ डा. विवेक मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रदेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा मदरसों के प्रधानाचार्य तथा धार्मिक गुरूओ की मौजूदगी में अल्पसंख्यकों के अधिकार एंव उत्थान व सर्वांगीण विकास के संबंध में सरकारी योजनाओ के संबंध में अपने कर्तव्यो के बारे में सम्बोधन किया गया। जिला अल्पसंख्सक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओ से ज्यादा से ज्यादा लोग फायदा पहुंचाया जा रहा है। प्रोग्राम में मदरसा प्रधानाचार्य आदि लोगो ने भी इजहार-ए-ख्याल करते हुये अल्पसंख्यकों के हित व उत्थान एवं शैक्षिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यकों को संविधान में दिए गये अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में सुगम जानकारी देते हुये उनके कर्तव्यों के सम्बन्ध में विचार रखे। साथ-साथ अल्पसंख्यक समुदाय से विभिन्न वर्गों से आए व्यक्तियों सिख समुदाय से सरदार राजू बग्गा, ईसाई समुदाय से अनुप सिंह, एवं बौद्ध समुदाय से भन्ते चन्द्र रतन, आदि लोगों ने भी अल्पसंख्यकों के सुरक्षा शैक्षिक उत्थान एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए अपने वक्तव्य रखे कि अल्पसंख्यकों मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन के लिये सरकार द्वारा समान अधिकार और कल्याणकारी योजनाएं सुनिश्चित की जा रही है। सीएमओ विवेक मिश्रा ने जानकारी दी कि आयुषमान कार्ड बच्चों के टिकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। फाईलेरिया उन्मूलन के आरियेन्टेशन के लिए जनपद प्रभारी द्वारा जानकरी दी और बताया कि दवाई का डोज अल्पसंख्यक समुदाय में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक प्रयोग कर उक्त लाईलाज बीमारी से बचाव किया जाना नितान्त आवश्यक है। इसी प्रकार जनपद के आयुषमान कार्ड प्रभारी एव यूनीसेफ प्रभारी द्वारा भी अपने विचार रखते हुए जानकारी दी गयी।

# जिले में नए सर्किल रेट एक जनवरी से होंगे लागू: डीएम

▸ डीएम की अध्यक्षता में नए सर्किल रेट निर्धारित करने के संबंध में बैठक का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नए सर्किल दरों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण आपत्तिकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।

उत्तर प्रदेश स्टाम्प सम्पत्ति का मूल्यांकन द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 के सुसंगत नियमों के अन्तर्गत जनपद में सम्पत्ति मूल्यांकन सूची को 5 जनवर.2024 से लागू किया गया था। शासनादेश एवं उत्तर प्रदेश स्टाम्प सम्पत्ति का मूल्यांकन द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 के अन्तर्गत पुनरीक्षण करते हुए आगामी प्रभावी होने वाली वार्षिक मूल्यांकन सूची को अनन्तिम रुप से आम जनता की जानकारी को प्रकाशन कर दिया गया था। उक्त प्रस्तावित दरों की प्रतियां एडीएम वित्त, सभी एसडीएमों व तहसीलदारों, उपनिबंधकों के कार्यालय में उपलब्ध कराई गयी थी। प्रस्तावित दरों के सम्बन्ध में जन सामान्य से आपत्तियां प्राप्त किए जाने को स्थानीय दैनिक सामाचार पत्रों में विज्ञप्ति का प्रकाशन कराया गया। आपत्तियां दर्ज कराने की अन्तिम तिथि 21 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई थी। उत्तर प्रदेश स्टाम्प सम्पत्ति का मूल्यांकन नियमावली 1997 के नियम-4 उप नियम-1 के अधीन कलेक्टर द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के सम्बन्ध में डीएम की अध्यक्षता में विचार विमर्श किया गया। आपत्तियों का निस्तारण आपत्तिकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। आपत्तियों के निस्तारण के सापेक्ष तैयार करते हुए नई मूल्यांकन सूची लागू की जाएगी। एडीएम वित्त, सहायक महानिरीक्षक निबंधन व सभी उपनिबन्धकों, आपत्तिकर्ता एवं जनपद के संभ्रान्त लोग उपस्थित थे। नई सर्किल दर 1 जनवरी से प्रभावी होगी।

## जैतीपुर के युवक की सड़क हादसे में मौत



**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के माडर गांव निवासी 28 वर्षीय महावीर सिंह की लखीमपुर खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने नाना की दवा लेने जा रहे थे। यह हादसा बाइक और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से हुआ। महावीर सिंह की मोटरसाइकिल पर निगोही थाना क्षेत्र के घुसगवां गांव निवासी अनुज यादव भी सवार थे। सुखवसा माइनर के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर गए। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पसगवां थाने की पुलिस और 108 एम्बुलेंस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को तत्काल सीएचसी पसगवां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महावीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। अनुज यादव को बेहतर इलाज के लिए उनके परिजन एक निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महावीर सिंह अपनी छह बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी शादी पांच साल पहले खुशबू से हुई थी और उनका एक दो साल का बेटा है। इस घटना की जानकारी मिलने पर जैतीपुर के माडर गांव में उनके परिजनों को गहरा सदमा लगा है। उनके पिता विशेष पाल और माता सावित्री सहित पत्नी खुशबू और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में चूल्हा नहीं जला है। पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### दो भैंसे चोरी, दी तहरीर

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सालपुर निवासी बालजीत दिवाकर ने पशु चोरों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती रात्रि मैं अपने स्वजनों के साथ घर के कमरे में गहरी नींद सो रहा था। मेरे कमरे के पड़ोस में पड़ी टिन शेड में दो भैंस घर के अंदर बंधी हुई थी। कोहरे के फायदा उठा कर घर मे घुसे पशु चोरों ने टिन शेड के अंदर बंधी दोनों भैंसे खोलकर चोरी कर ली है। प्रातः पाँच बजे पशुओ को चारा डालने उठा था तो देखा टिन शेड में बंधी दोनों भैंसे गायब थी और मैन गेट का दरवाजा खुला हुआ था। गांव एवं आस पड़ोस में काफी खोजबीन करने के बाद भी चोरी हुई भैंसो का कही कोई सुराग नही लगा है। बालजीत ने चोरी हुई भैंसे की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि तहरीर के आधार पर जाँच पड़ताल की जा रही है। प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र ही भैंसो को बरामद किया जाएगा।

# रेडक्रास ने विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर छात्राओं का किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के अभियान के क्रम में इण्डियन रेडक्रास सोसयाटी ने नारी सशक्तिकरण मिशन के अर्न्तगत मोहल्ला अलीजई स्थित अल्पसंख्यक विद्यालय जेड एच खान मेमोरियल गर्ल्स इन्टर कालेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सोसायटी की ओर से विद्यालय की अल्पसंख्यक छात्राओं को महिला सशक्तिकरण व स्वच्छता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय में अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कार स्वरूप रेडक्रास का मेडल पहनाकर स्वच्छता किट प्रदान सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा 12 की आयशा अजीम तथा राखी गंगवार कक्षा 11 की नायला कक्षा 10 निकहत हिरा कक्षा 9 तस्मिया तथा अन्य छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रास के सचिव डा. विजय जौहरी ने रेडक्रास एवं विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अल्पसंख्यक समुदायों (धार्मिक, भाषाई, जातीय) के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है, ताकि राष्ट्र निर्माण और समाज की स्थिरता में उनके योगदान को सराहा जा सके और उनके साथ समानता व न्याय सुनिश्चित हो सके, जिसकी शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसके घोषणापत्र को अपनाने से हुई थी. यह दिवस अल्पसंख्यकों की अपनी भाषा, संस्कृति, धर्म और परंपराओं के संरक्षण के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर कार्यालय के प्रबन्धक मुजम्मिल हसन खां ने रेडक्रास के क्रियाकलापों की सराहना की तथा प्रधानाचार्य ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकयें एवं छात्रायें उपस्थित थी। अन्त में डा. विजय जौहरी ने कहा कि शीघ्र ही जनपद के सभी विद्यालयों में रेडक्रास के क्रियाकलापों में अग्रणी भूमिका अदा करेगा।

## हिंयुवा ने सौंपा ज्ञापन, कालेजों के आसपास छात्राओं से छेड़छाड़ पर कार्रवाई की मांग की



**शाहजहांपुर।** जनपद के महिला कॉलेजों एवं कन्या विद्यालयों के आसपास छात्राओं से छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाओं को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्व स्कूलदृकॉलेज समय में छात्राओं पर अशोभनीय टिप्पणियां व अभद्र हरकतें करते हैं, जिससे भय का माहौल बन रहा है और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा संबंधित क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त, महिला पुलिस बल की तैनाती, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई तथा उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति 5.0 योजना को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई। शीघ्र कार्रवाई कर छात्राओं एवं महिलाओं को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर एडवोकेट रवि गंगवार, एडवोकेट विवेक शुक्ला, एडवोकेट भानु प्रताप वर्मा, नीरज वर्मा, अजीत सिंह, सुमित राजपूत, हर्षित राजपूत एवं आदित्य गंगवार आदि मौजूद रहे।

### नहर कटने से किसानों की फसल हुई बर्बाद

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद ब्लॉक के नयागांव गुलड़िया में गुरुवार सुबह करीब 6:00 बजे नहर कट गई। इस घटना से दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल पानी में डूब गई, जिससे किसानों में असंतोष व्याप्त है। सरकारी पानी की नहर कटने से नयागांव गुलड़िया निवासी रामसागर, राम सेवक पंडित, हरिओम पंडित, मूल चंद, चक्रपाल यादव, रामदास, आदेश पाल, संतराम और सहित सहित कई अन्य किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार, यह नहर अक्सर कट जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार एसडीएम और तहसीलदार से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। नहर कटने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं कड़ी मशक्कत की। उन्होंने लकड़ी और बोरियां लगाकर नहर के कटाव को रोका, जिससे पानी को अन्य खेतों में जाने से बचाया जा सका।

## एडीएम वित्त ने अवैध मिट्‌टी खनन करने पर दो जेसीबी और डंपर पकड़े, सीज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ढका उधरनपुर में कोहरे और ठंड का फायदा उठाते हुए अवैध खनन करने वाले अवैध मिट्टी खनन कार्य कर रहे थे, तभी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार को सूचना प्राप्त हुई, तत्काल वह अपने साथ दिनेश आर्या जिला खनन अधिकारी, विशेष कुमार चौकी इंचार्ज और पीटीओ परिवहन के साथ मौके पर पहुंचकर दो डंपर और दो जेसीबी को पकड़कर चौकी नागरिया मोड़ पर लाकर सीज कर दिया गया। वहीं परिवहन की धाराओं और खनन की धाराओं के साथ कार्यवाही की। अरविन्द अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि रात्रि 12 बजे दो ट्रक सर्वेश सिंह एआरटीओ के साथ आरसी मिशन थाना में सीज किया गया, इसमें मौरंग लदी थी जो उत्तराखंड से बाया बरेली मोड़ तक पहुंची थी। वही शाहबाजनगर में जिला खनन के साथ एक ट्राली पकड़ा गया, अवैध मिट्टी खनन करने वाला कोहरे का फायदा उठाते ट्राली को छोड़कर भाग गया, जिसको चौकी नागरिया पुलिस को बुलाकर ट्रॉली को टोचन करके चौकी पर खड़ा किया गया, तथा सीज किया गया। एडीएम ने बताया अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा।

## कुर्क जमीन पर फसल बोने पर लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की गई एक कृषि भूमि पर गेहूं की फसल बोने पर लेखपाल विनय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह घटना लालपुर उर्फ बड़ागांव क्षेत्र की है। वही खेत में खड़ी गेहूं की फसल ट्रैक्टर द्वारा जुतवा दीं है। लेखपाल विनय कुमार, जो वर्तमान में तिलहर तहसील के लालपुर उर्फ बड़ागांव क्षेत्र में तैनात हैं, ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर 8 अक्टूबर 2025 को यह कार्रवाई की गई थी। सदर बाजार थाने में दर्ज मु.अ.सं. 373/24 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत गाटा संख्या 24 की 0.7722 हेक्टेयर कृषि भूमि कुर्क की गई थी। कुर्की के समय इस भूमि पर बाजरे की फसल खड़ी थी। हाल ही में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ने कुर्क की गई जमीन का निरीक्षण किया।इस दौरान पाया कि बाजरे की खड़ी फसल को काटकर जमीन पर गेहूं की बुवाई कर दी गई है। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि उपेंद्र सिंह नवादा ने श्रीपाल निवासी खिरिया लालपुर उर्फ बड़ा गांव के साथ मिलकर यह काम किया है। उन्होंने सरकारी घोषणा बोर्ड को हटाकर बाजरे की फसल काटी और जमीन जोतकर गेहूं बो दिया। लेखपाल की शिकायत पर बुधवार की शाम पुलिस मौके पर निरीक्षण करने पहुंची। वहीं पुलिस टीम ने राजस्व विभाग के लेखपाल विनय कुमार आदि की मौजूदगी में गैंगस्टर एक्ट में कुर्क की गई भूमि पर बोई गेहूं की फसल ट्रैक्टर द्वारा जुतवा कर नष्ट करा दीं। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### वृद्ध महिला ने लगाया मारपीट व जमीन कब्जा करने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव बरगदिया की रहने वाली एक वृद्ध महिला ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि वहां अपने पुत्र के साथ अपनी जगह में बैठकर अलाव जलाकर आग सेंक रही थी। तभी वहां पर मेरे गांव के दो लोग आ गए वह मेरे पुत्र को गंदी-गंदी गालियां देते हुए भागने लगे। उन लोगों के द्वारा यह भी कहा गया कि यह मेरी जगह है जब मैने विरोध किया तो दोनों व्यक्तियों के द्वारा मुझे वहीं गिराकर लात घूसों से व डंडे से मारने पीटने लगे जिससे मेरे माथे पर भी चोट आई साथ ही साथ उन व्यक्तियों के द्वारा मेरी जगह में लगी छप्परबंदी घास (फूस) को भी जला दिया गया वह मेरी जगह में खड़े पांच पेड़ को काट कर तारबंदी करते हुए मेरी जमीन पर कब्जा कर लिया।

## खंडहर चौकी इंचार्ज ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** सड़क का सुरक्षा को लेकर शाहजहांपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी के चलते ही खंडहर चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल सिंह द्वारा रामपुर गांव स्थित पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें उन्होंने कई वाहनों के चालान किया। इसके साथ ही कुछ लोगों को उन्होंने हिदायत देकर भी छोड़ दिया। जो लोग बिना हेलमेट के ग्रामीण क्षेत्र से बाइक लेकर जलालाबाद जा रहे थे उन लोगों से अपील की की सभी लोग बाइक पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। यही नहीं कृष्ण पाल सिंह का कहना है की बाइक के चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने से,हमारे जीवन की रक्षा होती है। इसलिए हम सभी को हेलमेट लगाना जरूरी है। वही चौकी इंचार्ज द्वारा एकदम से की गई वाहन चेकिंग अभियान से लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। वही कुछ लोग अपनी बाइक इधर लेकर भागने लगे। तो कुछ लोग पुल की दूसरी साइड से पहले ही वापस हो गए। वही चेकिंग अभियान के दौरान चौकी इंचार्ज कृष्णपाल सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोतवाल राकेश तोमर ने 21 साल में 46 प्रभारी निरीक्षकों में तैनाती का रिकॉर्ड बनाया

▸ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनता में बनाई है बेहतर छवि

**मनोज प्रबल**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली में 21 वर्षो तैनात रहे 46 प्रभारी निरीक्षकों में तैनाती के बाद 47 वे यानि वर्तमान कोतवाल राकेश कुमार तोमर ने सर्वाधिक तैनाती का रिकॉर्ड बनाया है। इसमें उनकी बेहतर कार्यशैली से जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जनता के स्नेह का समन्वय समाहित है। कोतवाली में नाम पट्टिका पर 2004 में क्रम संख्या एक पर तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह का कार्यकाल 5 मई से दो जुलाई 2004 दर्ज है। इसी क्रम में वर्तमान कोतवाल राकेश कुमार तोमर 47 वें कोतवाल हैं। जिनकी तैनाती एक अक्टूबर 2024 को हुई थी। जो अब तक उनसे पूर्व में रहे प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती में सबसे अधिक 27 अप्रैल 2013 से 18 जून 2014 तक यानी तरह माह 22 दिन रहे प्रभृति निरीक्षक परवेज मियां थे। जिन्हें तैनाती के मामले में पीछे कर कोतवाल राकेश कुमार तोमर पहले स्थान पर आ गए हैं और उनकी तैनाती 14 माह पार कर चुकी है। इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी व जनता का स्नेह समाहित माना जाना स्वाभाविक है। वहीं तिलहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राज सिंह का सबसे कम छह अप्रैल 2017 से 13 अप्रैल तक यानी मात्र एक सप्ताह कार्यकाल रहा। जबकि प्रभारी निरीक्षक आर सी वर्मा 27 जनवरी 2008 से ,13 फरवरी तक यानी मात्र एक पखवाड़े तक ही तैनात रहे। दो से ढाई माह के कार्यकाल पर नजर डालें तो 2007 , 2008 , 2011 और वर्ष 2021 में चार चार प्रभारी निरीक्षक तैनात रहे। कोतवाली में दो बार तैनात रहे तत्कालीन प्रभारी निरीक्षकों में राम शिरोमणि सरोज, पुरुषोत्तम शरण तथा गोरखनाथ राम शामिल रहे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षकों के स्थानांतरण होने पर नवीन तैनाती तक तीन वरिष्ठ उप निरीक्षकों को कोतवाली का इंचार्ज प्रभारी बनाया गया उनमें अल्ला बक्श सैफी, आशीष कुमार शुक्ला तथा प्रदीप कुमार शामिल रहे। कुल मिलाकर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों व जनता के दिलों में बेहतर छवि बनाने वाले कोतवाल राकेश कुमार तोमर की अबतक 21 वर्षो में सर्वाधिक कार्यकाल है और वह आगे एक लंबी पारी तक तैनात रहकर जनता की सेवा कर सकते हैं।

**सूचना**

सूचित करना है कि एलआईसी बीमा कंपनी में मेरा नाम कालिन्द्री देवी दर्ज हैं, जबकि आधार व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मुन्नी दर्ज हैं, दोनों नाम मेरे ही हैं। कालिन्द्री देवी उर्फ मुन्नी पत्नी श्रीराम नि.ग्रा.-रिक्शा,थाना-सिंधौली, जनपद-शाहजहांपुर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोजपुर वि.खं कटरा खुदागंज-शाहजहांपुर**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

1- प्लास्टिक ड्राई वेस्ट बेलिंग मशीन, 2- हार्ड प्लास्टिक हॉरिडर
3- प्लास्टिक ड्राई वेस्ट एयर बिलोर

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोजपुर में वर्ष 2025-26 की कार्य योजनानुसार प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) हेतु उपरोक्त उपकरण की आवश्यकता है निर्धारित दरो पर सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म दिनांक 21.12.2025 समय दिन के 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदाएं खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जाएगा, अग्रिम नही। नोट- यदि एक भी निविदा प्राप्त नही होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से उपकरण क्रय के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### नवागत अपर नगरायुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार

शाहजहांपुर। नगर निगम शाहजहांपुर में नवागत नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने आकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।उन्होंने कलेक्ट्रेट में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार से शिष्टाचार भेंट की। नगर आयुक्त ने बताया कि जल्द नवागत अपर नगर आयुक्त को कार्य विभाजन कर कार्य सौंपे जाएगे।

### गंगा एक्सप्रेसवे में बाधा बन रहे पेड़ों की नीलामी एसडीएम की मौजूदगी में संपन्न



जलालाबाद-शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में बाधा बन रहे चार पेड़ों की नीलामी 25,000 रुपये में की गई। यह नीलामी प्रक्रिया उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। जनपद शाहजहांपुर की तहसील जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को सुचारु बनाने के लिए इन पेड़ों को हटाना आवश्यक था। नीलामी की यह प्रक्रिया तहसील सभागार जलालाबाद में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने की। यूपीडा के अधिकारियों ने इसकी सूचना जारी की थी। जानकारी के अनुसार, ग्राम गुलड़िया के गाटा संख्या 300 और 924 में कुल चार पेड़ खड़े थे, जिनमें तीन पीपल और एक शीशम का पेड़ शामिल था। इन पेड़ों के कारण गंगा एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। वन विभाग ने इन चारों पेड़ों का न्यूनतम मूल्य 23,000 रुपये निर्धारित किया था। गुरुवार दोपहर 12 बजे नीलामी के लिए कई ठेकेदार पहुंचे और जमानत राशि जमा करने के बाद बोली लगाई। बरेली के ठेकेदार कामिल राजा खान ने सर्वाधिक 25,000 रुपये की बोली लगाकर नीलामी अपने नाम की। नीलामी प्रक्रिया के दौरान एचडी इंफ्रा के परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी प्रभात राय, प्रभारी तहसीलदार अनुराग दुबे, नायब तहसीलदार रोहित कटिहार और एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड की ओर से अधिकारी अमन तिवारी तथा अभिषेक परिहार मौजूद रहे।

### काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों को अर्पित किए श्रद्धासुमन



शाहजहांपुर। लायन इंटरनेशनल के अग्रणी मंडल 321 बी1 के अंतर्गत लायंस क्लब शक्ति द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान व ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस की पूर्व बेला में 18 दिसंबर को पंडित राम प्रसाद बिस्मिल उद्यान खिरनी बाग में अमर बलिदानियों की प्रतिमाओं के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। लायन ललिता यादव ने बताया कि आज भारत के तीन महान स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को हमारे क्लब सदस्यों तथा गुरु नानक पाठशाला के बच्चों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई। ललिता यादव ने कहा कि हम सभी को ऐसे अमर बलदानियों को सदैव नमन करना चाहिए क्योंकि हमें आजाद कराने के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर किये। वीर शहीदों को याद करते हुए क्लब के द्वारा जरूरतमंद स्कूली बच्चों को जैकेट और जूते वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन गुरमीत कौर, चार्टर प्रेसिडेंट लायन गुरजीत कौर, लायन अनुप्रिया ग्रोवर, लायन शुभांगी गुप्ता, लायन पूनम गुप्ता, डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, जीसी मिश्रा और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### दून इंटरनेशनल स्कूल में हुआ दून महोत्सव का आयोजन



शाहजहांपुर। दून इंटरनेशनल स्कूल में दून महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंध निदेशक डा. जसमीत साहनी और प्रिंसिपल शमा जैदी ने गहरी प्रगति की। दून महोत्सव में फैशन शो, रैंप वॉक, भरतनाट्यम, घूमर, स्वच्छ भारत, महिला शक्ति आदि कार्यक्रम में बच्चों ने धूम मचा दी। इसके साथ ही विभिन्न यूनिवर्सिटीज के द्वार बच्चों की करियर काउंसलिंग भी हो गई थी। बच्चों के विविध स्टॉल और कैफेटेरिया ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त बिपिन मिश्रा, कार्यक्रम के संचालन में प्रिंसिपल शमा जैदी, एमडी डॉ जमसीत साहनी, कॉर्डिनेटर कोमल सिक्का, कॉर्डिनेटर विशाल मिश्रा, कॉर्डिनेटर नेहा कालरा, मिस हमदा इत्यादि का सहयोग रहा। मंच संचालन में मुख्य सहयोग शिप्रा तिवारी, इशिका शुक्ला, रोहित और संदेश का रहा।

### एनडीआरएफ की टीम का किया मॉकड्रिल



रोजा-शाहजहांपुर। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास बेड बिल्डिंग प्लांट में बुधवार दोपहर 12 :00 बजे एनडीआरएफ की टीम का मॉक ड्रिल किया गया। मंडली अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पहले एक यात्री डिब्बे को पटरी से गिर गया। उसके बाद खतरे के सायरन बुलवाएं। खतरे के सायरन बोलते ही रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन और अधिकारियों में हड़का मच गया। कोच में पहले यात्री बताए गए। उसके बाद कोच को बंद किया गया। बंद करने के बाद बताया गया कोच पटरी से उतर गया और कोच के अंदर यात्री फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर कोच को एक और से वेल्डिंग से कटकर अंदर से फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाल और स्ट्रेक्चर पर डालकर एंबुलेंस तक पहुंचा। और एंबुलेंस से घटना स्थल के पास बने कैंप में पहुंचा। सभी यात्रियों को बाहर निकाल कर के कैरिज एंड बेगान निरीक्षक के कर्मचारियों ने भारी भरकम जैक की मदद से कोच को पटरी पर लाया गया। इस अवसर पर आधा दर्जन से अधिक मंडली अधिकारी कैरिज एंड वैगन निरीक्षक सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी लोको इंस्पेक्टर आरके वर्मा रेल पथ निरीक्षक आर्ट इंचार्ज जीआरपी चौकी प्रभारी आरपीएफ चौकी प्रभारी आफ कंपनी कमांडर रोज कोतवाल प्रभारी राजीव सिंह स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### बीजेपी कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसी और पुलिस के बीच हुई धक्का-मुक्की

शाहजहांपुर। बीजेपी कार्यालय का घेराव करने जा रहे हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्कामुक्की हो गयी, कांग्रेसियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकल गए। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता वापस कार्यालय की ओर लौट गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोदी सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का दुरुपयोग करते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी को लगातार परेशान किया। हालांकि, कांग्रेस के अनुसार, विगत दिवस न्यायालय ने इस पूरे मामले को सिरे से खारिज कर दिया, जिसे कांग्रेस ने लोकतंत्र और न्याय की जीत बताया है। इसी मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 18 दिसंबर को प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया गया था, इसी क्रम में शाहजहांपुर में दोपहर 1 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए और जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जा रहे थे। इसी बीच नगर निगम कार्यालय के बाद पुलिस ने कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगा रखी थी लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें रोका, इसी बीच उनकी पुलिस से धक्का मुक्की हो गयी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता आगे निकल गए, तो पुलिस अधिकरियों ने उन्हें समझाया। जिसके बाद कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता वापस लौट आए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह प्रदर्शन भाजपा की बदले की राजनीति और लोकतंत्र विरोधी रवैये के खिलाफ था। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, फुरकान अहमद कुरैशी, अरूणोद मिश्रा, सतेंद्र त्रिवेदी, आशीष तिवारी आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### घटतौली का आरोप लगाते हुए गन्ना किसानों ने किया हंगामा



तिलहर-शाहजहांपुर। चीनी मिल ट्रॉली तौल कांटे पर घटतौली होने का आरोप लगाते हुए गन्ना किसानों ने जमकर हंगामा काटा। अधिकारियों ने पहुंचकर मामले को शांत कराया और कांटा दुरुस्त कराया। उधर मिल प्रबंधक ने घटतौली के आरोप को निराधार बताया है। किसान चीनी मिल के ट्रॉली तौल कांटे पर गन्ना लेकर पहुंचे किसान ने उसके गन्ने के वजन में करीब पांच कुंटल का अंतर आने पर घटतौली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटना शुरु कर दिया। इस दौरान तमाम गन्ना किसान लामबंद हो गए। तौल करने वाले कर्मचारियों ने मौके पर आक्रोशित किसानों को समझकर मामला दबाने का प्रयास किया। इस पर किसान और ज्यादा उग्र हो गए। कांटे की परख के लिए कुछ किसान 50 किलो का बांट लेकर तौल कांटे पर पहुंचे और कांटे पर रख उसका वजन किया तो 20 किलो का अंतर आया देख किसान मिल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हंगामे की सूचना पर सीसीओ दमिनेश रॉय मौके पर पहुंचे और उन्होंने काफी देर तक समझाने के बाद किसानों को शांत कराया। इसके बाद तौल कांटा ठीक होने के बाद गन्ना तौल शुरू हो सकी। इस बाबत पूंछे जाने पर मिल प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना ने बताया कि किसान कुछ खुन्नस रखे था। सो उसने बेवुनियाद आरोप लगाया है। उनके यहां ऐसी एक कोई गड़बड़ी नहीं है।

# विभागीय गलती से हुई दुर्घटना तो संबंधित अधिकारी पर होगी एफआईआर

- डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न




शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एसपी राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलक्ट्रेट बिस्मिल सभागार मे जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। डीएम ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अवैध कटों अच्छे ढंग से बंद किया जाए तथा तोड़ने एवं हटाने वालों पर सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्रवाई की जाए। सड़कों पर आवश्यकता अनुसार पट्टी, संकेतक, रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड, ब्रेकर आदि सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए जिससे कोहरे में दुर्घटनाएं न हो। उन्होंने कहा कि जिस विभाग की गलती से यदि कहीं दुर्घटना होती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी की दर्ज कराई जाएगी। डीएम ने कहा कि टोल प्लाजा से सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में अनाउंसमेंट होता रहे। नगरिया मोड की हाई मास्ट तत्काल सही कराई जाए। डीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की नेशनल हाईवे पर लगी सभी लाइटें रात्रि में जलती रहे तथा गड्ढो को भरवाएं जाए। नए कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए की बिना नंबर प्लेट के कोई भी डंपर नहीं चलेंगे तथा अच्छे से रिफ्लेक्टर भी लगे हो। जिलाधिकारी ने एडीएम प्रशासन एवं एआरटीओ को निर्देश दिए नियमित निरीक्षण करते रहे। सड़कों के पास की झाड़ियां को साफ कराया जाए। इमरजेंसी केयर से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### धान खरीद को क्रय केंद्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी, छह और नए केंद्र होंगे स्थापित, एजेंसियां ससमय व्यवस्थाएं पूर्ण कर रिपोर्ट सौंपें: जिलाधिकारी

शाहजहांपुर। जनपद की मंडियों में चल रही धान खरीद को लेकर शासन की ओर से किसानों से सीधे एमएसपी पर धान खरीद किए जाने को छह और नए धान केन्द्र स्थापित किए जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए है। जिसके क्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए क्रय केंद्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। सभी एजेंसियों को दिशा निर्देश दिए गए कि धान क्रय केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कराकर रिपोर्ट करें। बता दें कि नये बनाए गए छह केंद्रों में 1 आरएफसी, 1 यूपीएसएस व 4 नैफेड के केंद्र शामिल किए गए हैं।

### प्रतिबंधित दवा बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए: डीएम

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नारकोटिक्स विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न**

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एसपी राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में नारकोटिक्स विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। डीएम ने गत माह में की गई कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध शराब बनने पर कड़ी कार्रवाई करके रोक लगाई जाए। उन्होंने एनडीपीएस की करवाई के संबंध में जानकारी ली। नशे के अवैध व्यापार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए किया कि मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पुलिस ने विवादित कैफे में जड़ा सरकारी ताला

- मारपीट व रंगदारी मांगने वाली महिला की गिरफ्तारी के बाद हुई कार्रवाई

रोजा, शाहजहांपुर। गुरूवार को रोजा पुलिस ने बल्लियां क्षेत्र में एक कैफे पर मारपीट करने व रंगदारी मांगने वाली महिला की गिरफ्तारी के बाद कैफे स्वामी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कैफे को सील कर दिया है। थाना प्रभारी का कहना है मामला विवादित है और साक्ष्यों के लिये कैफे को सील कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि विगत दिवस रोजा के गांव बल्लियां निवासी सुनील का बल्लियां में गोल्डन कैफे सहारा फिल्ड के पास है। शाम उसके कैफे में पति-पत्नी आये और नाश्ता करने लगे, तभी अचानक शहाना बेग अपने कुछ साथियो के साथ केफै में घुसती हुई चली आयी और शीशे का मेन दरवाजा तोड़ते हुये अन्दर घुस आयी। शहाना बेग ने कहा कि तुम्हारे यहां देह व्यापार होता है, जब उसने कहा यह बात गलत है पति पत्नी का वीडियो बनाने लगी और मुझे डरा धमकाकर कहा कि देह व्यापार का आरोप लगाकर तुम्हारा कैफे बन्द करा देंगे और मुझसे पचास हजार रुपये ले लिये। आरोप है कि जाते हुए शहाना बेग ने कहा था कि ये रकम बहुत कम है अभी तुम्हे एक लाख रुपये और देने होगे तभी तुम बच पाओगे। अब शहाना वेग धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग कर रही थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला के विरूद्ध रंगदारी मांगने व तोड़फोड़ करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रिपोर्ट दर होने के बाद पुलिस ने शहाना बेग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरूवार की शाम गोल्डन कैफे पहुंची और उसे सील कर दिया।

## राज्य सभा सांसद ने रेलमंत्री से भेंट कर रेलवे फाटक पर अविलंब कार्य शुरू कराने की मांग की

- विधायक सलोना कुशवाहा के पत्र के माध्यम से दिया जनता के आक्रोश का हवाला
- शीघ्र शुरू होगा रेलवे ट्रैक पर ब्रिज निर्माण: अश्वनी कुमार



तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन ओबरब्रिज के मद्देनजर रेल प्रशासन की ओर से पूर्ण रूप बंद किए गए फाटक को खुलबाये जाने के लिए राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार ने रेल मंत्री से भेंट की । और क्षेत्र वासियों की आवागमन की समस्या को देखते हुए फाटक खुलाबाए जाने को पत्र सौंपा है। बता दें कि डभौरा की प्रधान शबनम ने दर्जन ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त फाटक खुलवाने के संबंध में एक पत्र बीती 30 नवंबर को क्षेत्रीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा को सौंपा था । वहीं भाकियू नेताओं ने भी रेलवे फाटक खोले जाने को लेकर धरना प्रदर्शन किया था । क्षेत्रीय जनता की समस्या को गम्भीरता से लेते एक पत्र राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया को दिया था। इसी तारतम्य में राज्य सभा सांसद श्री कठेरिया ने बीते दिन भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी कुमार से भेंट की और उन्हें क्षेत्रीय जनता की इस भीषण समस्या का संज्ञान कराते हुए जनाक्रोश से भी अवगत कराया। उन्होंने रेलमंत्री से रेलवे फाटक का कार्य अविलंब शुरू कराकर समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की है । जिस पर रेलमंत्री ने उन्हें रेलवे ट्रैक के ऊपर शीघ्र ब्रिज का कार्य पूर्ण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### रात के अंधेरे में देशी शराब की दुकान से 89 पेटी शराब पार

रोजा-शाहजहांपुर। थाना रोजा क्षेत्र के मकरमपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने देशी शराब के ठेके पर सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब 89 पेटी शराब, नकदी और सुरक्षा उपकरण समेट ले गए। वारदात का पता सुबह उस समय चला, जब दुकान का सेल्समैन ठेका खोलने पहुंचा। भीतर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। चोरी की सूचना फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त हो गया। चोरों ने सुनियोजित तरीके से ठेके के ताले तोड़कर प्रवेश किया। वारदात से पहले उन्होंने सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर, बैटरी और इन्वर्टर निकालकर एक तरह से सुरक्षा व्यवस्था को निष्प्रभावी कर दिया। इसके बाद लगभग एक हजार रुपये की नकदी व भारी मात्रा में शराब की पेटियां उठा ले गए। चोरी की मात्रा और तरीके को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि वारदात में एक से अधिक अनुभवी चोर शामिल रहे, जिन्होंने पहले से रेकी कर रखी थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाने में जुटी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वारदात का जल्द खुलासा किया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों में आक्रोश पनपने लगा है। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में लगातार सुरक्षा व्यवस्था लचर बनी हुई है। उन्होंने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की मांग उठाई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और इस बड़ी चोरी से लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है।

## विधायक ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बांटे उपकरण



मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वालित कर दिव्यांग छात्र छात्राओं को उपकरण वितरित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर गुरुवार को भाजपा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस और बीएसए दिव्या गुप्ता ने दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए। मीरानपुर कटरा, तिलहर, जैतीपुर और मदनापुर क्षेत्र के कुछ प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ रहे छह से 14 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों का चिह्नीकरण किया था। कुल 194 बच्चों का उपकरण के लिए चयन किया था। गुरुवार को दोपहर लगभग 12 बजे विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस और बीएसए दिव्या गुप्ता ने 194 बच्चों को 220 उपकरण बांटे। उपकरणों में ब्रेल किट 11 हियरिंगएड 46 सीपी चेयर 3 बैसाखी 6 रोलेटर 32 टी. एल. एम. किट 65 ट्राई साइकिल 8 व्हील चेयर 49 कुल 220 उपकरण वितरित किए गए। जिसे पाकर दिव्यांग छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सभी को मदद करनी चाहिए। अभिभावक भी दिव्यांग बच्चों को शिक्षा में कोताही न कर उच्च शिक्षा दिलाने का काम करें। उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, बीईओ हेमेंद्र सिंह, जिला समन्वयक सोहन शुक्ला, संचालन कुंवर दीपक शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन तिलहर कमलेश गुप्ता, पूर्व वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष सरोज शर्मा, प्रांतीय सदस्य भाजपा सर्वेश कश्यप, कपिल गंगवार, पूर्व सभासद सचिन गुप्ता, अर्पण मिश्रा, सभासद सर्वेद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## आटा चक्की के पट्टे में फंसकर बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत, शरीर के चीथड़े उड़े

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

> बुजुर्ग महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
> –सुनील भारद्वाज, उपनिरीक्षक, थाना मिर्ज़ापुर

मिर्जापुर, शाहजहांपुर। बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे क्षेत्र के ग्राम बानगांव निवासी कढेर की 60 वर्षीय पत्नी कुसुमा की आटा चक्की के पट्टे में साड़ी लिपट जाने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतका डीजल इंजन चालित आटा चक्की पर चावल पिसाने गई थी। मृतका के पुत्र जगपाल की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका कुसुमा के पुत्र जगपाल ने बताया कि उसकी माँ गांव के नंदलाल की आटा चक्की पर चावल पिसवाने गई थीं। उम्र अधिक होने के कारण उन्हें सुनाई कम देता था। चक्की वाले उन्हें चक्की की सॉफ्ट (पट्टे) के समीप जाने से रोकते रहे। किंतु उन्हें सुनाई नहीं दिया और वे पट्टे के समीप पहुंच गईं। जिससे उनकी साड़ी चक्की के पट्टे में लिपट गई। साड़ी के पट्टे में लिपटते ही उनके बार बार गिरने से उनके शरीर के चीथड़े उड़ गए। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गांव के निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य आयुष प्रताप सिंह विभू ने दुर्घटना की सूचना पर पुलिस को दी।

### ओवरलोड गन्ने के ट्रक बने मुसीबत

मिर्जापुर-शाहजहांपुर। ओवरलोड गन्ने के ट्रक बने मुसीबत नहीं लग रहा प्रतिबंध दे रहे बड़े हादसे को दावत कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा। ढाई गांव में ओवरलेडेड ट्रक पलटा प्रशासनिक अमला बना मूक दर्शक। ज्ञात हो हरदोई के रूपापुर शुगर मिल द्वारा क्षेत्र सहित जनपद फर्रुखाबाद तथा बदायूं के क्षेत्र में गन्ने की खरीद करने के लिए दर्जनों सेंटर खोले गये हैं। इन सेंटरों से ट्रकों में ओवर हाइट गन्ना भरकर ढुलाई की जा रही है। ओवरलोड ट्रक चालक गन्ना सेंटरों से रूपापुर फैक्ट्री तक पड़ने वाले कई पुलिस थानों के सामने से बेधड़क होकर निकल जाते हैं। बीते मंगलवार को ढाई गांव के अंदर एक ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक पलट गया जिससे बड़ी घटना होने से बच गई लेकिन भविष्य में घटना होने से इनकार नहीं किया जाता।

## 30 डिग्री गर्मी से ठंडी रात तक, बंडा के हरपाल ने 11 घंटे में पूरी की 100 किमी बॉर्डर रन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



बंडा के गांव गुलौली के निवासी एवं सुखचैन सिंह के पुत्र हरपाल सिंह ने द हेल रेस - बॉर्डर रन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। जैसलमेर के रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित इस कठिन अल्ट्रा-एंड्योरेंस दौड़ में उन्होंने 100 किलोमीटर की दूरी मात्र 11 घंटे में पूरी कर लगभग 400 प्रतिभागियों में 12वां स्थान प्राप्त किया। दौड़ दोपहर 12 बजे शुरू हुई, जब तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस था और पूरे क्षेत्र में तेज़ हीट वेव का प्रभाव था। जैसे-जैसे रात बढ़ी, मौसम ठंडा और तेज़ हवाओं वाला हो गया। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद हरपाल सिंह ने अद्भुत धैर्य और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए दौड़ को रात लगभग 11 बजे सफलतापूर्वक पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता के लिए हरपाल सिंह ने 8 सप्ताह का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाया। इस दौरान उन्होंने बताया प्रति सप्ताह 100 किलोमीटर की दौड़ (सिर्फ 3 दिनों में), 50, 60 और 70 किलोमीटर की लंबी दौड़, कुल मिलाकर 800 किलोमीटर से अधिक का अभ्यास, पिछले दो वर्षों में उन्होंने 10,000 किलोमीटर से अधिक दौड़ पूरी की है, जिसने उनकी सहनशक्ति, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता को मजबूत किया। हरपाल सिंह का मानना है कि नियमित फिटनेस और दौड़ ने उनके कार्य-जीवन को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस बार की दौड़ हरपाल सिंह के लिए भावनात्मक रूप से भी खास रही। अपनी पत्नी और बेटी के सामने फिनिश लाइन पार करना उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जो जीवन भर याद रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F1- LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2025 at 12:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3901/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भाजपा सरकार ऐतिहासिक पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही: अर्चना

- मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं उत्तर प्रदेश पश्चिमी जोन की अध्यक्ष भारती त्यागी के आह्वान पर जिले में भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरुद्ध भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता एकत्रित हुई और सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा आखिर भाजपा को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से इतनी नफरत क्यों है? महात्मा गांधी वह शख्सियत हैं जिन्होंने देश को आजादी दिलवाई, उनसे कोई भी सच्चा भारतीय नफरत नहीं कर सकता। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना से गांधी जी का नाम हटाना भाजपा की देशद्रोही और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। अर्चना कटारिया ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन देश की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी जी के अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी इस जनविरोधी सोच को नहीं बदला, तो महिला कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर जिले की तमाम वरिष्ठ महिला पदाधिकारी और भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। जिन्होंने एक स्वर में सरकार के इस कदम की निंदा की।

## मौत की धुंध

उस घटना की कल्पना करके भी रूह कांप जाती है, जिसमें मथुरा के निकट, मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते कई वाहनों के आपस में टकराने से तेरह लोग जिंदा जल गए। घने अंधेरे में बड़ी संख्या में लोग आग में झुलसे और घायल हुए। मरने वाले निर्दोष लोग अपने-अपने जरूरी कामों के लिए जल्दी पहुंचने की चाहत में रात के सफर पर निकले थे। लेकिन हालात उन्हें मौत के मुंह में ले गये। मंगलवार को अमंगल का यह सिलसिला पंजाब तक चला, जहां सुबह घने कोहरे के चलते पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। बरनाला व तपामंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। वहीं तपामंडी के व्यापारी की पत्नी व बेटी की मौत रास्ते में खड़े ट्रक से उनकी कार के टकराने से हुई। इससे पहले रविवार सुबह कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई।

चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे 152-डी पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए। निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है। आखिर हर साल जाड़े के दिनों में धुंध या कोहरे की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफसे क्यों नहीं की जाती? विडंबना है कि जब हमने चांद व मंगल ग्रह तक दस्तक दे दी है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं?

निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं। मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से जगह-जगह खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल-ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं। जिसके चलते अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। पिछले माह राजस्थान के फलोदी के निकट एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने से दस महिलाओं व चार बच्चों समेत पंद्रह लोगों की मौत हुई थी। इस घटना पर स्वतरू संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी दिखाई।

कोर्ट ने लगातार हादसों की वजह बन रहे इन अवैध होटलों-ढाबों पर नियंत्रण हेतु पूरे देश के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बतायी। कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन में कमी को भी बताया गया। सवाल है कि जब देश में अच्छी-तेज सड़कों का जाल तीव्र गति से बिछाया जा रहा है तो सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना भी तो नीति-नियंताओं की जवाबदेही बनती है? हादसों के लिए सिर्फ चालकों को जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। हां, इतना जरूर है कि वाहन चालकों को गति के साथ मति भी तेज रखनी होगी। यातायात नियमों का पालन करने में एक जिम्मेदार नागरिक का भी दायित्व निभाना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में बढ़ती यहूदी विरोधी हिंसा



डॉ. सत्यवान सौरभ



**डिजिटल स्पेस का शासन आज आंतरिक सुरक्षा का अनिवार्य घटक बन चुका है। ऑनलाइन घृणा से भाषण और दुष्प्रचार को नियंत्रित किए बिना यहूदी विरोधी हिंसा पर अंकुश लगाना कठिन है। इसके लिए प्लेटफ़ॉर्म जवाबदेही, पारदर्शी नियम और त्वरित कार्रवाई तंत्र आवश्यक हैं। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वैध राजनीतिक असहमति और शांतिपूर्ण विरोध को दबाया न जाए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल है और सुरक्षा उपायों को इसे कमजोर नहीं करना चाहिए। आंतरिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण किंतु अक्सर उपेक्षित पक्ष सामुदायिक सहभागिता है। यहूदी समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ विश्वास आधारित संवाद सुरक्षा प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाता है। जब समुदाय स्वयं को राज्य का साझीदार महसूस करता है तो वह संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने और कट्टरपंथी प्रभावों का प्रतिरोध करने में सक्रिय भूमिका निभाता है। सामुदायिक नेताओं की भागीदारी, शिकायत निवारण तंत्र और पीड़ित सहायता सेवाएँ सामाजिक एकजुटता को मजबूत करती हैं। शिक्षा और सार्वजनिक विमर्श दीर्घकालिक समाधान की कुंजी हैं। यहूदी विरोधी हिंसा की जड़ें केवल वर्तमान राजनीतिक घटनाओं में नहीं बल्कि ऐतिहासिक पूर्वाग्रहों में भी निहित हैं। होलोकॉस्ट शिक्षा, बहुसांस्कृतिक पाठ्यक्रम और अंतर-धार्मिक संवाद नफ़रत के विरुद्ध सामाजिक प्रतिरक्षा विकसित कर सकते हैं। मीडिया की भूमिका भी निर्णायक है। जिम्मेदार रिपोर्टिंग, तथ्यों की जाँच और भड़काऊ भाषा से परहेज सामाजिक तनाव कम कर सकता है। यहूदी विरोधी हिंसा के प्रति राज्य की प्रतिक्रिया ऑस्ट्रेलिया के लोकतांत्रिक मूल्यों की भी परीक्षा है। यदि सुरक्षा उपाय किसी विशेष समुदाय को संदिग्ध ठहराने लगें या असहमति को कुचलने का माध्यम बन जाएँ तो वे स्वयं समस्या का हिस्सा बन सकते हैं। इसलिए अधिकार आधारित सुरक्षा दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें सुरक्षा और स्वतंत्रता को परस्पर पूरक माना जाए। विदेश नीति की आलोचना और यहूदी विरोधी नफ़रत के बीच स्पष्ट अंतर करना इस संतुलन का केंद्रीय तत्व है।**

ऑस्ट्रेलिया को लंबे समय तक ऐसे बहुसांस्कृतिक लोकतंत्र के रूप में देखा गया है, जहाँ विविध धार्मिक, नस्ल और सांस्कृतिक समुदायों ने अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का अनुभव किया। यहूदी समुदाय भी इस सामाजिक संरचना का सशक्त और सम्मानित हिस्सा रहा है। किंतु हाल के वर्षों में, विशेषकर साल 2023 के बाद यहूदी संस्थानों, सभास्थलों और व्यक्तियों के विरुद्ध लक्षित हिंसा की घटनाओं में वृद्धि ने इस धारणा को गंभीर चुनौती दी है। आगजनी, नफ़रत, धमकियाँ और हमलों की घटनाएँ केवल आपराधिक कृत्य नहीं हैं बल्कि वे ऑस्ट्रेलियाई समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण, असहिष्णुता और असुरक्षा की गहरी परतों को उजागर करती हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यहूदी विरोधी हिंसा क्यों बढ़ रही है और शासन व्यवस्था आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नागरिक स्वतंत्रता का संतुलन कैसे बनाए।

यहूदी विरोधी हिंसा के उभार को समझने के लिए सबसे पहले वैश्विक भू-राजनीतिक संदर्भ पर ध्यान देना आवश्यक है। इज़राइल-ग़ाज़ा संघर्ष जैसे अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रह गए हैं। डिजिटल मीडिया और वैश्विक सूचना प्रवाह के कारण इनका प्रभाव दूरस्थ समाजों तक तत्काल पहुँचता है। ऑस्ट्रेलिया में भी इस संघर्ष ने भावनात्मक ध्रुवीकरण को जन्म दिया है, जहाँ विदेश नीति या सैन्य कार्रवाइयों की आलोचना कई बार यहूदी समुदाय के सामूहिक दोषारोपण में बदल जाती है। राजनीतिक असहमति और धार्मिक-जातीय पहचान के बीच की यह रेखा धुंधली पड़ना यहूदी विरोधी हिंसा को वैचारिक वैधता प्रदान करता है।

इसके साथ ही चरमपंथी विचारधाराओं का विस्तार एक गंभीर कारक बनकर उभरा है। दक्षिणपंथी अतिवाद, श्वेत वर्चस्ववादी सोच और कुछ कट्टरपंथी नेटवर्क लंबे समय से यहूदियों को षड्यंत्र सिद्धांतों से जोड़ते रहे हैं। डिजिटल युग में इन विचारों का प्रसार तेज़ और व्यापक हो गया है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स और ऑनलाइन फ़ोरम ऐसे 'इको-चैम्बर्स' बनाते हैं, जहाँ नफ़रत को सामान्य व्यवहार की तरह प्रस्तुत किया जाता है। जब व्यक्ति लगातार एक ही प्रकार की भड़काऊ सामग्री देखता है तो हिंसा धीरे-धीरे वैध और आवश्यक प्रतिक्रिया के रूप में चित्रित होने लगती है।

दुष्प्रचार और साजिश की कथाएँ भी यहूदी विरोधी हिंसा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

ऐतिहासिक रूप से यहूदियों को आर्थिक संकटों, महामारी और राजनीतिक अस्थिरता के लिए दोषी ठहराने की प्रवृत्ति रही है। आधुनिक समय में यही प्रवृत्ति सोशल मीडिया के माध्यम से नए रूप में सामने आती है। कोविड-19 महामारी, वैश्विक आर्थिक मंदी या अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से जुड़ी जटिलताओं को यहूदी समुदाय से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। बार-बार दोहराए जाने पर ये झूठे आख्यान सामाजिक चेतना में स्थान बना लेते हैं और हिंसा के लिए मानसिक आधार तैयार करते हैं।

आंतरिक सुरक्षा ढांचे की कुछ संरचनात्मक कमजोरियाँ भी इस समस्या को गहराती हैं।

हाल की घटनाओं ने यह सवाल उठाया है कि हथियार लाइसेंसिंग प्रणाली, मानसिक स्वास्थ्य आकलन और खुफिया निगरानी कितनी प्रभावी है। यदि संभावित हिंसक प्रवृत्तियों के संकेत समय रहते पहचान में न आएँ तो तथाकथित 'लोन वुल्फ' हमले गंभीर नुकसान पहुँचा सकते हैं। यह केवल पुलिस की विफलता नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था को चुनौती है, जहाँ जोखिमों का पूर्वानुमान और समय पर हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक होता है।

इन परिस्थितियों में शासन के सामने आंतरिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखने की सबसे बड़ी चुनौती है।

लोकतांत्रिक समाज में सुरक्षा का अर्थ केवल कठोर कानून और निगरानी नहीं हो सकता। राज्य की पहली जिम्मेदारी कानून के शासन को बनाए रखना है, जिसमें घृणा अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई शामिल है। यहूदी विरोधी हिंसा के मामलों में सख्त अभियोजन और दंड का स्पष्ट संदेश देना आवश्यक है कि समाज में नफ़रत और हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। साथ ही, पीड़ितों को न्याय और सहायता उपलब्ध कराना विश्वास बहाली के लिए अनिवार्य है।

खुफिया तंत्र का समन्वय आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ है। संघीय और राज्य स्तर की एजेंसियों के बीच सूचना साझा करने में देरी या असंगति संभावित खतरों को अनदेखा कर सकती है।

ऑनलाइन कट्टरपंथ की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों का विश्लेषण और समय रहते हस्तक्षेप- ये सभी उपाय आवश्यक हैं। किंतु यह निगरानी लक्षित और अनुपातिक होनी चाहिए। अंधाधुंध निगरानी न केवल नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन करती है बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास भी पैदा कर सकती है।

डिजिटल स्पेस का शासन आज आंतरिक सुरक्षा का अनिवार्य घटक बन चुका है। ऑनलाइन घृणा से भाषण और दुष्प्रचार को नियंत्रित किए बिना यहूदी विरोधी हिंसा पर अंकुश लगाना कठिन है। इसके लिए प्लेटफ़ॉर्म जवाबदेही, पारदर्शी नियम और त्वरित कार्रवाई तंत्र आवश्यक हैं। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वैध राजनीतिक असहमति और शांतिपूर्ण विरोध को दबाया न जाए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल है और सुरक्षा उपायों को इसे कमजोर नहीं करना चाहिए।

आंतरिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण किंतु अक्सर उपेक्षित पक्ष सामुदायिक सहभागिता है। यहूदी समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ विश्वास आधारित संवाद सुरक्षा प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाता है। जब समुदाय स्वयं को राज्य का साझीदार महसूस करता है तो वह संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने और कट्टरपंथी प्रभावों का प्रतिरोध करने में सक्रिय भूमिका निभाता है। सामुदायिक नेताओं की भागीदारी, शिकायत निवारण तंत्र और पीड़ित सहायता सेवाएँ सामाजिक एकजुटता को मजबूत करती हैं।

शिक्षा और सार्वजनिक विमर्श दीर्घकालिक समाधान की कुंजी हैं। यहूदी विरोधी हिंसा की जड़ें केवल वर्तमान राजनीतिक घटनाओं में नहीं बल्कि ऐतिहासिक पूर्वाग्रहों में भी निहित हैं। होलोकॉस्ट शिक्षा, बहुसांस्कृतिक पाठ्यक्रम और अंतर-धार्मिक संवाद नफ़रत के विरुद्ध सामाजिक प्रतिरक्षा विकसित कर सकते हैं। मीडिया की भूमिका भी निर्णायक है। जिम्मेदार रिपोर्टिंग, तथ्यों की जाँच और भड़काऊ भाषा से परहेज सामाजिक तनाव कम कर सकता है।

यहूदी विरोधी हिंसा के प्रति राज्य की प्रतिक्रिया ऑस्ट्रेलिया के लोकतांत्रिक मूल्यों की भी परीक्षा है। यदि सुरक्षा उपाय किसी विशेष समुदाय को संदिग्ध ठहराने लगें या असहमति को कुचलने का माध्यम बन जाएँ तो वे स्वयं समस्या का हिस्सा बन सकते हैं। इसलिए अधिकार आधारित सुरक्षा दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें सुरक्षा और स्वतंत्रता को परस्पर पूरक माना जाए। विदेश नीति की आलोचना और यहूदी विरोधी नफ़रत के बीच स्पष्ट अंतर करना इस संतुलन का केंद्रीय तत्व है।

अंततः, ऑस्ट्रेलिया में बढ़ती यहूदी विरोधी हिंसा केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है बल्कि यह सामाजिक चेतावनी भी है। यह दिखाती है कि वैश्विक ध्रुवीकरण, डिजिटल दुष्प्रचार और आंतरिक कमजोरियाँ मिलकर किस प्रकार लोकतांत्रिक समाजों को अस्थिर कर सकती हैं। इसका समाधान न तो केवल सख्त कानूनों में है और न ही पूर्ण उदारता में बल्कि संतुलित, अधिकार-सम्मत और समुदाय-केंद्रित रणनीति में निहित है। लक्षित पुलिसिंग, एकीकृत खुफिया तंत्र, जिम्मेदार डिजिटल नियमन और सामाजिक संवाद- इन सभी के माध्यम से नफ़रत से जुड़े अपराधों का प्रभावी मुकाबला किया जा सकता है। जब अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता एक-दूसरे को सुदृढ़ करती हैं, तभी बहुसांस्कृतिक लोकतंत्र वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ बन पाता है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# मेसी से सीखें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना क्या है

*सुशील*

दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल के भगवान कहलाने वाले लियोनल मेसी की भारत यात्रा ने दीवानगी के नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही विवाद भी खड़े किए। कोलकाता, हैदराबाद, मुम्बई, दिल्ली में स्टेडियम तो भरे रहे, पर साथ ही फिल्मी सितारों, राजनीतिज्ञों व उद्योगपतियों में इस वैश्विक सितारे के इर्द-गिर्द मंडराने की होड़ लगी रही। कोलकाता तो अपने फुटबॉल प्रेम के लिए विख्यात है। साल्ट लेक स्टेडियम पर अपर्याप्त व्यवस्था के चलते अफरा-तफरी मच गई। जिन दर्शकों ने 25000 रुपए तक में टिकट खरीदे थे, वे मेसी की एक झलक भी न पा सके। उन्होंने अपने को ठगा हुआ महसूस किया।

राजनीति व फिल्म-जगत के सितारे तो मेसी के साथ फोटो खिंचवाते रहे, पर फुटबॉल के सच्चे प्रेमी दर्शक अपने सितारे को देख भी न सके। नाराज दर्शकों ने तोड़-फोड़ शुरू कर दी और ममता सरकार को भारी बदघ्नामी झेलनी पड़ी, क्योंकि मेसी 20 मिनट में ही वापस चले गए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया व एसआईटी की जांच बैठा दी गई।

मुख्यमंत्री ने माफी भी मांगी। होना तो यह चाहिए था कि मेसी को एक खुली जीप या गाड़ी में बैठाकर स्टेडियम का चक्कर और फुटबॉल को किक लगवा लेना था। दर्शक तृप्त हो जाते। कोलकाता में दर्शक न तो शाहरुख खान को देखने आए थे और न ही अन्य सितारों व राजनीतिज्ञों को। अलबत्ता कोलकाता के बाद हैदराबाद, मुम्बई व नई दिल्ली में टूर व्यवस्थित रहा। मुम्बई में जब मेसी की अगवानी क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने की तो दोनों का भावुक मिलन व जर्सियों का आदान-प्रदान देख दर्शक तृप्त हो गए।



मेसी के साथ लुई सुआरेज व रोड्रिगो डीश्पॉल भी थे और भारतीय लोकप्रिय फुटबॉलर सुनील छेत्री जब उनसे मिले तो सभी अभिभूत रह गए। भारत फुटबॉल में विश्व में 142वें स्थान पर है, पर इसके बावजूद फुटबॉल का जुनून उमड़ता नजर आया। मैसेज साफथा कि मेसी एक खिलाड़ी व व्यक्ति से ऊपर उठकर एक वैश्विक 'ब्रांड' बन गए हैं। आप 'सुपरस्टार' संस्कृति से छुटकारा पा ही नहीं सकते। खेल को कायम रखने व दर्शकों को निरंतर आकर्षित करते रहने की ताकत के कारण ऐसे सितारों की जरूरत भी रहती है। लेकिन भारत के ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने इस आयोजन के प्रति निराशा जाहिर की कि इससे भारत को क्या हासिल हुआ? इतने धन से तो भारतीय खेलों के विकास को गति मिल सकती थी। यहां मैं बिंद्रा से असहमत हूं। महान खिलाड़ी देश व सीमा से परे होते हैं। कला हमेशा कालजयी होती है।

मेसी, पेले, तेंदुलकर, गावस्कर, ध्यानचंद, ब्रैडमेन जैसे खिलाड़ी दुनिया की धरोहर होते हैं। हुनर, कला व प्रतिभा का सम्मान ही स्वस्थ समाज व दुनिया की रचना करता है। अगर लियोनल मेसी को देखकर भारतीय युवा प्रेरित होते हैं, तो इसमें बुराई क्या है? महान खिलाड़ी अपने देश व स्वाभिमान का प्रतीक भी होता है। उसका व्यवहार, विनम्रता व चरित्र दूसरों को प्रेरित करता है। मेसी अर्जेंटीना के खिलाड़ी हैं तो उन्होंने अपनी मातृभाषा स्पैनिश में ही बात की। लेकिन हमारे मशहूर खिलाड़ी विदेश जाते हैं तो हिंदी या अपनी मातृ भाषा में बात करने से कतराते हैं। अपनी भाषा के सम्मान को अपने देश की संस्कृति व स्वाभिमान को कायम रखने का प्रयास कहा जा सकता है। मेसी को देखकर लगा कि वे अपने देश के सच्चे राजदूत हैं। हां, किसी महान खिलाड़ी के आगमन को राजनीतिक रंग देने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। मेसी से फुटबॉल और दूसरे खेलों के दिग्गज खिलाड़ियों का मिलना तो सौहार्द और प्रेरणा देने वाली बात है, पर फिल्मी सितारों और राजनीतिज्ञों का क्या काम था?

बहरहाल, भारत के लोकप्रिय क्रिकेट-सितारे महेंद्रसिंह धोनी या विराट कोहली भी मेसी की तरह अपना 'ब्रांड' विश्व पटल पर स्थापित कर सकते हैं। वर्ष के आरम्भ में एनबीए स्टार लेब्रॉन जेम्स और करी ने चीन का एकल दौरा किया था। जेम्स के दौरे को 'नाइकी' ने स्पॉन्सर किया था और उसे द फॉरएवर किंग टूर का नाम दिया था। लियोनल मेसी इस कड़ी में और आगे बढ़ गए हैं, जिसमें ब्रांड 'व्यक्ति' से भी बड़ा धन बन जाता है। इसीलिए तो उन्हें ग्रेटेस्ट ऑफऑल टाइम ('गोट') कहा जाता है। हमारे खिलाड़ी विदेश जाते हैं तो मातृघ्भाषा में बात करने से कतराते हैं। अपनी भाषा के सम्मान को संस्कृति व स्वाभिमान को कायम रखने का प्रयास कहा जा सकता है। मेसी को देखकर लगा वे स्पैनिश के सच्चे राजदूत हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*


साहित्य

## यह किसने रीत बनाई



**श्याम सिंह बिष्ट**

यह किसने रीत बनाई
पिया का घर बने अपना
बाबुल के घर से हूई बिदाई
छोड़कर रिश्ते, उम्र तिहाई,
यादें को लिए दामन मैं
फिर प्रियतम सँग
नई दुनिया,
नए रिश्तों की नाव चलाई
यह किसने रीत बनाई।।
देकर नाम सोलह श्रृंगार
किए अंकित चिन्ह
जमाने ने मुझ में
कहीं पर सिंदूर
कहीं पर चूड़ियां
माथे पर पिया नाम की बिंदिया लगाई
यह किसने रीत बनाई।।
छोड़ कर बाबुल की
दी हुई पहचान मेरी
पिया के नाम की
ही मोहर लगाई
यह किसने रीत बनाई।।



## राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।


**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। व्यर्थ के कार्य में समय जाया न करें।

# काकोरी कांड : आजादी के संघर्ष का अमर अध्याय



योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों, प्रस्तावों और समझौतों का क्रम नहीं है बल्कि यह उन असंख्य क्रांतिकारियों की त्यागमयी गाथा भी है, जिन्होंने मातृभूमि की आजादी के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। इन बलिदानों ने गुलामी की जड़ों को भीतर से हिलाया और जनता के मन में यह विश्वास जगाया कि अंग्रेजी हुकूमत अजेय नहीं है। ऐसी ही एक ऐतिहासिक और निर्णायक घटना है काकोरी कांड, जिसने न केवल ब्रिटिश सत्ता को गहरी चुनौती दी बल्कि भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की।

काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का वह अध्याय है, जिसने सिद्ध कर दिया कि आजादी केवल याचिकाओं और प्रार्थनाओं से नहीं मिलेगी बल्कि उसके लिए साहस, संगठन और बलिदान की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारी केवल इतिहास के पात्र नहीं बल्कि क्रांति की नींव रखने वाले शूरवीर माने जाते हैं। उनकी शहादत की स्मृति में हर वर्ष 19 दिसम्बर को काकोरी शहीद दिवस मनाया जाता है, जो हमें स्वतंत्रता की कीमत और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी का बोध कराता है। बीसवीं सदी के प्रारंभिक दशकों में भारत का राजनीतिक परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन ने देश में जन-जागरण की लहर पैदा की थी। साल 1920 में शुरू हुआ यह आंदोलन ब्रिटिश शासन के लिए गंभीर चुनौती बन गया था लेकिन फरवरी 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद गांधीजी द्वारा आंदोलन वापस लिए जाने से देश के एक बड़े वर्ग, विशेषकर युवा क्रांतिकारियों में गहरी निराशा फैल गई। वे मानते थे कि जब अंग्रेज दमन और हिंसा का सहारा ले रहे हैं तब केवल अहिंसा के माध्यम से आजादी पाना कठिन है। यही वह ऐतिहासिक मोड़ था, जहां से संगठित क्रांतिकारी आंदोलन ने नई दिशा पकड़ी। निराश लेकिन दृढ़ निश्चयी युवाओं ने यह ठान लिया कि वे किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। इसी सोच के परिणामस्वरूप साल 1923 में शचीन्द्रनाथ सान्याल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य केवल ब्रिटिश शासन का विरोध करना नहीं बल्कि एक ऐसे स्वतंत्र, गणराज्यात्मक भारत की स्थापना करना था, जहां शोषण और अन्याय का कोई स्थान न हो।

एचआरए के प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, योगेशचंद्र चटर्जी, शचीन्द्रनाथ बख्शी जैसे साहसी क्रांतिकारी शामिल थे।

बाद में चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे तेजस्वी क्रांतिकारी भी इस विचारधारा से जुड़े। संगठन का स्पष्ट मत था कि क्रांति के लिए संसाधन चाहिए और संसाधनों के लिए धन। लेकिन चंदा मांगना न केवल संगठन की गोपनीयता को खतरे में डाल सकता था बल्कि अंग्रेजी खुफिया तंत्र को भी सतर्क कर सकता था। ऐसे में निर्णय लिया गया कि ब्रिटिश सरकार के ही खजाने को निशाना बनाया जाए। इस विचार को कार्यरूप देने की जिम्मेदारी संगठन के सेनापति रामप्रसाद बिस्मिल को सौंपी गई। प्रारंभिक प्रयासों में क्रांतिकारियों ने कुछ धन जुटाने की कोशिश की लेकिन वह हथियारों और क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए पर्याप्त नहीं था। अंततः यह निर्णय लिया गया कि सीधे सरकारी खजाने पर हाथ डाला जाए। यह फैसला न केवल साहसिक था बल्कि अत्यंत जोखिम भरा भी क्योंकि असफलता की स्थिति में इसका परिणाम मृत्यु या आजीवन कारावास हो सकता था। 8 अगस्त 1925 को बिस्मिल के घर गुप्त बैठक हुई, जिसमें ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूटने की विस्तृत योजना बनाई गई। अगले ही दिन 9 अगस्त 1925 को एचआरए के 10 क्रांतिकारी सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। इनमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र लाहिड़ी, शचीन्द्रनाथ बख्शी, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल, केशव चक्रवर्ती और मुकुंदी लाल शामिल थे। लखनऊ के निकट काकोरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चेन खींच कर उसे रोका गया।

योजना के अनुसार, राजेंद्र लाहिड़ी ने नेतृत्व संभाला और कुछ ही क्षणों में सरकारी खजाने को कब्जे में ले लिया गया। यह कार्रवाई इतनी सुनियोजित थी कि यात्रियों को अधिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि दुर्भाग्यवश एक आकस्मिक गोली चलने से एक यात्री की मृत्यु हो गई, जिसे बाद में ब्रिटिश सरकार ने पूरे मामले को और अधिक संगीन बनाने के लिए प्रमुख आधार बनाया। इस लूट में कुल 4601 रुपये प्राप्त हुए जो उस समय एक बड़ी राशि थी। अगले ही दिन यह खबर अखबारों के माध्यम से पूरे देश और विदेश में फैल गई। लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स तक में इस घटना की चर्चा हुई। ब्रिटिश सरकार हिल गई और उसने इसे अपनी सत्ता के लिए खुली चुनौती माना। इसके बाद जो दमनचक्र चला, वह भारतीय इतिहास के सबसे कठोर अभियानों में से एक था। ब्रिटिश सरकार ने एचआरए के लगभग 40 क्रांतिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाया। लंबी सुनवाई और कठोर पूछताछ के बाद अंग्रेजी अदालत ने 4 क्रांतिकारियों को फांसी की सजा सुनाई। राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को 17 दिसम्बर 1927 को गोंडा जेल में फांसी दी गई। इसके दो दिन बाद 19 दिसम्बर 1927 को राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान और रोशन सिंह को अलग-अलग जेलों में फांसी दे दी गई। इन फांसियों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। हिंदू-मुस्लिम एकता की अद्भुत मिसाल बने बिस्मिल और अशफाक की मित्रता ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता संग्राम किसी एक धर्म या समुदाय का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का संघर्ष था। उनकी शहादत ने असहयोग आंदोलन के बाद ठहर गई क्रांतिकारी चेतना को फिर से प्रज्वलित कर दिया।

काकोरी कांड का सबसे अनछुआ पहलू यह है कि यह केवल धन लूट की घटना नहीं थी बल्कि यह एक वैचारिक विद्रोह था, जिसका उद्देश्य अंग्रेजी शासन की नैतिक वैधता को चुनौती देना और यह संदेश देना था कि भारत अब दासता स्वीकार नहीं करेगा। इस घटना ने आगे चलकर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं को भी गहराई से प्रभावित किया। आज, जब हम काकोरी शहीद दिवस मनाते हैं तो यह केवल अतीत को स्मरण करने का अवसर नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का दिन है। काकोरी के शूरवीरों ने हमें सिखाया कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं बल्कि कर्त्तव्य भी है उसकी रक्षा का, उसकी गरिमा बनाए रखने का। काकोरी कांड के शहीदों का बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उनका साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाता रहेगा कि भारत को आजादी यूं ही नहीं मिली बल्कि इसके पीछे अनगिनत वीरों का लहू बहा है। भारत आज भी उनका ऋणी है और सदैव रहेगा।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### श्रीराजा राम इन्टर कालेज में भोज के बाद संतों को वितरित किए गए कंबल



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में हो रही यज्ञ के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। तथा संतो को कंबल भेंटकर बिदाई दी गई। क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्रीराजा राम इंटर कालेज में यज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के समापन अवसरपर भंडारे का आयोजन किया गया। तथा सबसे पहले यज्ञ में पधारे संत समाज को भोजन कराया गया। इसके बाद उन्हें ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व चेयरमैन हमीरपुर कुलदीप निषाद द्वारा कंबल भेंट कर विदाई दी गई। इसके बाद भंडारे का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर आसपास के गांवों के लोगों ने प्रसाद गृहण किया।

### कल से 12 कोच की चलेगी कानपुर-खजुराहो मेंमू पैसेंजर

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** आगामी 20 दिसंबर से कानपुर से खजुराहो के मध्य चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन में 8 के बजाय 12 कोच चलेंगे। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे झांसी के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जन प्रतिनिधियों एवं आम जनमानस की मांग पर रेलवे ने कानपुर एवं खजुराहो तथा खजुराहो कानपुर के मध्य सुबह शाम चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन में कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। आगामी 20 दिसंबर को कानपुर से शाम 4ः 20 बजे चलने वाली मेमू में 8 के स्थान पर 12 कोच चलाए जाएंगे। इसी तरह 21 दिसंबर को तड़के खजुराहो से चलकर कानपुर जाने वाली पैसेंजर में 12 कोच होंगे और यह अब यह कोच नियमित रूप से चलाए जाएंगे। रेलवे के इस निर्णय का व्यापार मंडल ने स्वागत किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि कानपुर खजुराहो पैसेंजर में कोच बढ़ाने का सीधा फायदा व्यापारियों को होगा और कानपुर जाने में बड़ी राहत मिलेगी अभी तक कोच कम होने पर भीड़ बढ़ने पर तमाम मुसीबतों का सामना करना पड़ता था।

### मंदिर में पुनः स्थापित करवाई गई मूर्ति

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।** न्यूरिया गांव मे बने हनुमान मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति को मंद बुद्धि ने उठा कर फेंक दिया था जिसको लेकर तालाब छानती रही। पुलिस व ग्रामीण आरोपी के घर में ही मिली मूर्ति ग्रामीणों ने कराई पुनर्स्थापना बिवार थाना क्षेत्र की कुन्हेटा चौकी क्षेत्र के न्यूरिया गांव में बीते बुधवार को मंदिर से चोरी हुई हनुमान की मूर्ति आरोपी मंदबुद्धि युवक के घर से मिली बुधवार के दिन उसी आरोपी के बताने पर गांव के लोग और चौकी की पुलिस पूरा दिन तालाब ने खोजती रही लेकिन मूर्ति नहीं मिली ।वहीं बृहस्पतिवार के दिन सुबह लगभग नौ बजे पुलिस को मूर्ति उसी के घर में अलमारी के पीछे रखी मिली चौकी इंचार्ज एसआई रविन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार के दिन आरोपी का पूरा घर छान मारा था लेकिन मूर्ति नहीं मिली थी और जब अलमारी हटाई तो विधिवत पूजा की हुई फूल मालाओं से लदी मूर्ति मिल गई। जब आरोपी से पूंछा तो वह सिर्फ इतना कह रहा था कि हनुमान जी कह रहे थे मुझे घर ले जाओ तो ले आया वहीं मूर्ति मिलने के बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया दीक्षित ने ग्रामीणों को बुलाकर मूर्ति के लिए डोला पालकी सजवाय और विधिवत हवन पूजन कर मंदिर में उसकी पुनर्स्थापना करवा दी ।इस मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाः फर्जीवाड़ा करने के मामले में सात वांछित गिरफ्तार



**चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक विशाल बाजपेई व उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में थाना चरखारी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस से सम्बन्धित 07 वांछिंत अभियुक्तगण राजेन्द्र कुमार पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम लुहारी थाना चरखारी,सतेन्द्र कुमार पुत्र कमलेश राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष,कमलेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल उम्र करीब 45 वर्ष,सक्षम पुत्र कमलेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण नटर्रा थाना पनवाड़ी,रामस्वरुप पुत्र लक्ष्मन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर,आशाराम पुत्र भुजबल उम्र करीब 33 वर्ष निवासी मोहल्ला गोविन्दनगर कस्बा व थाना कुलपहाड़, सीएससी संचालक कमलकिशोर पुत्र मानिकचन्द्र उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम नटर्रा थाना पनवाड़ी को रतनसागर तालाब रोड वनविभाग गेट के पास कस्बा चरखारी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा एक योजना के तहत अन्य अभियुक्तगण के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है। उक्त मुकदमें में पूर्व में कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है, जो भी इन कार्यों में संलिप्त पाये जाते है। उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### फार्मर रजिस्ट्री कराकर लें शासन की योजनाओं का लाभ



**अजनर/महोबा।** ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी किसान पाठशाला का आयोजन अजनर की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में सम्पन्न बैठक में कृषि बिभाग से टी एस सी राजकुमार कुशवाहा ने किसानों को कृषि से सम्बंधित समस्याएं जैसे किसान सम्मान निधि न आना, फसल बीमा न मिलना, खाद समस्या को लेकर किसानों से संवाद किया और समाधान हेतु सुझाव दिए। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख जैतपुर बृजेन्द्र द्विवेदी, संचालक आलोक नगरिया, सचिव भूपकिशोर, खमा सचिव उमेश अग्निहोत्री, अरविन्द सिह, बधजेन्द्र सिह सहित दर्जनो किसान मौजूद रहे।

### डीएम ने बैठक कर की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा



**महोबा।** मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फसल बीमा की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक रबी 2025 में 23352 बीमा पॉलिसी पोर्टल पर प्राप्त हुई हैं। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक व समस्त जिला समन्वयक बैंको को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर 2025 तक समस्त किसान क्रेडिट कार्ड धारकों का प्रीमियम काटकर फसल बीमा पोर्टल पर विवरण दर्ज करा दिया जाये। उपस्थित जिला प्रबन्धक जनसेवा केन्द्र को निर्देशित किया गया कि जो भी गैर ऋणी कृषकों द्वारा फसल बीमा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से कराया जाए उन अभिलेखों की सघन जॉच करते हुए अभिलेख पोर्टल पर अपलोड किये जाये। यदि गलत अभिलेख अपलोड कर फसल बीमा कराया जायेगा, उनका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा खरीफ 2025 के फसल बीमा की समीक्षा की गयी। बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि कुल ऋणी कृषकों के बीमा पॉलिसी की सं0-126042 थी, जिसमें 26632 बीमा पॉलिसियो को बैंको के पास पुनः सत्यापन के लिए भेजा गया। बैंकों से सत्यापन उपरान्त 122603 ऋणी कृषकों की बीमा पॉलिसियों को पोर्टल पर एप्रूव किया गया व 1231 बीमा पॉलिसियों को अभिलेखीय विसंगति के कारण रिजेक्ट का दिया गया। इसी प्रकार गैर ऋणी कृषकों के प्राप्त 141376 आवेदनों में से 82028 आवेदनों को तहसील से सत्यापन कराया गया एवं 11070 आवेदनों को चकबंदी विभाग से सत्यापन कराया गया तथा 46700 आवेदनों को अभिलेख कम होने व धुंधले होने या विसंगति के कारण बीमा पॉलिसी को रिवर्ट किया गया है। सत्यापन उपरान्त 90115 आवेदनों को बीमा पोर्टल पर एप्रूव कर दिया गया एवं 51048 आवेदनों में अभिलेख गलत होने, सही अभिलेख पोर्टल पर अपलोड न किये जाने एवं अन्य कारणों से रिजेक्ट कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक व सम्बन्धित बीमा कम्पनी को निर्देश दिये गये कि उप कृषि निदेशक कार्यालय में हेल्प डेस्क बना दी जाये। रिजेक्टेड आवेदनों में से यदि कोई कृषक दिनांक 30.12.2025 तक अभिलेखों के साथ हेल्पडेस्क में या बीमा कम्पनी कार्यालय में आवेदन करता है तो समस्त अभिलेखों का तहसील से सत्यापन कराया जायें एवं सत्यापन में सही पाई गयी बीमा पॉलिसियों को एप्रूव कराया जाये। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस, अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैंक व बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ठण्ड बढ़ने से ठिठुरे लोग, लिया अलाव का सहारा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को मौसम के अचानक पलटी मार देने से शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। नगर पंचायत के अलाव दिन में गायब रहने से लोगों को शीतलहर से बचने के लिए खुद के अलाव का सहारा लेना पड़ा। दिन भर लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं होने से पशु पक्षी बेहाल रहे।

बुधवार को सुबह से चटख धूप खिलने के बाद गुरुवार को मौसम बिगड़ गया। भीषण कोहरे के साथ शीतलहर चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके। तापमान लुढकने से लोग दिनभर ठंड से ठिठुरते नजर आए। नगर पंचायत के अलावा प्रमुख स्थानों से दिन में गायब रहे। लोगों खुद के अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने को मजबूर होना पड़ा।



### मौसम के बदलाव से लोग आग के पास बैठे रहे

**कुरारा, हमीरपुर।** दिन भर आसमान में छाए बादलों के चलते शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया। दिन भर सूर्य देव के दर्शन न होने से लोग आग के पास बैठे रहे। रात से घना कोहरा छाए रहने से दिन में भी धूप के दर्शन नहीं हुए। वहीं शीत लहर बढ़ जाने से लोग दिन भर आग सेकते रहे। ठंडी हवा चलने से शीत लहर का प्रकोप दिखाई दिया। बढ़ती ठंड से जहां फसलों को राहत मिलेगी। वहीं लोगअलाव सेकते रहे।

### अलाव तापते रहे शिक्षक, परीक्षा केंद्र में नहीं आये परीक्षार्थी



**खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी की चल रही के विषम सेमेस्टर की परीक्षाए शांति पूर्वक एवम सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई जा रही है। वहीं स्वर्गीय बाबूराम महाविद्यालय बिगहना में शाम पाली को एक छात्र की परीक्षा होनी थी, छात्र परीक्षा देने नहीं आया, कालेज प्रशासन दो घण्टे करता रहा छात्र का इंतजार। कस्बा बिवांर में संचालित हीरानन्द पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ अभिनंदन सिंह ने बताया की गुरुवार की सुबह पाली में आयोजित हुई बीएससी पंचम सेमेस्टर विषय बनस्पति विज्ञान की परीक्षा के लिए 18 छात्राएं पंजीकृत थी जो सभी शामिल रही ।दोपहर पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर माइनर विषय प्रारंभिक गणित व बीएससी तृतीय सेमेस्टर भारतीय संस्कृति का इतिहास में कुल 2 छात्राओं ने अपनी परीक्षा दी। वहीं गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के प्राचार्य डॉ. लोकेंद्र पांडेय ने बताया कि गुरुवार को दोपहर पाली में सम्पन्न हुई बीए तृतीय सेमेस्टर माइनर विषय प्रारम्भिक गणित की परीक्षा के लिए 63 छात्राएं पंजीकृत थीं, जो सभी ने अपनी परीक्षा दी। इसी प्रकार बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के केंद्राध्यक्ष डॉ अरविंद पांडेय ने बताया की सुबह पाली में बीएससी पंचम सेमेस्टर विषय बनस्पति विज्ञान की 4 छात्राओं ने अपनी परीक्षा दी। वहीं शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय उर्द की परीक्षा के लिए एक छात्र पंजीकृत था जो अपनी परीक्षा देने नहीं आया जिसके लिए महाविद्यालय में केंद्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, दो कक्ष निरीक्षक, एक सहायक कक्ष निरीक्षक, दो आंतरिक उड़ाका दल सहित दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित नौ लोग एक छात्र की परीक्षा कराने के लिए दो घंटे इंतजार करते रहे, छात्र अपनी परीक्षा देने परीक्षा केंद्र नहीं पहुचा तो सभी शिक्षक अलाव तापते रहे।

## जल संसाधन मंत्री से इंगोहटा गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में जल निगम की पानी की टंकी से पूरे गांव में पेयजल की आपूर्ति न होने से त्रस्त ग्रामीणों ने जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे सभी ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।धर्म प्रसार विहिप के जिला प्रमुख ज्ञानेश दीक्षित ने जलशक्ति मंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि इंगोहटा गांव की आबादी 20 हजार से अधिक है, लेकिन जल निगम की टंकी से केवल आधी आबादी को ही पानी मिल पा रहा है। जल निगम अक्सर मोटर का लोड न ले पाने का बहाना बनाकर पूरे गांव में पेयजल की सप्लाई नहीं दे रहा हैं। जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि नमामि गंगे योजना के तहत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने से गांव की पूरी आबादी को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। योजना का लाभ लेकर न केवल पेयजल संकट दूर होगा, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी कम होंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या ने ग्रामीण जीवन को कठिन बना दिया है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए भटकना पड़ता है। विहिप धर्म प्रसार प्रमुख सहित ग्रामीणों ने इंगोहटा गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग की है।

## व्यवहारिक बहुस्तरीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण आयोजित

- सहकार भारती, स्वदेशी जागरण मंच, कृषि एवं ग्राम विकास विभाग व ब्रह्म कुमारीज द्वारा संयुक्त रूप से हुआ आयोजन

**भरुआ सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के नजरपुर सौंखर रोड में सहकार भारती, स्वदेशी जागरण मंच, कृषि एवं ग्राम विकास विभाग तथा ब्रह्मकुमारीज द्वारा आयोजित व्यवहारिक बहुस्तरीय प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण में किसानों को नई तकनीकी की जानकारियां दी गयीं। मुख्य अतिथि अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश श्याम बिहारी गुप्ता की उपस्थिति में किसानों को आज के खानपान से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव करने के लिए क्षेत्र में कृषि की उपज पर की जाने वाली विभिन्न प्रकार की जहरीली उर्वरकों को दोषी बताते हुए बचाव के तरीक़े बताये गये। कृषि आविष्कारक आकाश चौरसिया ने बताया कि अगर हम देशी ढंग से गाय के गोबर द्वारा तैयार की गई खाद का प्रयोग करें तो हमारी पैदावारी भी अच्छी होगी और हमारी खेती की लाइफ भी आगे तक जाएगी। अन्य वक्ताओं ने भी किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक विधियों द्वारा कीट नियंत्रण, बहु मंजिला कृषि प्रायोगिक अभ्यास, कम पानी एवं विधियों द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में डॉ. देव सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। गौ आयोग के सदस्य राजेश सेंगर ने मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता के साथ गौशाला जाकर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुये कहा कि सभी को अपने घर में कम से कम एक गौ माता रखना चाहिए। इस मौके पर दुष्यंत सिंह परिहार, अरविंद श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, अरविंद दुबे सहित दूर दराज से आए किसान एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की हुई समीक्षा बैठक



**हमीरपुर।** स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अभियान की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई और आगे की कार्यवाही एवं आगामी लक्ष्यों पर चर्चा भी की गई जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी की जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कहा कि इस अभियान को महत्वपूर्ण समझते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत के साथ कार्य करें ताकि कोई ऐसा व्यक्ति ना हो जो की धोखे से भी गलत जुड़ जाए और उसके जूड़ने से हम सभी को आगे समस्या खड़ी हो जाए और ऐसा भी व्यक्ति ना रह जाए जो की यहां का रहने वाला हो और उसकी छोटी सी भी अज्ञानता के कारण जुड़ने से वंचित हो जाए इसलिए बूथ से लेकर मंडल एवं जनपद स्तर तक लगाए गए जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि इस कार्य को महत्वपूर्ण कार्य समझते हुए कार्यरत बी एल ओ के साथ तालमेल बैठाकर गलत लोगों के नाम हटाकर सही लोगों के नाम जोड़ने का कार्य किया जाए इस बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सदस्य सरस्वती शरण द्विवेदी कुरारा ब्लाकप्रमुख आशीष पालीवाल राठ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया लक्ष्मी रतन साहू मौदहा ब्लॉक प्रमुख लाला राम निषाद किशन व्यास अरविंद श्रीवास्तव नीलम बाजपेई साधना सिंह उत्तम सिंह एवं बीजेपी पदाधिकारी और देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## परिवार परामर्श केंद्र की पहल से बिखरने से बचे परिवार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया। संवाद,समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 15 ऐसे जोड़ों,जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था,की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप कई पति-पत्नी पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला, महिला कांस्टेबल रेखा देवी, महिला कांस्टेबल प्रीती देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, नेहा चंसौरिया, विभा पुरवार, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी एवं मोहम्मद हनीफ आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष का कस्बे में हुआ स्वागत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा धरातल मे अपने संगठन को मजबूत बनाने मे जुटी है। इसी के तहत बसपा ने जिले की कमान अब छोटेलाल वर्मा को सौपी है। कस्बे मे आने पर बसपा जिलाध्यक्ष का बसपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। बसपा सुप्रीमो के आदेश पर जिले की कमान अब राघवेन्द्र अहिरवार की जगह छोटेलाल वर्मा को दी गयी है। प्रथम बार कस्बे मे आने पर बसपाइयों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती जी का चित्र भेंटकर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बिहारीलाल वर्मा, डा. जीतेन्द्र सागर, रामबाबू वर्मा, बाबूराम, श्रीराम प्रजापति, दीपू वर्मा, राकेश श्रीवास, आशादीन वर्मा, भूरा श्रीवास, राकेश कुमार चक, धनीराम, सीताराम, जयप्रकाश वर्मा, गोपाल पाल आदि ने जोरदार स्वागत किया।

### अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, 6 छात्र घायल

**अजनर/महोबा।** संतुलन बिगड़ने से ई रिक्शा पलट गया। दुर्घटना में रिक्शा में सवार 6 स्कूली छात्र घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से स्कूली बच्चों को लेकर आने वाला ई रिक्शा बेलाताल मार्ग में पलट गया। थाना क्षेत्र के कैथोरा से स्कूली बच्चों को ई रिक्शा लेकर जा रहा था। दुर्घटना में छात्र राज, निर्दोष, काजल, आयुषी, पूजा, अमर आदि घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। छात्रों ने बताया कि कोहरे के कारण ई रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया जिससे ई रिक्शा पलट गया और छात्र घायल हो गए। अभिभावकों ने कहा कि ई रिक्शा में क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाया जा रहा है। कोहरे में ई-रिक्शा चालक मनमानी कर रहे है।

## प्रभात पटैरिया बने डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष व मंत्री बने जमील अहमद

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा महोबा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया मुख्य अतिथि संदीप बडोला प्रदेश अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उप्र व प्रान्तीय पर्यवेक्षक अजय शिवहरे मण्डलीय सचिव चित्रकूट धाम मण्डल बांदा तथा चुनाव अधिकारी अजय तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद महोबा की देखरेख में संपन्न कराया गया। चुनाव में मतदान के माध्यम से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर प्रभात पटैरिया फार्मासिस्ट नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरवारा निर्वाचित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पवन कुमार सिंह फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीनगर, उपाध्यक्ष पद पर चन्द्रशेखर फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहनिया चुने गए। जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी जमील अहमद फार्मासिस्ट ड्रग वेयर हाउस महोबा को सौंपी गई,जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सन्तोष कुशवाहा फार्मासिस्ट जिला महिला चिकित्सालय महोबा निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता,फार्मासिस्टों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## ई-पॉश मशीन से हो खाद का वितरणः जिलाधिकारी



**महोबा।** जनपद में किसानों को हो रही खाद की किल्लत से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों की मौजूदगी में खाद वितरण की समीक्षा कर ई-पॉस मशीन द्वारा ही खाद वितरण करने के निर्देश दिए एवं बिना पॉस मशीन के खाद वितरण पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी। दरअसल जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने किसानों को खाद वितरण में हो रही दिक्कत को देखते हुए एडीएम,एसडीएम,सीओ और कृषि अधिकारी की मौजूदगी में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान डीएम ने बताया कि खाद की दुकानों पर ओवर रेटिंग पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी अभी तक ओवर रेटिंग कर रहे चार दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं और निर्देश दिये गए कि ज्यादा किसान होने पर टोकन देकर खाद वितरित किया जाए। इस दौरान उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पॉस मशीन द्वारा ही खाद वितरण किया जाए और यदि कोई बिना ई-पॉस मशीन के खाद वितरण करते पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

## कोहरे से ढकी वीरभूमि, बढ़ी गलन

- तीन दिन से लगातार लुढ़क रहा पारा, सर्दी बढ़ने से कांपे लोग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। सुबह से कोहरा होने के कारण राजमार्ग में वाहन रेंगते हुए नजर आए। घने कोहरे से हादसों का खतरा बढ़ गया। सुबह शाम लोग सर्दी से कांप रहे है। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। गर्म कपड़ों से लोग लद रहे हैं। गुरुवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। शहर से कानपुर-सागर और झांसी मिर्जापुर राजमार्ग गुजरे हैं। इन राजमार्गो में वाहन कोहरे के चलते रेंगते हुए नजर आए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में भी वाहनों की रफ्तार खासी धीमी दिखी। आम दिनों में फर्राटा भरने वाले वाहनों की रफ्तार कमजोर दिखी। स्कूल जाने वाले छात्र घने कोहरे के बीच विद्यालय पहुंचनें को मजबूर हुए। कर्मचारी भी कोहरे के बीच कार्यालय पहुंचें। लोग चौराहों में सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते हुए नजर आए। तीन दिन में दो डिग्री पारा लुढ़क गया है। कोहरे के कारण बीस मीटर दूरी पर कुछ भी नहीं दिख रहा था। कोहरे के कहर के कारण लोग घर से देरी से निकल सके। लगातार बढ़ रही सर्दी से बच्चों और बुजुर्गो में खास खतरा दिख रहा है। डॉक्टरों ने बच्चों और उम्रदराज लोगों को सर्दी से बचाव करने पर जोर दिया है। घना कोहरा होने के कारण मॉनिंग वॉक में जाने वाले लोगों की संख्या भी कम नजर आई।

### ग्रामीणों को किए गए कंबल वितरित

**अजनर।** सर्दी बढ़ने पर प्रशासन के द्वारा एडवाइजरी जारी करने के साथ ही कंबल वितरण अभियान को तेज कर दिया है। एसडीएम कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार ने तहसीलदार प्रमित सचान और चरखारी विधायक डॉ बृजभूषण राजपूत के प्रतिनिधि उदित राजपूत के साथ कुढ़ई गांव में लोगों को कंबल वितरित करते हुए लोगों को सर्दी से बचाव करने के लिए जागरुक किया। एसडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत के द्वारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था कराई जाए। इस मौके पर अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

## एसपी ने निर्माणाधीन महिला थाना का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा कराने के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर के समीप निर्माणाधीन महिला थाना महोबा का क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला थाना भवन के निर्माण की वर्तमान प्रगति, संरचनात्मक गुणवत्ता तथा महिला-केंद्रित आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित की जा रही व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। महिला थाना भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। एसपी द्वारा शेष अवशिष्ट कार्यों एवं आवश्यक सुविधाओं को चिन्हित करते हुए कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। महिला शिकायतकर्ताओं के लिए सुरक्षित, गोपनीय, संवेदनशील एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए। परामर्श कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, रिकॉर्ड रूम, ड्यूटी ऑफिस, बैरक एवं अन्य आवश्यक कक्षों का निर्माण मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप पूर्ण किया जाए। विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पेयजल, अग्नि सुरक्षा एवं समग्र सुरक्षा व्यवस्थाएँ पूर्णतः दुरुस्त, सुचारु एवं उच्च गुणवत्ता की हों। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि प्रस्तावित महिला थाना भवन अत्याधुनिक, सुरक्षित एवं महिला-अनुकूल सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे महिला संबंधी प्रकरणों के त्वरित, प्रभावी, संवेदनशील एवं भरोसेमंद निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्धता का कठोरता से पालन करते हुए शेष समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश प्रदान किए।

# जमीनी पड़ताल में नगर पंचायत की अलाव व्यवस्था दिखी ढोल में पोल

▸ अभी जहां बाहरी लोग आते हैं वहां पर की गई है दोनो समय अलाव की व्यवस्था अधिशाषी अधिकारी

**बछरावां,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र व जनपद में ही नहीं अपितु देश एवं प्रदेश के कई हिस्सों में भयंकर शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों से हो रही भयंकर ठंड की ठिठुरन एवं शीतलहर ने क्षेत्र के लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया है। इस समय अलाव ही उनका एकमात्र सहारा है। जो कि शासन प्रशासन के निर्देशों के बावजूद भी जनपद की हाईटेक नगर पंचायत बछरावां के सार्वजनिक स्थानों व चौराहो से नगरवासियो को मुंह चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। विदित हो कि नगर पंचायत के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में बानगी मंडी चौराहा, चूड़ी मंडी चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, आदि नगर कट के पास, चंद्रा मार्केट के पास, डॉक्टर विजय के क्लीनिक के पास और नगर क्षेत्र के अंतर्गत अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी, जो इस बार पड़ताल के दौरान मौके पर नदारद मिली। वहीं नगर पंचायत के द्वारा कस्बे में स्थित बस स्टॉप, पुराने नगर पंचायत कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में अलाव की व्यवस्था की तो गई, परंतु कहीं-कहीं लकड़िया गीली रही, जिससे उनमें केवल धुआं ही उठता हुआ नजर आया। बस स्टॉप पर मौजूद लखनऊ जाने वाले यात्री राम सुमेर, रामेश्वर, अमरेंद्र जायसवाल, कीर्ति त्रिपाठी, महिमा पांडे ने बताया कि बस स्टॉप पर जो अलाव की व्यवस्था की गई है, वह जल नहीं रहा है, सिर्फ धुआं निकल रहा है।

वही जिन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, उन स्थानों पर मौजूद लोगों का कहना है कि इससे पूर्व नगर पंचायत के द्वारा ऐसे दर्जनों स्थानो पर आम जनमानस को इस ठिठुरती ठंड में अलाव की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती थी। जो इस बार अभी तक देखने को नहीं मिली है। वहीं उक्त समस्याओं को लेकर जब नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा से उनके सीयूजी नंबर पर दूरभाष के माध्यम से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि अभी अलाव की व्यवस्था उन स्थानों पर की गई है जहां पर बाहर के लोग आते हैं, जब अन्य सार्वजनिक स्थानों का जिक्र उनसे किया गया तो उन्होंने उस बात को स्वीकारते हुए कहा कि जल्द ही वहां भी व्यवस्था हो जाएगी।

परंतु सवाल यह उठना लाजमी हो जाता है कि क्या बानगी मंडी, सब्जी मंडी, कस्बे की मुख्य मार्केट शिवगढ़ रोड सहित अन्य दर्जन भर स्थानों पर क्या बाहर से लोग नहीं आते हैं, केवल दो या तीन ही स्थानों पर बाहर से लोग आते हैं, जहां पर अधिशाषी अधिकारी महोदय दोनों टाइम अलाव जलाने की बात कहते हुए नजर आए और जो रैन बसेरा कस्बे के मुख्य चौराहे से 700 से 800 मीटर की दूरी पर बनाया गया है। फिलहाल हाईटेक बछरावां नगर पंचायत शासन की व्यवस्थाओं में मौजूद अवस्थाएं ढोल में पोल की कहावत को चरितार्थ करती हुई नजर आ रही है।

# सकरन ब्लॉक सभागार में हुआ 200 कंबलों का वितरण

▸ कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व तहसीलदार रहे उपस्थित

**बिसवां,सीतापुर समृद्धि न्यूज़।**



ठंड को देखते हुए बृहस्पतिवार को सकरन ब्लॉक सभागार में तहसील बिसवां द्वारा भाजपा महाराज नगर मंडल क्षेत्र के गरीब, विधवा व असहाय लोगों को 200 कंबल वितरित किए गए।

कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा व तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसी क्रम में पुरैनी में भी 150 कंबलों का वितरण किया गया।

विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखने वाली सरकार है। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि जो पात्र बुजुर्ग व गरीब कंबल पाने से वंचित रह गए हैं, उनके लिए पुनः कैंप लगाकर कंबल वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह, बीडीओ श्रीश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जितेंद्र मिश्र, आनंद अवस्थी सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कब्जामुक्त होंगे चकमार्ग, आसानी से खेतों तक पहुंच सकेंगे कृषकः डीएम

**सीतापुर,समृद्धि न्यूज़।**

▸ इससे केवल ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले भूमि विवाद कम होंगे

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की पहल पर जनपद में चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कराते हुये उन्हें मनरेगा योजना से बनवाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, इससे ग्रामीण वासियों को आसानी से खेतों तक पहुंचने से उपज में भी सुधार सम्भव होगा। सभी उपजिलाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर जनपद के कुल 5687 चकमार्ग चिन्हित किये गये, जिनमें 4250 चक मार्गों का चिन्हांकन एवं मापन लेखपाल द्वारा किया गया। इन चकमार्गों के पटान एवं दुरूस्तीकरण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में 5652 आईडी बनवाते हुये 3749 कार्य प्रगति पर हैं। शेष कार्य शीघ्र ही कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार चकमार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने पूरे जनपद में व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गयी है। इन चकमार्गों से किसानों को आवागमन में सुविधा हो, इसलिये मनरेगा योजना के अन्तर्गत चिन्हित कर इन पर कार्य कराये जा रहे हैं, इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले भूमि विवाद कम होंगे, बल्कि आसानी से खेतों तक पहुंचने से उपज में भी सुधार सम्भव हो सकेगा।

# चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

▸ सभी खेलो मे ओवरऑल चैंपियन रहा विवेकानंद हाउस

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की चार दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन हुआ विभिन्न खेल के विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि संतलाल (लालगंज ब्लाक व्यायाम शिक्षक) ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी खेलो मे विवेकानंद हाउस ओवरऑल चैंपियन रहा! दूसरे स्थान पर सुभाष हाउस रहा। प्राइमरी 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग मे अब्दुल रहमान प्रथम,कोनेन द्वितीय, अबू हुरैरा तृतीय रहे। बालिका वर्ग मे सनाया प्रथम, साहिदा द्वितीय आफरीन तृतीय रही! 200 मीटर बालिका मे इल्तिजा प्रथम, ईशल द्वितीय, मैनाज तृतीय रहीं वही बालको मे दानिश प्रथम, राशिद द्वितीय सय्यद तृतीय रहें।

जूनियर वर्ग बालक 100 मीटर मे जीशान प्रथम, भूपेंद्र द्वितीय हुजैफ तृतीय रहें, बालिका 100 मीटर मे खुशी प्रथम तस्फिया द्वितीय जैनब तृतीय रहीं 200 मीटर बालक मे ताहा प्रथम, आयुष गौतम द्वितीय भूपेंद्र तृतीय रहें बालिका वर्ग मे आरजू प्रथम, हाजिक रिजा द्वितीय, जोया तृतीय रहीं! तथा 400 मीटर बालको मे ताहा प्रथम उजैफ द्वितीय, जीशान तृतीय स्थान पर रहें बालिका वर्ग मे तस्फिया प्रथम जीनत द्वितीय, राधिका तृतीय स्थान प्राप्त किया प्राइमरी रस्सा कसी बालकों मे विवेकानंद प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय रहा, बालिकाओं मे विवेकानंद प्रथम, एपीजे अब्दुल कलाम हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वही जूनियर वर्ग रस्सा कसी बालक वर्ग मे विवेकानंद हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय रहा बालिका वर्ग मे विवेकानंद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय रहा। खो खो प्राइमरी मे बालिका विवेकानंद टीम प्रथम सुभाष हाउस द्वितीय रहें बालक वर्ग मे विवेकानंद प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय स्थान पर रहें जूनियर खो खो बालक मे विवेकानंद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय रहा वही बालिका वर्ग मे टैगोर हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

ऊँची कूद मे बालक वर्ग मे जीशान प्रथम, हुजैफ द्वितीय अनस तृतीय रहें वही बालिका वर्ग मे इल्मा फिरोज प्रथम इकरा द्वितीय, महेक तृतीय रहीं। इस मौके पर पूर्व व्यायाम शिक्षक सरेनी एपी सिंह, अभिषेक सिंह,प्रबंधक डॉ. अताउर रहमान, पुष्पेंद्र कुमार, राजू, मोहम्मद अनीश, शिवम् साहू, डिम्पी तिवारी, सोनी बेगम, नशरा रहमान, मंताशा, साधना सोनकर, रूपल, नेहा यादव, रिया रंगरेज़, दीपिका, काजल, सहित समस्त बच्चे तथा अभिभावक मौजूद रहे।

# गुम व खोए 19 मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को किए सुपुर्द



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में गुम/खोये मोबाइल/ टैबलेट की रिकवरी हेतु पूर्व में सीइआईआर पोर्टल पर प्राप्त ट्रेस बिलिटी डिटेल के आधार पर गुम/खोए हुए मोबाइल के संबंध में सूचनाओं प्राप्त हुई थी। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 19 मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिनमें वीवो कंपनी के चार, रियलमी कंपनी के तीन, वनप्लस कंपनी के दो, मोटोरोला कंपनी के एक, ओप्पो कंपनी के तीन, सैमसंग कंपनी के पाँच, रेडमी कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है और उन मोबाइल फोनों के स्वामियों को उनके मोबाइल फोन पुलिस के द्वारा सुपुर्द कर दिए गए। जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। मोबाइल फोन बरामद के इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह, कांस्टेबल आरक्षी अनिल सेन, आरक्षी रिजवान, आरक्षी अनूप की महती भूमिका रही।

## खबरें एक नजर में

### युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार की देर शाम चन्दापुर से महराजगंज की तरफ बाइक से आ रहा युवक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में चला गया जिससे युवक की मौत हो गई। रानी का पुरवा मजरे ओथी गांव निवासी महेश कुमार पुत्र शेर बहादुर उम्र 22वर्ष थाना महराजगंज चन्दापुर की तरफ से महराजगंज को आ रहा था निकट चंदापुर पावर हाउस के पास उसकी बाइक नियंत्रित हो गई और गहरी खाई में जा गिरा जिससे युवक को गंभीर चोटें आई आनन फानन उसे 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चन्दापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तो वहीं 22 वर्षीय युवक की मौत से परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल है युवक की मां ने बताया कि दो मास बाद हमारे महेश की शादी होनी थी अब सारी खुशियां मातम में बदल गई।

### यातायात पुलिस ने वाहनों में लगाये रेट्रो रिफ्लेक्टर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को यातायात प्रभारी उ.नि. शोभनाथ राम मय टीम द्वारा कस्बा गौरीगंज में जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का पालन करने तथा तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी । यातायात नियमों से संबंधित पंफ्लेट व हैण्डबिल वितरित किये गये। कोहरे व धुंध को देखते हुये सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु अभियान चलाकर वाहनों में आगे पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये।

### आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 52ली. अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को गठित टीम द्वारा ग्राम-शंकरगंज, जियापुर, सातन का पुरवा, निनावा तथा भूसियावां, साहबगड़, गौरीगंज में आकस्मिक दबिश देकर क्षेत्र-तिलोई में थाना मोहनगंज, शिवरतनगंज के अंतर्गत ग्राम-शंकरगंज, निनावा, सातन का पुरवा, से कुल 52 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 150कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग पंजीकृत किया गया है। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानीसागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह आदि दबिश में सम्मलित रहे।

### मंडलायुक्त राजेश कुमार ने किया एक दिवसीय दौरा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार अपने एक दिवसीय दौरे पर जनपद मुख्यालय गौरीगंज पहुंचे। इस दौरान उनके साथ अयोध्या मंडल के एडिशनल कमिश्नर भी मौजूद रहे। कमिश्नर के आगमन पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मंडल आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दौरे के दौरान मंडल आयुक्त एसआईआर की वास्तविक स्थिति, विकास कार्यों की प्रगति और विभागीय कार्यों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और जमीनी हकीकत की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान के साथ अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह तथा एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मां और भाभी गंभीर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तेज़ रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भीखीपुर के पास तेज़ रफ्तार पिकअप ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद उसकी मां और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिलीप कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र जग प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दिलीप अपनी मां सुशीला और भाभी सुमन पत्नी राकेश के साथ कहीं जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज़ रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दिलीप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मां और भाभी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।



### एसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को देर रात पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर व जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी, रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदिके संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

### अपर स्वास्थ्य निदेशक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के असैदापुर स्थित जिला अस्पताल का अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ बी के चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनएनसीयू और केएमसी रूम सहित विभिन्न वार्डों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाएं और उपलब्ध सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। अपर स्वास्थ्य निदेशक ने बताया कि अस्पताल में मौजूद सभी चिकित्सा उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं तथा उपलब्ध संसाधनों का नियमित और प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब आमजन निजी अस्पतालों की बजाय सरकारी अस्पताल में संतुष्टि के साथ इलाज करा रहे हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकेत है। हालांकि निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और जानकारियों को लेकर लोगों में अभी कमी है।

# एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित



**बिसवां,सीतापुर समृद्धि न्यूज।**

बीआरसी सकरन में आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में आगामी सत्र 2025-26 को लेकर चर्चा की गई। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने डीबीटी के माध्यम से बच्चों को मिलने वाली शैक्षिक सामग्री समय से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय प्राधिकारी जनप्रतिनिधियों का सहयोग सभी विद्यालयों के लिए अति आवश्यक है। उनके सहयोग से बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में सकारात्मक वृद्धि होगी। साथ ही समुदाय, अभिभावकों एवं ग्राम पंचायत की विद्यालयों के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा की बालिकाओं द्वारा अतिथि स्वागत किया गया। संचालन शिक्षक विशाल रस्तोगी ने किया। इस मौके पर स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सड़कों पर खड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश, लेकिन अमल नहीं

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राजमार्गों पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने सड़कों पर खड़े वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यातायात विभाग के साथ ही जिला प्रशासन को स्पष्ट आदेश दिया था कि सड़क किनारे अथवा राजमार्गों पर खड़े भारी वाहनों को तत्काल सीज किया जाए, ताकि धुंध और खराब दृश्यता के दौरान दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन जमीनी हकीकत इन आदेशों के ठीक उलट नजर आ रही है। गुरुवार को लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर दलसिंहपुर, धरौली और नारायणपुर मोड़ के पास कई बड़े ट्रक सड़क पर खड़े दिखाई दिए। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम रही, ऐसे में सड़क पर खड़े ये वाहन किसी बड़े हादसे को दावत देते नजर आए। हैरानी की बात यह रही कि इन अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहीं भी कोई प्रशासनिक या यातायात टीम मौजूद नहीं थी। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि सुबह और देर रात के समय कोहरा और धुंध के चलते वाहन चालकों को सामने खड़े ट्रक दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद भी यदि खुलेआम राजमार्गों पर ट्रक खड़े हैं, तो यह प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।

यात्रियों का आरोप है कि अफसरों की मनमानी और निष्क्रियता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से न तो नियमित चेकिंग हो रही है और न ही दोषी वाहन चालकों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# पंचायत सचिवों द्वारा किया जा रहा सत्याग्रह स्थगित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पंचायत सचिवो द्वारा किए जा रहे सत्याग्रह के स्थगित होने के बाद गुरुवार को ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के समन्वय समित के जिलाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ब्लाक हैदरगढ़ पहुंचे यहां पंचायत सचिवो से मुलाकात की उनका हाल-चाल जाना और आंदोलन को लेकर विचार विर्मश किया। कहा कि 1 से 15 दिसंबर तक चले सत्याग्रह को प्रांतीय नेतृत्व ने शासन से वार्ता के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया है। क्योंकि शासन का रूख सकारात्मक दिखाई पड़ा है।साथ ही हमारी मांगों पर विचार करने का पूरा आश्वासन दिया गया है।यदि मांगे पूरी नहीं होगी तो प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस मौके पर सचिव पवन कुमार,ज्ञान सिंह, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, हर्षित श्रीवास्तव, शिव कुमार,पूजा यादव, संयम मिश्रा अनुराग यादव जिला मंत्री विनय शुक्ला,प्रफुल्ल वर्मा ,हरिमोहन सक्सेना त्रिवेदीगंज आदि लोग मौजूद रहे।

### 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बाराबंकी।** शहर के पल्हरी इलाके में 11वीं का छात्र घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक नगर पालिका में तैनात सफाई कर्मी का पुत्र है। घटना का पता लगते ही परिजन बदहवास हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी कस्बा निवासी सूरज पाल के घर गुरुवार की दोपहर हुई। सूरज पाल नगर पालिका परिषद में बतौर सफाई कर्मचारी तैनात है। इनका 19 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार स्थानीय कॉलेज में 11वीं का छात्र था। पिता के अनुसार गुरुवार की दोपहर वह प्रभात की तलाश करने लगे पर वह घर में नहीं दिखा। इस बीच सूरज पाल ने प्रभात का कमरा बंद देखा तो उसे संदेह हुआ। पिता ने खिड़की से अंदर झांका तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे में प्रभात पंखे में साड़ी से बने फंदे से लटका हुआ था।

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के भिखरा गांव में लगे मोबाइल टावर में हुई चोरी की घटना की रिपोर्ट चार महीने बाद हैदरगढ़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज की है। रिलायंस जियो कंपनी के अधिकारी प्रशान्त शुक्ला बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की थीं। उन्होंने एसपी को बताया कि भिखरा गांव में रिलायंस जियो के मोबाइल टावर में बीती 26 अगस्त को कीमती सामान चोरी हो गया।इससे मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गया।उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की फरियाद की।एसपी हैदरगढ़ पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रेमिका की हत्या के मामले में प्रेमी व चार बहनें गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दो दिन पूर्व गोरखपुर से प्रेमी के घर शहाबपुर आयी प्रेमिका की हत्या मे शामिल प्रेमी व उसकी चार बहनो को गिरफ्तार कर मसौली पुलिस ने जेल भेज दिया है जबकि की हत्या मे शामिल प्रेमी के माता पिता अभी भी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्यवाही जारी है। बताते चले कि 16 दिसंबर की भोर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम शहाबपुर मे हाइवे के किनारे स्थित कमलेश यादव के घर पर उस समय हड़कंप मच गया जब गोरखपुर की एक 30 वर्षीय युवती का रक्तरंजित शव कमलेश यादव के घर से बरामद हुआ मृतका कमलेश यादव के पुत्र संदीप यादव की प्रेमिका है जो आधी रात्रि अपने प्रेमी संदीप के घर मिलने आयी थी। हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के आला अधिकारियो ने घटनास्थल का जायजा लिया और पुलिस अधीक्षक ने घटना के जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश दिये थे।

**24 घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम**

मंगलवार की भोर शहाबपुर मे हुई गोरखपुर की ममता यादव की हत्या के बाद मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लेकिन परिजनों के न आने पर मंगलवार को शव का पंचनामा नहीं हो सका बुधवार को पोस्टमार्टम हॉउस पहुंचे मृतका के भाई अभिषेक यादव एव पिता राजकिशोर की मौजूदगी मे शव का पोस्टमार्टम किया गया तथा अभिषेक यादव की तहरीर पर प्रेमी संदीप यादव, पिता कमलेश यादव, माता संतोष कुमारी व बहने सुधा, निधि, मीरा, कंचन के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर संदीप को पहले से ही गिरफ्तार कर लिया तथा बहनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि प्रेमी संदीप यादव के माता पिता अभी तक फरार है।

### खिचड़ी पर्व गौशाला का होगा शिलान्यास

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कल्याणी नदी पर गांव से सुल्तानपुर के बीच पुल निर्माण के साथ ही खिचड़ी पर्व पर गांव में बृहद गौशाला का शिलान्यास किया जाएगा। यह घोषणा खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने गुरुवार को अयोध्या के प्रवेश द्वार शाहपुर मुरारपुर में आयोजित चौपाल के दौरान की। चौपाल को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों का ही परिणाम है कि आज किसानों को उनकी उपज का समुचित मूल्य मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही केले की खेती को देखते हुए उनके प्रस्ताव पर शासन ने मालिनपुर स्थित कृषि प्रक्षेत्र फार्म पर 100 करोड़ रुपये की लागत से केले की टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे केला उत्पादक किसानों को उन्नत किस्म के टिश्यू कल्चर पौधे उपलब्ध होंगे और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# तीन दुकानों का ताला तोड़कर की लाखों की चोरी

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

ठंड बढ़ते ही चोरों का आतंक शुरू हो गया अभी हनुमान मंदिर की चोरी को एक दिन भी नही बिता की बीती रात्रि तीन दुकानों का ताला तोड़कर नगदी समेत टायर आदि उठा ले गए । बुधवार रात भिटरिया क्षेत्र स्थित एक शराब की दुकान सहित टायर की दुकान और केंटीन में अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार सुमेरगंज-भिटरिया मार्ग पर स्थित शराब की दुकान रात करीब 10 बजे निर्धारित समय पर बंद की गई थी। इसके लगभग 25 मिनट बाद ही अज्ञात चोर दुकान के बाहर लगे चैनल का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने दुकान के दरवाजे का ताला भी तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गल्ले में रखी बिक्री की नगदी उठा ले गए। चोरों ने यही नही रुके बगल टायर की दुकान से टायर उठा ले गए घटना को अंजाम देने के दौरान दुकान में लगे एक सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के दौरान दुकान में लगा दूसरा सीसीटीवी कैमरा चालू मिला, जिसमें मुंह बांधे एक चोर दिखाई दे रहा है।

# नौनिहालों ने दिखाया दमखम, कबड्डी में जलालाबाद रहा अव्वल

▸ ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन बाले छात्र- छात्रा सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित करते अबधनारायण व अन्य

ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बीडी तिवारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। ठिठुरती सर्दी के बीच आयोजित प्रतियोगिताओं में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी व खो-खो जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय अलीनगर की पलक ने 50, 100 व 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में अरमान, 100 मीटर में सूरज तथा 200 मीटर में मोहित ने प्रथम स्थान हासिल किया।

उच्च प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय अनौगी के राघव ने 100 व 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद की शालिनी ने 100 व 200 मीटर दौड़ में बाजी मारी। कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय जमला तथा बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद और बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद ने जीत दर्ज की।

प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नोडल शिक्षक संकुल राकेश कुमार, शिक्षक संकुल व ब्लॉक मंत्री अबधनारायण, क्रीड़ा प्रभारी अनुदेशक हरिओम, प्रधानाध्यापक आशीष कुमार, संजीव कुमार प्रजापति, रोहित द्विवेदी, मधुरिमा अग्रवाल, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहत्सिम सहित आदि रहे।

# बिहार के मुख्यमंत्री का मुस्लिम महिला का हिजाब खींचना शर्मनाक: शेख ताहिर सिद्दीकी

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



आल इंडिया मजलिस ए इतेहादुल मुस्लमीन संगठन कार्यकर्ताओ की एक सभा पार्टी सेंट्रल प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार के मुख्यमंत्री की ओर से मुस्लिम डाक्टर महिला को अपाइंटमेंट लेटर देने के दौरान हिजाब खींचने को लेकर जमकर निन्दा करते हुऐ इसे शर्मनाक बताया है। समधन नगर के मेन बाजार में बीते बुधवार रात को आल इंडिया मजलिस ए इतेहादुल मुस्लमीन संगठन के कार्यकर्ताओं की एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल प्रदेश अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी ने बोलते हुऐ कहा कि बीते दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से मुस्लिम डाक्टर महिला को अपाइंटमेंट लेटर देते समय हिजाब खींचने पर नाराजगी जताते हुऐ कहा कि यह पूरे मुस्लिम समाज के महिलाओं का अपमान किया जिसे हमारी पार्टी निन्दा करते हुऐ अफसोस जाहिर करतीं हैं पार्टी के जिला अध्यक्ष इशरत खान ने कहा कार्यकर्ता पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिये कहा यही पाटी है जो मुस्लिम समाज के लोगों का भला कर सकती है। इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद अन्सार, तालिब सिद्दीकी, आरिफ खान, वसीम ओबैसी, अजहर आलम के अलावा पाटी नगर अध्यक्ष रिजवान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम के 41 बुजुर्गों ने किया अयोध्या दर्शन, की सराहना

▸ रामलला, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों के किए दर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


दर्शन कर खुशी की मुद्रा में वृद्धजन

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित वृद्धाश्रम के 41 बुजुर्गों ने दो दिवसीय अयोध्या दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह यात्रा 15 दिसंबर से 16 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें 16 महिलाएं और 25 पुरुष शामिल रहे।

अयोध्या पहुंचने पर समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह ने सभी बुजुर्गों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान बुजुर्गों ने श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन किए। इसके अलावा हनुमानगढ़ी, कनक भवन और सरयू नदी तट सहित अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों में दर्शन-पूजन किया। बुजुर्गों ने अयोध्या के प्रमुख बाजारों का भी भ्रमण किया। यात्रा के दौरान ठहराव, भोजन एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था की गई थी। बुजुर्गों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीम भी तैनात रही। यात्रा संपन्न होने के बाद सभी बुजुर्ग सकुशल कन्नौज लौट आए। इस संबंध में सदर विधायक एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों के सामाजिक, मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार की धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है।

## तहसील मार्ग पर जलभराव का कहर, वकीलों-वादकारियों का सफर दुश्वार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कैरदा रोड से तहसील जाने वाले मार्ग पर लगातार जलभराव ने वादकारियों और अधिवक्ताओं का आवागमन बेहद कठिन बना दिया है। जिला पंचायत द्वारा कुछ माह पूर्व फोर लेन सौरिख रोड से तहसील होते हुए कैरदा रोड तक डामर रोड का निर्माण कराया गया था। लेकिन मोहल्ला दीक्षितान रोड पर बने नए आवासों की नालियों का गंदा पानी सीधे सड़क पर छोड़ दिया जाता है, जिससे एक बड़ा गड्ढा उभर आया है। अब इस गड्ढे में 24 घंटे पानी भरा रहता है। इसमें फिसलकर कई वादकारी और वकील चोटिल हो चुके हैं, जबकि ई-रिक्शा आए दिन पलट जा रहे हैं। बार एसोसिएशन की मांग पर पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण की निविदा जारी तो कर दी, लेकिन कार्य प्रारंभ होने का नाम नहीं ले रहा। फोर लेन सौरिख-बिधूना रोड से तहसील होकर कैरदा रोड तक 185.60 लाख रुपये की लागत से मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्तावित कार्य लंबित है। बार एसोसिएशन के महामंत्री ललित प्रताप सिंह एडवोकेट ने सड़क निर्माण शीघ्र शुरू कराने की जोरदार मांग की है। अधिवक्ता राजेश द्विवेदी कहना है कि इस समस्या से दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा बढ़ रही है।



# जले अज्ञात शव की अब तक नहीं हो पाई पहचान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जीटी रोड हाईवे के किनारे ग्राम निगोह खास रोड के पास बुधवार सुबह एक जला हुआ अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, जिसके चलते पुलिस ने गहन जांच के लिए चार विशेष टीमें गठित कर दी हैं। सीओ सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस प्रमुख स्थानों जैसे पेट्रोल पंप, तिराहे और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, अन्य जनपदों में गुमशुदा महिलाओं, युवतियों व पुरुषों की पहचान उनके परिजनों से कराई जा रही है। पुलिस ने भी सोशल मीडिया पर अपील शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 17 दिसंबर को प्रातः 8 बजे चौकी क्षेत्र मंडी छिबरामऊ के अंतर्गत गांव निगोह खास के पास सड़क किनारे खाई में जला शव पाया गया। जलने के कारण शव महिला या पुरुष का होने का स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा। अनुमानित आयु करीब 30 वर्ष, इकहरा बदन। बायां पैर घुटने से नीचे जला नहीं है, जिसमें काला धागा बंधा दिख रहा है। साथ ही एक अंगूठी भी बरामद हुई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कन्नौज मोर्चरी हाउस में रखा गया है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस शव के बारे में जानकारी हो, तो तत्काल संपर्क करें। आपकी एक सूचना मृतक के परिजनों को अंतिम दर्शन का अवसर दे सकती है। संपर्क नंबर क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार (9454401475), प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी (9454403680), जांचकर्ता उपनिरीक्षक सुरेश कुमार चतुर्वेदी (9721047362)।

# विधायक ने किया खेल स्पर्धा का शुभारंभ, युवाओं ने दिखाया दमखम!

**खेल न केवल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासित और आत्मनिर्भर भी बनाते हैं**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में विद्या प्रकाश महाविद्यालय में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने धूमधाम से शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासित और आत्मनिर्भर भी बनाते हैं। सभी खिलाड़ियों को नियमित खेलों से जुड़ने का आह्वान करते हुए उन्होंने खेल की शपथ भी दिलाई। प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले दिन कबड्डी एवं वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कबड्डी में सब जूनियर बालिका वर्ग से डीके स्पोर्ट्स क्लब विजेता एवं नेहरू डिग्री कॉलेज उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब विजेता व सिकंदरपुर की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालिका वर्ग में डीके स्पोर्ट्स क्लब, छिबरामऊ विजेता एवं हीरालाल इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब विजेता व तालग्राम की टीम उपविजेता रही।सीनियर बालक वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब विजेता एवं विद्या प्रकाश डिग्री कॉलेज उपविजेता रहा। वॉलीबॉल में सीनियर बालक वर्ग से नेहरू डिग्री कॉलेज विजेता व प्रेमपुर की टीम उपविजेता रही। सब जूनियर बालिका वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स क्लब विजेता एवं तालग्राम की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग में डीके स्पोर्ट्स क्लब विजेता व सिकंदरपुर की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालिका वर्ग में डीके स्पोर्ट्स क्लब विजेता जबकि गुरसहायगंज की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक शशीकांत शुक्ल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग चतुर्वेदी, शिप्रा राठौर, मुनीश गुप्ता, निर्मोद कुमार, दुर्गेश दीक्षित, युवा कल्याण प्रांतीय रक्षक दल विभाग से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ यादव, अंशिता श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी आकाश सिंह तथा प्रशिक्षकों, निर्णायको, पीआरडी स्वयंसेवकों में हर्षित, अमित, दुर्गेश, उमेश, मुखराम, अखिलेश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएगा संगठन : बबलू मिश्रा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन अवधेश के ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय में संगठन की नीतियों से पदाधिकारियों को अवगत कराने के साथ-साथ आने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। यह बैठक किसान संगठन को मजबूत बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री बबलू मिश्रा ने चयनित पदाधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। उन्होंने किसानों एवं पदाधिकारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया, जिसमें फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार प्रमुख थे। मिश्रा ने कहा कि संगठन किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संगठन की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एकजुटता ही किसान आंदोलन की कुंजी है। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री बबलू मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी और प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक का जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में उत्साह का माहौल रहा, जहां सभी ने संकल्प लिया कि संगठन किसानों के लिए हमेशा खड़ा रहेगा।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी लहन व अवैध शराब

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत ग्राम बहवलपुर एवं ग्राम सराय प्रयाग में आबकारी निरीक्षक हरिश्चंद्र के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में लहन नष्ट कर अवैध शराब पकड़ी। टीम में प्रधान आबकारी सिपाही राहुल शर्मा, आबकारी सिपाही संदीप कुमार, शमीम हुसैन, हेमंत चौधरी एवं महिला आबकारी सिपाही बिंदु चौहान शामिल थे।

छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 400 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया तथा 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इस संबंध में तीन अलग अलग अभियोग पंजीकृत किए गए। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु जिले में प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जेल में बच्चों को सीडीओ ने उपलब्ध कराई आवश्यक सामग्री

▸ जिला कारागार में सुरक्षित बचपन निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


बच्चें को सामग्री प्रदान करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी

जिलाधिकारी के निर्देशानुपालन में क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में ÷सुरक्षित बचपन निगरानी समिति÷ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने की। कार्यक्रम के दौरान कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे तीन बच्चों को बाल पुष्टाहार का वितरण किया गया। साथ ही एक गर्भवती महिला बंदी को जननी सुरक्षा किट प्रदान की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तीनों बच्चों को गर्म कपड़े, दूध की बोतल एवं चॉकलेट उपहार स्वरूप भेंट की गई।

जेल परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र को भी सुदृढ़ किया गया। सीडीओ ने बच्चों के लिए खेलकूद की सामग्री, वजन तौलने की मशीन, मेजरमेंट स्केल, सुरक्षित खेलने के लिए फोम की चटाई, शिक्षा से संबंधित बोर्ड, कैलेंडर, चेयर आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान तीनों बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स भी पिलाई गईं। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि यह कार्यक्रम सुरक्षित बचपन निगरानी समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अनिता सक्सेना, जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरशाद, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा सिंह चौधरी, बाल संरक्षण अधिकारी विजय राठौड़, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी शेषमणि यादव, जेलर विनय प्रताप सिंह, शिक्षा अध्यापक मनोज कटियार, महिला डिप्टी जेलर उर्मिला सिंह सहित आदि रहे।

# ऐसे इंतजाम करें किसी भी व्यक्ति को खुले में रात्रि न बिताने पड़ेः डीएम



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शीतलहर एवं बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उरई रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल परिसर तथा जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर ठंड से बचाव हेतु किए गए इंतजामों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में स्वच्छता, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गर्म पानी, बैठने व सोने की समुचित सुविधा सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं, जिससे वहां ठहरने वाले जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के क्रम में जरूरतमंद, बेसहारा एवं राहगीरों को कंबल वितरित करते हुये स्पष्ट रूप से कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में रात बिताने के लिए मजबूर न होना पड़े, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अलाव की नियमित व्यवस्था बनाए रखने, लकड़ी की समय पर आपूर्ति तथा स्थलों पर निरंतर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सदर तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

मैने अपने सगे पुत्र मोहम्मद आलम निवासी रामगंज गुरसहायगंज-कन्नौज को उसके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैनें उन्हें अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा।

**मोहम्मद यूसुफ, पुत्र मोहम्मद सब्बीर निवासी रामगंज गुरसहायगंज-कन्नौज।**

# नगर मजिस्ट्रेट, डीडीओ के निरीक्षण में 22 अधिकारी, कर्मी मिले गायब

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश पांडेय के स्पष्ट निर्देश के क्रम में गुरुवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रशासन ने कार्यसंस्कृति को लेकर कड़ा संदेश दिया। प्रातः 10.05 बजे से 10.40 बजे के मध्य नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा एवं जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय द्वारा किए गए निरीक्षण में कुल 22 अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए सभी के वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों लघु सिंचाई, नेडा, युवा कल्याण, श्रम एवं रोजगार, समाज कल्याण, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, डूडा एवं रेशम विभागकृमें कार्यरत कई अधिकारी, कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित मिले। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों के वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन और जनसेवा सर्वोपरि है। अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाएं, समय से कार्यालय पहुंचें और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें।

# केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

▸ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से किया संवाद

**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**



भारत सरकार की केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्रीमती भूमिका वर्मा (आईईएस), निदेशक वित्त मंत्रालय, ने अपने तीन दिवसीय जनपद जालौन दौरे के अंतर्गत विकास खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर व टीहर का भ्रमण कर ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन करना रहा। निरीक्षण के दौरान श्रीमती भूमिका वर्मा ने पंचायत भवन जगम्मनपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका से जुड़े कार्यक्रमों, समूह की कार्यप्रणाली, आय सृजन गतिविधियों एवं उनके अनुभवों की जानकारी ली। महिला समूहों की सक्रियता की सराहना करते हुए उन्होंने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने एचएससी डेयरी, अस्पताल, गौशाला तथा आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण, बच्चों की उपस्थिति एवं सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई, वहीं गौशाला में गोवंश संरक्षण की व्यवस्थाओं को देखा गया। अस्पताल एवं डेयरी से संबंधित सेवाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्रीमती भूमिका वर्मा ने ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की समग्र रूप से सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया और कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। वहीं ग्राम टीहर के निरीक्षण में ग्राम प्रधान प्रदीप गौरव ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुये गांव में कराये गये कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी रामपुरा गजेंद्र प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत भारत सिंह, ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम, पंचायत सचिव राममोहन सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अरियारा विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 18/12/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत अरियारा विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 19/12/2025 से दिनांक 25/12/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 25/12/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 19/12/2025 से दिनांक 25/12/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ओमकार के घर से महेश की जगह तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 8.78 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रमेश की जगह अखिलेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 8.16 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रामवती)  ग्रा0पं0 अरियारा, वि0ख0 शमशाबाद  सचिव ( विवेक कुमार )**

## कार्यालय ग्रा0पं0 पहाड़पुर बैरागर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 18/12/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत पहाड़पुर बैरागर विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 19/12/2025 से दिनांक 25/12/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 25/12/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 19/12/2025 से दिनांक 25/12/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मुकेश के घर से रामनिवास के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | शेर सिंह के घर से अशोक के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सतीश के घर से वेदराम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | कमलेश के घर से शीशराम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (रामबेटी)  ग्रा0पं0 पहाड़पुर बैरागर, वि0ख0 शमशाबाद  सचिव ( दिलीप कुमार )**

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मना शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार रहे। समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का शुभारम एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड के साथ किया गया। उसके बाद वन्दना गीत में छात्राओं ने गणेश जी की स्तुति को दर्शाया। उसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चों ने लीडरशिप गाने पर डान्स करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके बाद बच्चों ने वीर रस राणा की हुंकार के माध्यम से सभी का मन मोहा। वहीं जंक फूड प्रोग्राम से संदेश दिया तथा एनसीसी द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति फेरमेशन ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद में छात्राओं ने चाणक्य नाटक का मंचन कर दशकों को भाव.विभोर कर दिया। इसके बाद छात्राओं ने स्टेट डास प्रस्तुत कर सभी राज्यों की झलक दिखायी। इस दौरान छात्राओं को एनसीसी अवार्ड, गृह परीक्षा के लिए स्व0 शकुन्तला देवी स्कालशिप, कक्षा 10-12 एवं स्नातक व परास्नातक की टॉपर छात्राओं को एकेडिमक अवार्ड एवं ग्लोरी ऑफ द एस.डी.एस.एस. पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बच्चों की सराहना करते हुए, उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि अतुल कुमार ने छात्राओं के कार्यक्रमम एवं उनकी लगनशीलता व परिश्रम की बेहद प्रशसा की और उन्हें सदैव अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने विद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने सभी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं प्रबन्धक मोनिका अग्रवाल ने सभी छात्राओं और शिक्षक व शिक्षकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य अनिल बाबू तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या वेणु सिंह, अंग्रेजी माध्यम जूनियर विंग की प्रधानाचार्या नाहिद जाफरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुरभि श्रीवास्तव एवं कनक ने किया। इस दौरान श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ. मिथलेश अग्रवाल एवं प्रबन्धतंत्र के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही संस्थान के सभी प्रधानाचार्यो सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम, एसडीएम व अन्य



रंगारंग कार्यक्रम पेश करते बच्चे

# डीजे, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज नीरज कुमार ने जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बंदियों को ठंड से बचाव के लिए बेहतरीन इंतजाम करने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिए हैं। अधिकारियों के केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में पहुंचने से विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिला जज के नेतृत्व में पहुंचे अधिकारियों ने जेल के विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर अस्पताल आदि की व्यवस्थाओं को देखा। इसके साथ ही बंदियों को सर्दी से बचाने के किए गए उपायों की जानकारी ली। बंदियों को पर्याप्त कंबल और कपड़ों का इंतजाम करने के निर्देश भी दिये हैं। इसके साथ ही अधिकारियों ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश भी दिये। सेन्ट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक आशीष तिवारी आदि रहे।



जेल का निरीक्षण कर आते आलाधिकारी

# सर्दी के चलते लोहिया में घटने लगे मरीज



महिला को देखती चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी के चलते लोहिया अस्पताल की ओपीडी में मरीज घटने लगे हैं। वही चिकित्सकों ने बुजुर्गों और बच्चों को सर्दी से बचने की सलाह दी है।

लोहिया जिला अस्पताल में सर्दी बढ़ने के साथ ओपीडी में मरीजों की भीड़ में कमी आई है। गुरुवार को सर्दी-जुकाम और बीपी (हाई ब्लड प्रेशर) के मरीज अधिक संख्या में पहुंचे। चिकित्सक दवा के साथ-साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। बीते चार दिन से तेज सर्दी के कारण खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। दिन-रात की बढ़ती ठंड से लोहिया अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। वहीं हाई ब्लड प्रेशर के 30-40 मरीज भी रोज जांच और परामर्श के लिए पहुंच रहे हैं। फिजिशियन डॉ0 प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि इस समय बच्चों और बुजुर्गों में बुखार की शिकायत ज्यादा है। तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द. गले में खराश, खांसी और जुकाम इसके सामान्य लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और स्ट्रोक का खतरा रहता है। बीपी मरीज अपनी दवा नियमित रूप से लें और नियमित जांच कराते रहें। गुरुवार को दोपहर 11 बजे तक 400 मरीजों के पर्चे बने।

# दिल्ली से वापस कम्पिल जा रही कौशांबी डिपो की बस पलटी, एक यात्री घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सुबह लगभग 6 बजे दिल्ली से फर्रुखाबाद के कंपिल कस्बे जा रही एक कौशांबी डिपो की बस गांव अकबरपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क किनारे पलट गई। चालक मुकेश कुमार ने बताया कि वह दिल्ली से कंम्पिल जा रहा था। सुबह लगभग 6 बजे के करीब सिवारा मार्ग पर गांव अकबरपुर के पास अचानक सड़क पर नीलगाय आ गयी। जिसे बचाने के चक्कर में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चालक ने बताया कि बस में केवल एक सवारी बैठी हुई थी, जो मामूली चोटिल हुई है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसके अलावा चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। दुर्घटना की सूचना पर तमाम राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही पुलिस ने भी सूचना पर पहुंचकर जांच की। दुर्घटना में घायल हुए यात्री सरोज निवासी सीतापुर का उपचार किया गया।



पलटी पड़ी रोडवेज

# हड़ताल के बाद काम पर लौटे सचिव, बीडीओ ने बुलायी बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर गुरुवार को विकास खंड अधिकारी ने काम पर लौटे सचिवों की बैठक बुलायी। जिसमें ग्राम पंचायत सचिवों से साप्ताहिक समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये। वहीं एडीओ पंचायत को सचिवों के डोंगल लौटाने के निर्देश दिये हैं। साप्ताहिक बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, शौचालय तथा आवास तथा स्वच्छ भारत मिशन आदि पर चर्चा की गई। जिसमें विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों को बताया कि अब वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर विकास कार्यों को बढ़ावा दें। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह से डोंगल वापस करने के लिए निर्देश दिये। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने अपने कार्यालय पर पहुंचकर सभी सचिवों को डोंगल वापस किये। बताते चलें बीते दिनों से अपने प्रदेश की स्टार के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायत सचिव हड़ताल पर चल रहे थे। जिससे कि सभी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों पर रोक लगी हुई थी। जब उनकी समस्या का समाधान होने लगा, तो ग्राम पंचायत सचिव अपने कामों पर वापस लौटने लगे। बैठक के दौरान विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश कुमार सिंह, ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार, प्रवीण कुमार, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत बैठक में मौजूद रहे। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि कुछ सचिव गैर जनपदों में विभागीय ट्रेनिंग के लिए गए हुए हैं। वापस आकर उनकी भी बैठक ली जायेगी और उनको भी विकास कार्यों के बारे में बताया जाएगा।



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

## खबरें एक नजर में

### महिला को बंदरों ने काटकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर मोहल्ला बजारिया निवासी मन्जू राजपूत उम्र 30 वर्षीय पत्नी हंसराज अपनी बेटी सोनम के कान की दवा लेने कम्पिल क्षेत्र के बारह मन्जिल मन्दिर से गई थी। वहाँ बैठे बन्दरों ने उन पर हमला कर पैर में काट लिया। जिससे मन्जू देवी घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर उपचार करवाया।

### महिला को ससुरालीजनों ने पीटा, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव गढ़िया बबुरारा निवासी रानी पत्नी स्व0 अवनेंद्र कुमार बुधवार को अपनी पुत्री स्वीटी घर पर कुछ कार्य कर रही थी। उसी समय रानी की ननद से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ने पर रानी को उसकी ननद, नंदोई व ससुर ने लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। मां के साथ मारपीट होती देख बचाने आई पुत्री स्वाती के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में मां बेटी चोटिल हो गए। थाने पहुंचकर रानी पत्नी स्व0 अवनेंद्र ने ससुर बादाम सिंह, ननद रानी, नंदोई मनोज निवासी जनपद कासगंज थाना पटियाली के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल चोरी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस को दी गयी तहरीर में शाहवाज खान पुत्र यादगार खान निवासी ग्राम राजेपुर सरायमेंदा थाना कमालगंज का निवासी है। मेरी माता मुबीना बेगम पत्नी यादगार खान अपनी रिश्तेदारी सकरावा गई हुई थीं। 25.11.2005 को वापस आते समय जब वे जहानगंज चौराहा पर ऑटो से घर जाने के लिए बैठ रही थीं, तब उन्होंने अपना बैग ऑटो के अंदर सीट पर रख दिया था। इसी दौरान मेरी बुआ का लड़का फैसल पुत्र गुड्डू मोटरसाइकिल से उन्हें लेने जहानगंज चौराहे पर पहुंच गया। जब मेरी माता ऑटो से उतरकर अपना बैग उठाने लगीं, तो देखा कि बैग के अंदर रखा हुआ मोबाइल फोन गायब था। मेरी माता व फैसल ने आसपास के ऑटो चालकों व लोगों से काफी खोजबीन की, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। कुछ ही समय बाद मोबाइल बंद कर दिया गया। पुलिस ने घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### पंचायती चुनाव की तिथि नजदीक आते ही प्रतिनिधियों की धड़कनें तेज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत के कार्यकाल पूर्ण होने का समय नजदीक आते ही पंचायत चुनाव से जुड़े प्रतिनिधियों की धड़कने बढ़ने लगी। इस संदर्भ में शासन ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर रिपोर्ट मांगी है। पत्र मिलते ही खण्ड विकास अधिकारी ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि अब ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा होगा। जिसकी अधिकारियों ने रिपोर्ट मांगी है। जिसके चलते ग्राम प्रधानों की धड़कने बढ़ने लगी है। क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल भी पूरा होने जा रहा है। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बताया की 26 मई को ग्राम पंचायत का कार्यकाल पूरा होगा। वहीं 20 जुलाई को क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल पूरा होगा। जिसके लिए उन्होंने शासनादेश के अनुसार अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है। जिससे अब ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत के कार्यकाल पूरे होने से क्षेत्र में मौजूद निर्वाचित प्रधानों की धड़कनें तेज हो गयी है। इस संदर्भ में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने जानकारी दी है।

# बीओआई के मैनेजर ने सीसीएल कैंप लगाकर समूह की महिलाओं को दिये सुझाव



बैठक के दौरान समूह की महिलायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर ने विकास खंड कार्यालय पर सीसीएल कैंप लगाकर समूह की महिलाओं को आवश्यक सुझाव दिये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में बैंक आफ इंडिया के मैनेजर मनीष कुमार शाखा प्रबंधक ने समूह की महिलाओं को सीसीएल कैंप लगाकर आवश्यक सुझाव दिये। जिसमें बैंक आफ इंडिया के द्वारा समूह से मिलने वाले ऋण तथा उसके फायदे बताए। सभी समूह सखियों को बताया कि वह बैंक से ऋण लें और उसको समय से चुकायें। जिससे सभी समूह उन्नतशील होंगे फलेंगे फूलेंगे और लोगों को आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा। इस मौके पर एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, बैंक ऑफ इंडिया गनीपुर जोगपुर के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, बीएमएम ममता पाल, अनुज शुक्ला, संजीव कुमार तथा समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर प्रशासन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। यह बैठक गुरुवार को तहसील परिसर स्थित उपजिलाधिकारी कक्ष में आयोजित की गई। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 से 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू होगी। एसडीएम ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे। उन्होंने दल प्रतिनिधियों से अपील की कि जिन मतदाताओं की मैपिंग अब तक नहीं हो पाई है। उसे संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से शीघ्र पूरा कराया जाए। इसके अतिरिक्त यदि मतदाता सूची में कहीं डुप्लीकेट या समान प्रविष्टियां दर्ज हैं, तो उन्हें भी समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि यदि किसी कारणवश कोई मतदाता सूची से छूट गया हैए तो उसकी पहचान कर आवश्यक प्रक्रिया के तहत नाम दर्ज कराया जाए। बैठक में तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने भी मतदाता सूची के शुद्धीकरण और नए मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की और सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी से शाहब खान, कांग्रेस से अनवर सादाब, बहुजन समाज पार्टी से धर्मेंद्र राणा सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद राजनैतिक दलों के लोग व एसडीएम

# युवक का गाली-गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित आत्माराम पुत्र अखारीलाल ग्राम कीरतपुर थाना कमालगंज जिला फर्रुखाबाद का निवासी है। दिनांक 24.10.2025 की शाम करीब 6 बजे पीड़ित का भतीजा शिवम पुत्र श्यामसुंदर खेत से घर वापस लौट रहा था, तभी गांव के पास राजीव पुत्र रुस्तम, गुलशन, राना उर्फ रितिक, सत्यम पुत्रगण राजीव निवासी कीरतपुर ने भतीजे शिवम को रोका और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के भतीजे को चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर की एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप लगने वाले मीना बाजार में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं और महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बाजार में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और महिला पेंशन योजना प्रमुख थीं। महिला सुरक्षा विशेष दल ने महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े सरकारी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112 और 181 के उपयोग और महत्व के बारे में भी समझाया। उन्हें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य सेए टीम ने हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पत्रकों का वितरण भी किया। पुलिस टीम ने महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित किया और उन्हें निडर होकर शिकायत दर्ज कराने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा समाज में सुरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग करने का संदेश दिया। उपस्थित महिलाओं ने इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे अपने लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



महिलाओं को जागरुक करतीं एंटी रोमियो टीम

# मजदूरी के रुपये मांगने पर कनपटी पर तमंचा लगाकर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कायमगंज क्षेत्र के गांव गौरीखेड़ा निवासी चंदन जोशी उम्र 20 वर्षीय पुत्र राजू जोशी ने कम्पिल पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीते दिन मंगलवार को गाँव के अर्पित, हर्षित व कुनाल, चंदन ने गांव के ही अनूप ठाकुर के यहां मजदूरी की थी। जिसके पैसे अर्पित का बड़ा भाई विकास लेने के लिए अनुप ठाकुर के यहाँ गया और अनूप ठाकुर से अपने छोटे भाई अर्पित की मजदूरी के पैसे मांगने लगा, तभी गुस्साए अनुप ठाकूर ने विकास को गलियां देते हुए कहा कि साला तू बहुत बड़ा नेता बनता है। जब विकास ने गालियों का विरोध किया, तो अनूप ठाकुर विकास की पिटाई करने लगा। विकास को पिटता देख चंदन जोशी ने उसे बचाया। उसी खुन्नस में अनूप ठाकुर ने चन्दन जोशी को भागवत कराने के बहाने बुलाया। जैसे ही चंदन बगरई व कायमपुर के पास पहुँचा, तभी वहाँ पर पहले से मौजूद अनूप ठाकूर, अंगत, अमित ठाकुर ने चन्दन की कनपटी पर तमन्चा लगाकर लात-घूसों व लाठी-डंडों से पिटाई करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पीड़ित चन्दन को मेडीकल परीक्षण के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# मंदिर में शादी करने वाली शीबा अंसारी ने धर्म परिवर्तन का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों शिव मंदिर में अपने प्रेमी से शादी करने वाली शीबा अंसारी ने एक अधिवक्ता व हिन्दूवादी नेता पर धोखाधड़ी कर धर्म बदलवाकर फर्जी शादी करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। बताते चले कि बीते दो दिन पूर्व शीबा अंसारी पुत्री मोहम्मद आकिल अंसारी निवासी करिया नीव थाना भोगांव जनपद मैनपुरी फतेहगढ़ कचहरी परिसर में स्थित शिव मंदिर में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अपने प्रेमी गौतम श्रीवास्तव निवासी पुल मण्डी से शादी की थी। गुरुवार को पूर्व में की गई शादी की बात से मुकरते हुए शीबा अंसारी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया कि मेरा पूर्व में पति जाहिद अंसारी से तलाक हो चुका है। मेरी जान पहचान कोतवाली फतेहगढ़ पुल मण्डी निवासी गौतम श्रीवास्तव पुत्र प्रभुदयाल से हो गयी थी और प्रेम हो गया। मेरा चार वर्षीय एक पुत्र है।

**बीते दिनों गौतम श्रीवास्तव से शिव मंदिर में किया था विवाह**

मैं गौतम के घर पर लिव इन रिलेशनशिप के अन्तर्गत रह रही हूं, तभी एक अधिवक्ता मेरे प्रेमी को मिला और कहा कि तुम्हारा एग्रीमेंट करा दूंगा। तब तुम लोगों के रिश्ते पर कोई उंगली नहीं उठायेगा। उनके बहकावे में आ गये और कचहरी चले गये। उन्होंने काफी कागजों पर हस्ताक्षर कराये और फोटो लगवायी। इस दौरान हिन्दूवादी नेताओं को बुलवा लिया और रुपयों का लालच दिया और कहा कि तुम लोग दिखावे के रुप में शादी कर लो और फिर मेरा व प्रेमी गौतम का फोटो वायरल कर दिया और प्रचार कर दिया कि धर्म बदल लिया है। जबकि मैं मुसलमान हूं और मुसलमान ही रहूंगी। जब मैंने इसका विरोध किया तो धमकी दी कि तेरे लड़के को गायब करा देंगे। इस दौरान मुझसे 18 हजार रुपये की ठगी भी कर ली और मेरे कागज भी नहीं दिये।



रातोंरात बनायी गयी सड़क

# खराब सड़क निर्माण को लोगों में रोष खोला ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत पूरनपुर में बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। आरोप है कि रात के अंधेरे में घटिया निर्माण कराया गया। मिट्टी के ऊपर सीधे बजरी डालकर सड़क बना दी गई। सड़क की बजरी इतनी भुरभुरी कि हाथ लगाने से ही झड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी खराब सड़क आज तक नहीं देखी। ग्रामीणों ने वर्तमान प्रधान पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाया है। सरकार की ज़ीरो टॉलरेंस नीति क्या सिर्फ कागजों तक सीमित है। अगर यही जीरो टॉलरेंस है तो ज़मीन पर भ्रष्टाचार क्यों खुला घूम रहा है। ग्रामीणों ने जांच और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# ठंड से झोपड़ी में रह रहे वृद्ध की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 में वृद्ध की बीती रात मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने ठंड से मौत होना बताया। मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य ने अधिकारियों को सूचना दी।

नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के ग्राम डबऊआ में 70 वर्षीय वृद्ध मदन लाल पुत्र मांगू लाल जो की काफी दिनों से गरीबी का दंश झेल रहे थे और गांव में झोपड़ी डालकर रहे रहे थे। परिजनों के बताए मुताबिक कई बार ग्राम पंचायत से आवास पाने के लिए आवेदन किया था। उसके बाद नगर पंचायत बना और नगर पंचायत में भी आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनको छत मुहैया नहीं हो सकी। जिसके चलते आज उनकी झोपड़ी में मौत हो गयी। वहीं उनके परिजनों ने ठंड से मौत होने का आरोप लगाया है।

सूचना पाकर जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने उच्च अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर देखने नहीं आया। वहीं उनके पौत्र अमित ने बताया की रात में मौत हुई थी। जिसकी सूचना अधिकारियों को जिला पंचायत सदस्य के द्वारा दिलवाई गई थी, लेकिन अभी तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं आया। खबर लिखे जाने तक वृद्ध का शव गांव में रखा था। जिसका अंतिम संस्कार अभी तक नहीं किया गया और परिजन अधिकारियों के आने का इंतजार कर रहे थे।



झोपड़ी में मृतक का शव

# मांडवी, रागिनी, राजुल व आर्यन ने दौड़ प्रतियोगिता में मारी बाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**सांसद खेल स्पर्धा के तहत खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**



प्रतियोगिता में हरी झण्डी दिखाते भाजपा नेता

सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर किया। विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हरी झण्डी दिखायी। खेल के नोडल अमरदीप दीक्षित व डीएस राठौर, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, विकास पाण्डेय, अभय कठेरिया के अलावा जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव कुलदीप यादव, अरुण यादव, मनीष यादव, सुनील पाल, अतुल कटियार, योगेश शुक्ला, संजीव यादव, आलोक यादव, केशव गंगवार, ऐजाज अहमद, अभिषेक पाल, विमलेश, अभिषेक शाक्य, शिवम बाथम, सुभाष यादव, विवेक यादव, संजीव द्विवेदी ने भूमिका निभाई। सीनियर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आर्यन राजपूत प्रथम, हसीन खान द्वितीय व निखिल राजपूत तृतीय रहे। 400 मीटर जूनियर बालक वर्ग में दीपक सिंह प्रथम, अभिषेक द्वितीय, मुदित राजपूत तृतीय रहे। सब जूनियर बालक वर्ग 400 मीटर में अंकित सिंह प्रथम, अनमोल द्वितीय, निकित तृतीय रहे। सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में रौनक प्रथम, शिवांकी द्वितीय, शतांक्षी सिंह तृतीय रही। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में अंजू प्रथम, रमा देवी द्वितीय, वंदना तृतीय रही। 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में मांडवी सोमवंशी प्रथम, प्रकृति वर्मा द्वितीय, बीना यादव तृतीय रही। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में रागिनी प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय व रिया तृतीय रही। 400 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में राजुल यादव प्रथम, रमा देवी द्वितीय, निम्मी तृतीय रही। सीनियर बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में मांडवी सोमवंशी प्रथम, सपना द्वितीय व बीना यादव तृतीय रही। जूनियर बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में राजुल यादव प्रथम, आरजू द्वितीय, आरती तृतीय रही। सीनियर बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सपना प्रथम, शिल्पी भारद्वाज द्वितीय, श्वेता तृतीय रही। सब जूनियर बालिका वर्ग 600 मीटर दौड़ में रागिनी प्रथम, रिया द्वितीय, सारिका तृतीय रही।

# किसानों की राष्ट्रपति से अपने नेता पीआर पांडयन व सेल्वराज की रिहाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते प्रभाकांत मिश्रा

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर तमिलनाडु के किसान नेता पीआर पांडयन एवं सेल्वराज को झूठे केस में फंसाकर मुकदमा चलाने से हुई सजा के मामले में रिहाई की मांग की है। किसानों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गये ज्ञापन में दर्शाया कि वर्ष 2013 में तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले के करिमंगलम में राज्य सरकार द्वारा घोषित संरक्षित कृषि भूमि इलाके को ओएनजीसी कम्पनी द्वारा खुदाई एवं ड्रिलिंग का कार्य किया जा रहा था। वर्ष 2013 में उस इलाके में गैस लीक की घटना भी हुई, जिससे जानमाल के लिए बड़े पैमाने पर भयंकर संकट पैदा होने की आशंका से स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल बन गया और राज्य सरकार द्वारा ओएनजीसी की उपरोक्त साइट पर काम जारी रखने पर रोक लगा दी गई। इसके बावजूद ओएनजीसी ने उस क्षेत्र में काम बन्द करने की बजाय स्थानीय जनजीवन को संकट में डालते हुए कार्य जारी रखा। ओएनजीसी के उस प्रोजेक्ट की वजह से खेती एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले भयंकर दुष्परिणामों को देखते हुए 2015 में पी0आर0 पांडयन के नेतृत्व में किसानों ने उस जगह पर शांतिपूर्ण विरोध कर रहे किसानों की आवाज को दबाने के लिए उनके खिलाफसाजिश रचकर फर्जी सबूतों के आधार पर झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिसको लेकर कोर्ट ने 13-13 साल की सजा सुनाई। किसान नेता जेल गये। जो सरकार द्वारा दर्ज मुकदमा गलत कराया गया था। ऐसे में दोनों नेताओं की रिहाई के लिए कानून द्वारा समाधान निकाला जाये। इस मौके पर प्रभाकांत मिश्रा, प्रदीप दुबे, रामकुमार, रामदास, बीके मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में विजेता बनी छात्रा निवेदिता, सगुन, अलीना



प्रतियोगिता में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा निदेशक लखनऊ के आदेशानुसार लौह पुरुष बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वित लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में गुरुवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निर्णायक में तीन सदस्यों ने मूल्यांकन और क्षमता के आधार पर विजेताओं को घोषित किया। निवेदिता अवस्थी प्रथम, सगुन कटियार द्वितीय, अलीना तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर वित्त लेखाधिकारी सुशील कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सक्सेना, सहायक अध्यापक पंकज शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# एसआईआर, अवकाश आदि मांगों को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से पहले शिक्षक भवन में जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने किया। बीएसए को दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों के चयन वेतन मान दिसम्बर माह के वेतन के साथ लगाया जाये। एसआईआर में लगे शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ के अवकाश के दिनों में स्कूल खोलने के निर्देश दिये गये। अवकाश के दिनों में कार्य के बदले उपर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाये। विशिष्ठ बीटीसी प्रशिक्षण 1999 व 2004 एवं 2007 व 2008, 2009 के प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के अंकपत्र, प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जाये। आंगनवाड़ी केंद्र में अध्यरत्न बच्चों के एमडीएम, बच्चों के कन्वर्जन कास्ट एवं रसोइयों का मानदेय प्रधानाध्यापकों को प्राप्त नहीं हो रहा है।

उचित कार्यवाही कर प्राप्त कराया जाये। अत्याधिक शीतलहर व घने कोहरे को ध्यान में रखते हुए अन्य जिलों की भांति शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाये। इस मौके पर उपेन्द्र सिंह गंगवार, सुशील माथुर, अमित मिश्रा, इसरार अहमद, उजैफ पठान, अनुपम मिश्रा, केपी सिंह यादव, विमलेश शाक्य, अल्का सिंह, अनुग्रह सिंह गंगवार, ध्रुव प्रताप सिंह, अमन कुमार, ओम सिंह चौहान, ग्रीश चन्द्र, गजेन्द्र सिंह, अमित कुमार, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# क्रिश्चियन इंटर कालेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**छात्रों ने क्रिसमस ड्रामा किया प्रस्तुत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते छात्र

क्रिश्चियन इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव एवं क्रिसमस कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रबंधक राजेश मसीह, प्रधानाचार्य अमित सिंह ने बुके देकर डीआईओएस का स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्सों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। पादरी मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने दीप प्रज्वलित किया।

विद्यालय के शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया और कोरस पर कैरल सिंगिंग प्रस्तुत की। छात्रों द्वारा क्रिसमस गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चों ने क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत कर मन मोह लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया।

विद्यालय की ओर से डीआईओएस को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी क्रिसमस की बधाई दी। पादरी स्टीफन मसीह ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य अमित सिंह ने ज्ञापित किया। संचालन संजीव प्रकाश ने किया। प्रमुख रुप से व्यवस्था अवधेश प्रभु खोजी ने देखी। आये हुए प्रधानाचार्य व अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र रघुवंशी, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी, प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल, रंजीत मैसी, के अलावा प्रभात दीक्षित, एसएल मैसी, अभय दुबे, जगदीप लाल, अतुल दास, गौरव एविल, जयवंत सनी, अविनाश डेविड, आलोक द्विवेदी, संतोष दुबे, संजीव प्रकाश, राहुल मैसी, आरआर करन, परिहार व सुनील सक्सेना के अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों को पुलिस ने नहीं करने दिया भाजपा कार्यालय का घेराव



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आवाह्न पर शहर अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय के घेराव करने का ऐलान किया, लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते अपने मकसद में कांग्रेसी सफल नहीं हो सके, आखिरकार आवास से कुछ दूरी पर सड़क पर बैठकर पुलिस की निगरानी में विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी नेताओं के खिलाफ राजनैतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से गैर कानूनी तरीके से कार्यवाही की जा रही है। जो देश के सामने बेनकाब हुई है, जिसको लेकर जनपद में धरना प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ यंग इंडियन मामले में ईडी की कार्यवाही की गई, जो न्यायालय द्वारा फैसला दिया गया कि ईडी की कार्यवाही दुर्भावना ग्रसित है। इस घटना को बेनकाब होने पर कांग्रेसियों ने प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर भाजपा कार्यालय घेरने का आवाह्न किया। जिसको लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया गया। सीओ सिटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल अंकुर मिश्रा के निवास पर पहुंच गया और उन्हें नजरबंद कर लिया। काफी प्रयास के बाद वह अपने दरवाजे के बाहर निकलते, वैसे ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और घर के बाहर धरने पर बैठ गये। सुबह से ही अपने कांग्रेसी नेताओं व पदाधिकारियों को सूचना भेजकर बुलवा लिया। उनके साथ कांग्रेस पदाधिकारी भी धरने पर डटे रहे। कई घंटे तक चले प्रदर्शन में आखिरकार उन्हें वहीं पर धरना स्थगित करना पड़ा और विरोध प्रकट करते हुए नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, अम्मार अली, कोआर्डिनेटर शिवाशीष तिवारी, हिलाल शफीकी, रेहान खान, तन्मय मिश्रा, संजू अग्निहोत्री, कैलाश यादव, अमर मिश्रा, अतीक सलमानी, वात्सल्य मिश्रा, राशिद खान, राहुल आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नेशनल कराटे प्रतियोगिता में लेगी भाग गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की टीम



बनारस रवाना होती कराटे टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुडगाँव देवी मंदिर की टीम बनारस में 20 और 21 दिसम्बर को सिगरा स्टडियम में होने वाली नेशनल प्रोयोगिता के लिए रवाना हुई। स्कूल के बच्चे अर्पिता भारद्वाज, आदित्य चतुर्वेदी, अर्णव कुमार, आयुष मिश्रा, नैतिक यादव, दर्श गुप्ता, वीर सिंह, संस्कार अग्रवाल प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डायरेक्टर देवांश अग्रवाल व प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा इनके कोच बधाई के पात्र हैं, जिनके द्वारा यह संभव हो पाया है। हमें खुशी है कि मेरे स्कूल के बच्चे नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे है। वह अच्छा प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करें। इस मौके पर पारस भारद्वाज अपनी टीम के साथ बनारस रवाना हुए।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर उत्थान हेतु अधिकारों की उठायी गई आवाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक को सम्बोधित करते जवाहर सिंह गंगवार

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर जनपद के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अपने उत्थान व अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयासों की सराहना की साथ ही बैठक में विभिन्न मुद्दे उठाये गये और अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री सम्बोधित ज्ञापन भी प्रेषित किया गया।

बैठक में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में अपनायी गई घोषणा एवं भारतीय संविधान के अनुछेद 29 व 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिले अधिकारों को मजबूत करने के लिए अल्पसंख्यक समुदायक मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी का कल्याण और अधिक प्रभावी हो सके। अल्पसंख्यक क्षेत्र में शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्रों की संख्या में वृद्धि की जाये तथा छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर तक सुनिश्चित किया जाये। अल्पसंख्यक महिलाओं एवं युवाओं के लिए विशेष रोजगार एवं उद्यमिता कार्यक्रम चलाये जाये। संप्रदायिक सद्भाव एवं अल्पसंख्यक अधिकारों के प्रति जागरुकता अभियान को जिला स्तर पर मजबूत किया जाये। कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय पर ही होना चाहिए। जिससे समुदायों की सहभागिता अधिक हो सके। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु ऑनलाइन पोर्टल को और अधिक सक्रिय बनाया जाये। बैठक में आदि मांगें उठायी गई। इस मौके पर मोहम्मद युनूस अंसारी, रिजवान अहमद ताज, शाकिर अली मंसूरी, अनीस अहमद खां, सगीर अहमद खां, खालिद उस्मानी, जवाहर सिंह गंगवार, जाहिद, गुड्डू, मोहम्मद ताज, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद अफताब, साबिर हुसैन, हसीन खां, मजहर खान, जहान सिंह, मोहम्मद सलमान, हरीश कुमार, मिर्जा राहत बेग आदि लोग मौजूद रहे।

## रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले में 152 अभ्यार्थी जॉब हेतु चयनित



मेले में साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठडी सड़क आईटीआई स्कूल में अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला का आयोजन हुआ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में आयोजित मेले में तीन कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 300 रिक्तियों के सापेक्ष 158 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। रोजगार मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 158 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 152 अभ्यार्थियों का चयन हुआ।
जिसमें वोल्टाज में 63 का जॉबी ट्रेनी, हीरोमॉटो कार में 22 अप्रेंटिसशिप और 26 एफटीई एवं आईडीमा सिसकॉन में 41 जॉबी ट्रेनी का चयन किया गया।
मेले की व्यवस्था प्रमुख रुप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। इस मौके पर प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला की मौत के मामले में ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी की मौत के मामले में पति ने पुलिस को ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सुरजीत कुमार पुत्र राधाकृष्ण निवासी ग्राम अमरौली थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज का रहने वाला है। दिनांक 17.12.2025 को समय लगभग 4.00 बजे पीड़ित अपनी पत्नी पूजा देवी उम्र 38 वर्ष के साथ खुदागंज बाजार करने आया था। हम दोनों पति पत्नी सड़क किनारे घर जाने के लिए सवारी का इन्तजार कर रहे थे, तभी कमालगंज की तरफसे आ रहे ट्रक संख्या- बीआर45जीए4556 के ड्राइवर ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए रामनाथ चौरसिया की दुकान के पास मेरी पत्नी के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरी पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। ट्रक मौके पर ही पकड लिया गया और चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। यह घटना मेरे सामने ही हुई। घटना के समय हमारे गाँव के ही अखिलेश कुमार पुत्र तुलाराम जो कि मेरे पीछे ही दुकान पर सौदा ले रहे थे, जिन्होंने घटना होते हुए देखी।



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी व शिक्षक

## संसद खेल महोत्सव में सीपी इंटरनेशनल स्कूल ने पाया द्वितीय स्थान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संसद खेल महोत्सव में सीपी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं अनुशासन का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। खेल महोत्सव में जनपद के अनेक विद्यालयों के साथ-साथ विभिन्न खेल क्लबों की टीमों ने सहभागिता की। कड़े मुकाबलों के बीच सीपी इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने समर्पण, टीम भावना एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों को बधाई दी। निदेशक डॉ मिथलेश अग्रवाल ने इस सफलता को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का परिणाम बताया। उपनिदेशक अंजू राजे एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। इस उपलब्धि में खेल प्रशिक्षक संजीव कुमार द्विवेदी एवं केके बाजपेई का योगदान रहा।

# मांगों को लेकर किसान संघ ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं हेतु नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। ज्ञापन में मांग की है कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 घंटे बिजली देने का रोस्टर लागू है। बिजली की कटौती बार-बार की जाती है। जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पाता है। खेतों की सिंचाई हेतु 8 बजे से 5 बजे तक दिन में निर्बाध रुप से बिजली की आपूर्ति करायी जाये। पशुओं से किसानों की फसल प्रत्येक वर्ष बर्बाद होती है। प्रशासन स्तर पर कार्यवाही अमल में लायी जाये। संगठन मांग करता है पशुओं को पकड़वाने व उन्हें आश्रय स्थल रखने हेतु निकायों व प्रधानों का सहयोग के लिए कार्यवाही की जाये। आलू की मंदी के कारण किसानों का लागत मूल्य प्राप्त नहीं हो रहा है। आलू निर्यात की कायवाही शासन स्तर पर की जाये। जनपद में शीतग्रह मालिक द्वारा असमान तरीके से आलू भण्डारण का किसान वसूला जा रहा है। किसानों का शोषण बचाया जाये। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत 20 प्रतिशत सहकारी साधन समितियां बंद है। संघ मांग करता है उन्हें सुचारु रुप से चालू किया जाये। जिससे परेशानी से बचा जाये, आदि मांगे शामिल है। इस मौके पर सुरजीत सिंह कटियार, अमर सिंह राजपूत, शिवनंदन भदौरिया, अक्षय प्रताप सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# आलू व सरसों की फसलों में रोगों व कीटों के नियंत्रण के बताये गये सुझाव

**तापमान के गिरने तथा वायुमण्डल में आर्द्रता बढ़ने से फसलों में फफूंदी जनित रोगों के लगने की होती संभावना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सरसों की फसल की जांच करते अधिकारी

वायुमण्डल में तापमान निरन्तर गिर रहा है। तापमान के गिरने तथा वायुमण्डल में आर्द्रता बढ़ने से किसान द्वारा बोई गई फसलों में फफूंदी जनित रोगों के लगने की सम्भावना बढ़ जाती है, साथ ही मौसम में उतार-चढाव होने पर माहू, थ्रिप्स आदि कीटों के लगने की सम्भावना हो जाती है। बोई गई फसलों में निरन्तर देखरेख करने की आवश्यकता है। बोई गई फसलों में आलू व सरसों की फसलें इस समय सबसे अधिक रोगों व कीटों से प्रभावित होती है। आलू व सरसों की फसलों में रोगों व कीटों के नियंत्रण के लिए कुछ सुझाव दिये गये है।

जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आलू की फसल में माहू थ्रिप्स कीटों के नियंत्रण के लिए एजाडिरैक्टिन (नीम ऑयल) 0.15 प्रतिशत ई0सी0 की 2 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर के हिसाब से 500 से 600 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनिक नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 की 1.5 एम.एल. मात्रा प्रति लीटर पानी अथया इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. की 1/2 एम.एल. मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिडकाव करें। आलू की फसल में इस समय अगेती व पिछेती झुलसा रोग का प्रकोश की सम्भावना सबसे अधिक होती है। अगेती झुलसा से पत्तियों पर कत्थई भूरे रंग के छोटे-छोटे धब्बे बनते है जो धीरे-धीरे बढ़ जाते है तथा पिछेती झुलसा में पत्तियों व तनों पर भूरे रंग के धब्बे तथा धब्बों के ठीक निचली सतह पर कई जैसी फंगस जमा हो जाती है। पिछेती झुलसा रोग आलू की फसल पर तीव्र गति से बढ़ता है, जिसको तुरन्त नियंत्रित करने की आवश्यकता होती है। अगेती व पिछेती झुलसा के नियंत्रण के लिए मैकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा कार्बन्डाजिम 12 प्रतिशत मैंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा जिनेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर फसल पर छिडकाव करें। पिछेती झुलसा का प्रकोप तीव्र होने पर मेटाएक्सिल 4 प्रतिशत मैकोजेब 64 प्रति0 की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथया सायनोक्सानिल 8 प्रतिशत मैकोजेब 64 प्रति0 की 3 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा एजेस्ट्रोबिन 18.2 प्रतिशत डिफेनोकोनाजोल 11.4 प्रतिशत एस.सी. की 1 एम.एल.मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा कॉपरआक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिडकाव करें। सरसों सरसों की फसल में माहू कीट के नियंत्रण के लिए एजाडिरैक्टिन 0.15 प्रतिशत ई0सी0 (नीम ऑयल) की 2.5 लीटर मात्रा अथवा डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई.सी. की 1 लीटर मात्रा 600 से 750 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से फसल पर छिडकाव करें। सरसों की फसल में मुख्य रूप से आल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग लगता है, जिसमें पत्तियों तथा फलियों पर गहरे कत्थई रंग के धब्बे बनते है जो गोल छल्ले के रूप में होते हैं। तीव्र प्रकोप होने पर यह छल्ले आपस में मिल जाते है जिससे पूरी पत्ती झुलस जाती है। रोग के नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 75 प्रतिशत बब्ल्यू.पी. अथवा जिनेव 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर के हिसाब से 600 से 750 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें। किसान किसी भी फसल में कीट रोग के नियंत्रण की अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी प्राविधिक सहायक अथवा विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कृषि रक्षा इकाई पर सम्पर्क कर सकते है। अथवा पी.सी.एस.आर.एस. के मोबाइल व्हाटस्प नं0 9452247111 व 9452257111 पर भेजकर निदान प्राप्त कर सकते है अथवा एन.पी.एस.एस. एप्स डाउनलोड करके अपनी समस्या भेजकर निदान प्राप्त कर सकते है।

## टॉवर से बैट्री चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** टॉवर से बैट्री चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गयी तहरीर में शिकायकर्ता ने कहा है कि वह अल्टियस एडेप्ट कम्पनी में टेक्नीशिनय के पद पर तैनात है। उसकी कम्पनी का एक मोबाइल टॉवर सीएमटी के थाना कमालगंज के अंतर्गत ग्राम सिंधौली में लगा है। जिसकी आईडी संख्या-596605 है। जिसमें दिनांक 12.11.2025 को साइट डाउन होने का अलार्म लखनऊ कंट्रोल रुम से 9:15 ए.एम. पर मिला। इसके उपरांत शिकायतकर्ता साइट पर पहुंचा, तो देखा कि टॉवर पर लगी बैट्रियां जिनको अज्ञात चोर चुरा ले गये। जिसकी सूचना शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों व डायल112 को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# वैश्य समिति चुनाव में धांधली का आरोप

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- महिलाओं की सदस्यता निरस्त करने पर बवाल, चुनाव रद्द करने की उठी मांग

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



श्री हरिद्वारी वैश्य समिति, गोला के हालिया चुनाव को लेकर धांधली के आरोप सामने आए हैं। महिलाओं की सदस्यता फार्म मनमाने ढंग से निरस्त किए जाने और समिति विरोधी बताकर अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए समाज की महिलाओं ने उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पूर्व समिति का चुनाव संपन्न हुआ। महिलाओं व पुरुषों का आरोप है कि 26 मार्च 2025 को आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के बंधुओं ने चुनाव कराने की मांग उठाई थी। भारी संख्या को देखते हुए तत्कालीन अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने छह माह के भीतर चुनाव कराने का आश्वासन दिया और मतदान हेतु सदस्यता फार्म भरने का निर्देश दिया। तय कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई तक 100 रुपये शुल्क के साथ सदस्यता फार्म जमा किए जाने थे। समाज के अनेक महिला-पुरुषों ने फार्म भरकर जमा भी किए।

आरोप है कि बाद में अध्यक्ष ने मनमाने तरीके से केवल अपने समर्थकों के फार्म स्वीकार किए, जबकि बड़ी संख्या में महिलाओं के फार्म यह कहकर निरस्त कर दिए गए कि वे समिति विरोधी हैं। महिलाओं का कहना है कि वे पूर्व में कभी समिति की सदस्य रही ही नहीं। साथ ही, समिति के महामंत्री अविनाश गुप्ता द्वारा एक ऑडियो वायरल किए जाने का आरोप भी लगाया गया है, जिसमें महिलाओं को अपमानजनक ढंग से समिति विरोधी कहा गया।

इन आरोपों से आक्रोशित महिलाओं ने चुनाव निरस्त करने, कथित धांधली की जांच कराने तथा झूठे आरोपों से समाज में हुए अपमान पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मनीषा गुप्ता, शीतल गुप्ता, गोपीराम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनूप गुप्ता, आदित्य गुप्ता सहित अनेक सजातीय बंधु मौजूद रहे।

## नगर पालिका परिषद में आज होगा साहित्यिक आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ की ओर से शुक्रवार को एक भव्य साहित्यिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर के पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. ओपी मिश्र द्वारा रचित पुस्तक समय की शिला पर का लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन नगर पालिका परिषद के सभागार में सायं तीन बजे से होगा। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि होंगे। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य एवं संस्कृति जगत से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। पुस्तक का विधिवत विमोचन उनके कर-कमलों से संपन्न होगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल 'रिंकू' की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में परिषद के समस्त सभासद भी शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे साहित्यिक आयोजनों से नगर में रचनात्मक वातावरण का विकास होता है तथा नई पीढ़ी को साहित्य और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को लेकर नगर के साहित्य प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है और इसे एक यादगार साहित्यिक आयोजन बनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा व प्लाटिंग

- सरकारी स्कूल की जमीन पर रास्ता बनाकर बिक्री का आरोप, एसडीएम से जांच की मांग

कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष

गोला- गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत रोशन नगर में उच्च प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा कर रास्ता बनाए जाने और अवैध प्लाटिंग किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। प्रशासनिक स्तर पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से करते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बताया गया कि 22 नवंबर को इस संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर संबंधित लेखपाल दिनेश वर्मा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को शिकायतकर्ता व ग्रामीणों ने तथ्यहीन और भ्रामक बताया है। रिपोर्ट में मौके पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे या रास्ते की मौजूदगी से इनकार किया गया है, जबकि ग्रामीणों और पूर्व ग्राम प्रधानों का कहना है कि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय और पास स्थित मंदिर के बीच पूर्व में कोई रास्ता नहीं था। विद्यालय निर्माण के समय सरकारी भूमि को सुरक्षित रखते हुए भवन और चारदीवारी कराई गई थी। बाद में बिना भूमि को आवासीय घोषित कराए तथा बिना जिला पंचायत से नक्शा स्वीकृत कराए विद्यालय की भूमि पर अवैध रूप से रास्ता बना दिया गया और उसी के आधार पर अवैध प्लाटिंग कर प्लाटों की बिक्री शुरू कर दी गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस खेत में प्लाटिंग की जा रही है, उसका मूल रास्ता उत्तर दिशा में है, लेकिन जानबूझकर दक्षिण दिशा में स्थित विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता निकाला गया। इससे न केवल सरकारी भूमि पर कब्जा हुआ है, बल्कि विद्यालय की सुरक्षा और भविष्य के विस्तार पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि लेखपाल द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भ्रामक रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया गया है, जिससे सरकारी भूमि संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में उपजिलाधिकारी से स्थलीय जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाने, अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने तथा भ्रामक रिपोर्ट देने वाले संबंधित लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की गई है।

## खबरें एक नजर में

### रामबनवास प्रसंग के मंचन से भक्तिरस में डूबा मैगलगंज मेला महोत्सव



मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़। मेला महोत्सव के बारहवें दिन श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में रामबनवास प्रसंग का भव्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन के साथ कथा व्यास स्वामी कन्हैया लाल दतात्रे ने अपने ओजस्वी और सरस प्रवचनों के माध्यम से भगवान राम के वनगमन में निहित मर्यादा, त्याग और आदर्श जीवन मूल्यों का प्रभावशाली वर्णन किया। कथा के दौरान उनके अमृत वचनों से पूरा पंडाल भक्तिरस में डूबा नजर आया। कार्यक्रम में रानू बाजपेई और कमल बिहारी गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जबकि हजारों की संख्या में माता-बहनें, बुजुर्ग और श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा का श्रवण किया। मेला महोत्सव में निरंतर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### जैती में वन विभाग की कथित मनमानी पर विधायक का कड़ा रुख, बसपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए कई ग्रामीण



मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैती में आयोजित एक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही कथित परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों का कहना था कि बेवजह नोटिस, चालान और दबाव के कारण किसान एवं आम ग्रामीण मानसिक रूप से परेशान हैं। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों और ग्रामीणों का किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे स्वयं वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर मामले को उच्च स्तर तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, आप अकेले नहीं हैं, मैं आपके साथ खड़ा हूं और आपकी लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। बैठक के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन आदि—की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। इसी बीच ग्राम जैती में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब गांव के तमाम लोगों ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सभी नए सदस्यों को पटका पहनाकर भाजपा में स्वागत किया और कहा कि भाजपा सबका साथ लेकर चलने वाली पार्टी है तथा प्रत्येक गांव के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित कुमार, ग्राम पंचायत फिरोजपुर के प्रधान राम जीवन, मंडल महामंत्री श्यामा चरण राठौर, खजुरिया के प्रधान माजिद खान, मनोज गुप्ता, मंडल विधानसभा संयोजक सुशील त्रिवेदी, अनुज पांडेय, सभासद अरुण राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कौन बनेगा गुरु का प्यारा प्रतियोगिता में आशीष कुमार बने ऑल ओवर टॉपर



निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़। सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में बृहस्पतिवार को मिरी पीरी खालसा एकेडमी, गहरा फार्म में आयोजित कौन बनेगा गुरु का प्यारा प्रतियोगिता देर शाम तक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी धार्मिक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चंद्राणी सरस्वती शिशु मंदिर, मेवा लाल राम दुलारी विद्या मंदिर मझगईं, आदर्श शिखा निकेतन नौगवां, गुरुकुल एकेडमी पलिया कलां, गायत्री पब्लिक स्कूल निघासन सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सिख धर्म, गुरु परंपरा और धार्मिक मूल्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्रों ने आत्मविश्वास और सटीकता के साथ उत्तर दिया। लाल जी प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बम्हनपुर खीरी की ओर से आशीष कुमार, नितिन कुमार एवं शिवम पाल ने प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया। इनमें आशीष कुमार ने सभी प्रश्नों के सही उत्तर देकर ऑल ओवर टॉप का खिताब हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार स्वरूप रु. 20,000 की नकद धनराशि प्रदान की गई। आशीष कुमार की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने इसे योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतिफल बताया। विद्यालय परिवार ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# दो गांवों में आठ जगह चोरी, नगदी समेत जेवर पार

ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।



खमरिया थाना क्षेत्र के लखपेड़ा और फत्तेपुर गांवों में बुधवार/गुरुवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक ही रात में 6 घरों और 2 दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी के बाद बक्से तोड़कर घरों के पीछे खेतों में फेंक दिए गए, जिन्हें गुरुवार सुबह बरामद किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे बड़ी वारदात ग्राम पंचायत लखपेड़ा निवासी अनुज राजपूत पुत्र रामदुलारे के घर में हुई। चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़े और जीने के रास्ते नीचे उतरकर कमरे में रखा बड़ा बक्सा तोड़ दिया, जबकि दो छोटे बक्से और बैग छत ले गए। पीड़ित के अनुसार चोर बक्सों और रैक में रखे 1 लाख 60 हजार रुपये नकद तथा करीब 10 लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह अनुज के घर के पीछे खेत में दोनों बक्से टूटी हालत में मिले, और बैग भी खाली मिली अन्य रखा सामान बिखरा पड़ा था।

लखपेड़ा गांव में ही चोरों ने रामपाल पुत्र टीकाराम के घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़ दिया और एक मंगलसूत्र चोरी कर लिया। वहीं रामकिशोर पुत्र भारत के घर चोर कमरे की कुंडी तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन आहट पाकर घर की महिला के जाग जाने से चोर भाग निकले। इसी तरह बनवारी पुत्र चूरामन के घर भी चोर घुसे, लेकिन गृहस्वामी के जागने पर कोई सामान नहीं ले जा सके। लखपेड़ा के बाद चोरों ने पड़ोसी गांव फत्तेपुर में भी वारदातें कीं। चोरों ने श्यामू शुक्ला पुत्र पैकरमा का खोखा काटकर उसमें रखा सामान व कुछ नकदी चोरी कर ली। इसके अलावा मुनुवा बाजपेई का भी खोखा काटा गया, जहां से सामान व नगदी ले गए। फत्तेपुर निवासी रामलखन अवस्थी के घर ताला तोड़कर चोर घुसे, लेकिन ग्रह स्वामी की सतर्कता के चलते उनके कुछ हाथ नहीं लगा और गृहस्वामी के जागने पर वे फरार हो गए। चोर रामलखन अवस्थी के भतीजे सुधीर अवस्थी के घर भी घुस गए। सुधीर अपनी मां के साथ लखनऊ में रहते हैं। चोरों ने घर के ताले काटकर गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया। सुधीर ने बताया कि उनके घर में पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है, जिस कारण वहां कोई कीमती सामान नहीं रखा गया था। घर गृहस्थी का सामान भी चोरी हो गया है। घटनाओं की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने उपनिरीक्षक विचित्रवीर सिंह, हेड कांस्टेबल पवन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर जांच कराई। पुलिस ने पीड़ितों को शीघ्र कार्रवाई और चोरों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# रोटरी क्लब गोला 'मुस्कान' ने सहसपुर में बांटे गर्म कपड़े

- सैकड़ों ग्रामीणों के चेहरों पर आई मुस्कान
- शीत ऋतु में सेवा का संदेश, महिला-पुरुष रोटेरियन की बराबर भागीदारी से हुआ वस्त्र वितरण



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

शीत ऋतु के मद्देनजर रोटरी क्लब गोला मुस्कान द्वारा ग्राम सहसपुर में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की महिला एवं पुरुष सदस्यों की समान भागीदारी देखने को मिली।

सेवा भाव से ओतप्रोत रोटेरियन साथियों ने छोटे बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को गर्म कपड़े, शाल व कंबल वितरित कर मानवीय सहयोग का परिचय दिया। इस अवसर पर ग्राम सहसपुर के पुजारी पंडित राम मनोहर तिवारी ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए संस्था के इस प्रयास की सराहना की और ग्रामवासियों की ओर से रोटरी क्लब को धन्यवाद दिया। वहीं ग्राम सहसपुर के महंत श्री शिवलाल जी बाबा का आशीर्वाद भी आयोजन को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रो. अरविन्द गुप्त रामजी, सचिव अनुराधा पुरवार सहित नीलू भारती, मीनाक्षी अग्रवाल, राजीव गुप्ता, बंदना गुप्ता, विवेक वर्मा, राजीव राजपूत, मिली गुप्ता, अर्चना जायसवाल, मंजू भारद्वाज, अतुल राजपूत समेत सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में क्लब सचिव अनुराधा पुरवार ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया नवनियुक्त, वर्तमान व भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान



निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र में देशसेवा की भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से सिंगाही में भव्य नवनियुक्त, वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए सैनिकों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। देशभक्ति गीतों और जयघोष के बीच वीर जवानों के शौर्य, अनुशासन और त्याग को नमन किया गया।
समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। तत्पश्चात आयोजकों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने कहा कि सैनिक देश की शान हैं और राष्ट्र की सुरक्षा की मजबूत ढाल के रूप में सीमाओं पर तैनात रहकर देशवासियों को सुरक्षित जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त जवानों का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, वहीं वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों का अनुभव समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने सरकार द्वारा सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि स्थानीय स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति को जीवन का आधार बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या में सेना में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा करने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सैनिकों ने अपनी चयन यात्रा साझा की, जबकि भूतपूर्व सैनिकों ने सीमाओं पर बिताए गए अनुभवों और चुनौतियों का स्मरण कर युवाओं को देशप्रेम एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सैनिकों का उत्साहवर्धन किया।
समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें देशभक्ति गीतों एवं कविताओं ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। आयोजकों द्वारा सैनिकों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता का भाव दृष्टिगोचर हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# प्यारेलाल साहू सिंचाई संघ के अध्यक्ष निर्वाचित




बांदा, समृद्धि न्यूज़।

सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश की स्थानीय शाखा नलकूप खंड बांदा का द्विवार्षिक अधिवेशन आज विश्व सुरैया हाल सिंचाई विभाग के सभागार मे आयोजित किया गया एवं संगठनात्मक पदों पर निर्वाचन कार्य प्रांतीय अध्यक्ष संजय यादव, संरक्षक विनोद कुमार पांडे, विवेक चतुर्वेदी प्रांतीय महामंत्री,अनुज यादव, रमजोर सिंह चंदेल, चंद भारती यादव , राजकिशोर पाल के नेतृत्व पर किया गया। अध्यक्ष पद पर प्यारेलाल साहू भारी मतों से विजयी घोषित हुए एवं मंत्री पद श्रीमती शीतू दिवाकर ने जीत हासिल किया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमानाथ सिंह, आडीटर विप्लव दीक्षित निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को प्रांतीय संगठन ने शपथ दिलवाई एवं सैकड़ों उपस्थिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्यारेलाल साहू ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि आप सभी की हर समस्याओं का समाधान ससमय करने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा किसी भी प्रकार का शोषण नहीं होने दिया जाएगा, सभी उपस्थिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस से हुई नोकझोंक

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से भारी संख्या में कांग्रेसियों के साथ प्रमुख मार्गों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी जिंदाबाद व मोदी जब जब डरता है ईडी को आगे करता है नारेबाजी करते हुए सरकार विरोधी पीली कोठी पहुंचने पर आगे न बढ़ने को लेकर पुलिस से नोक झोंक हुई जिससे आक्रोशित होकर कांग्रेस जन बीच रोड में बैठकर अपना आक्रोश जताने लगे, इस दौरान सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्पूरे देश के अंदर भाजपा की सरकारे बद नियति और गैर कानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है माननीय अदालत में हाल ही में यंग इंडिया मामले में कांग्रेस नेतृत्व श्रीमती सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी के ऊपर ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया अदालत ने फैसला दिया है कि ईडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है उसके पास कोई एफ आई आर नहीं है जिसके बिना कोई मामला नहीं बनता है असत्य पर सत्य की जीत का यह है एक जीता जागता उदाहरण है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि ष्मोदी सरकार पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है आज पूरे देश के सामने भाजपा एवं उनकी संस्थाएं बेनकाब हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी ने कहा कि ष्मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता अपराध की कोई गुंजाइश नहीं और संपत्ति का कोई हस्तांतरण नहीं यह सभी निराधार आरोप जो निम्न स्तरीय राजनीति देश की भावना और सम्मान पर हमला करने की भावना से प्रेरित है आज सब धाराशाही हो गए है कांग्रेस पार्टी और हमारा नेतृत्व सत्य के लिए और हर भारतीय के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है हमें कोई भी डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निम्नलिखित व्यक्ति मौजूद रहे एआईसीसी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रभारी संगठन संकटा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद इदरीश, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## ठंड व कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त




पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज़। पैलानी तहसील अंतर्गत बीती रात एक बजे से सबादा ,चंदवारा ,इछावर, काना खेड़ा, सिंधन कला, पैलानी, रामपुर ,गौरी, अमारा ,बरेहटा, खपटिहा कला ,साड़ी ,खरेई, पपरेंदा ,चिल्ला,पिपरहरी ,अतरहट ,अमलोर, समेत दर्जनों गांवों में कोहरे की चादर से दर्जनों गांव ढक गए हैं वहीं वहां भी रेंगते नजर आए ऐसे में कोहरे के चलते बांदा हमीरपुर मार्ग बांदा कानपुर मार्ग से निकलने वाले वाहनों में बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों के निकलने से कोहरे से किसी भी समय अप्रिय घटना घटित हो सकती है। वहीं प्राथमिक जूनियर एवं हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के छात्र–छात्राएं सुबह है 9 :00 बजे से ही इस भीषण ठंड व कोहरे के चलते घर से विद्यालय जाने को मजबूर हैं । वही ठंड के चलते गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है और रोजी रोजगार में इजाफा हुआ है।

# राजकीय इंटर कालेज मटौंध में वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन

- सैकड़ो बेरोजगार अभ्यर्थियों का हुआ चयन

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत गुरुवार को बांदा में सेवा नियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 350 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और यहां पर आई कई कंपनियों ने उनका साक्षात्कार लिया। जिसमें कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। और सरकार के मिशन रोजगार के तहत इन सभी अभ्यर्थियों को अलग-अलग कंपनियों में नौकरी मिली। उक्त रोजगार मेले में 5 कंपनियों ने अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें आमधन-ई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 12 अभ्यर्थियों का चयन किया, वहीं रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 37 अभ्यर्थियों का, एजुवेंटेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 16, सारा सिक्योरिटी साल्यूशन ने 128 व जीवितम कंपनी ने 23 अभ्यर्थियों का चयन किया। और कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों को इस रोजगार मेले में नौकरी मिली। बृहद रोजगार मेले का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा दिनेश कुमार द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन अहमद अंसारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल तथा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध की प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। इन लोगों के द्वारा चयनित हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी गई और कहा कि सभी अभ्यर्थी अब अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करें। वही इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत इस मेले का आयोजन कराया गया था। जिसका उद्देश्य सिर्फ इतना है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को नौकरियां मिल सके।

## ख़बर का हुआ असर
## लोगों तक पहुंचा पानी

एक महीने से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे थे ग्रामीण



बांदा, समृद्धि न्यूज़। जसपुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत रामपुर में नमामि गंगे के तहत सरकार ने पानी के लिए पाइपलाइन व टंकी तो बना दी लेकिन सभी शोपीस बने हुए हैं। जेई रमेश कुमार गुप्ता और ठेकेदार की लापरवाही करने का ग्रामीणों ने आरोप लगा था जिसकी खबर को हमारे समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने तत्काल जेई व ठेकेदार को आदेशित किया तत्काल प्रभाव मोटर को बदलकर पानी की सप्लाई चालू कर दी है। ग्रामीण भजन सिंह में समाचार पत्रों को खबर प्रकाशित करने पर धन्यवाद दिया है।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने ग्रामीणों को बांटें कंबल

- बच्चों को गर्म टोपी का किया गया वितरण

बांदा, समृद्धि न्यूज़।




मौसम में आए अचानक बदलाव एवं बढ़ती ठंड को मद्देनजर रखते हुए हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था की टीम की ओर से बबेरू के ग्राम गौरीखानपुर में सीज़न का दूसरा बड़ा बृहद कंबल वितरण किया गया जिसमें लगभग एक सैकड़ा से अधिक ज़रूरत मंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए एवं एक सैकड़ा से अधिक बच्चों को सर्दी के गर्म टोपे वितरित किए गए जिसको पाकर ज़रूरत मंद परिवारों, बुजुर्गों,महिलाओं एवं बच्चों के चेहरों में खुशी देखी गई ग्राम वासियों ने हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा ग्रुप की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया एवं ग्राम वासियों का कहना था कि ठंड की इस घड़ी में ज़रूरत मंद परिवारों के बुजुर्गों एवं बच्चों का संस्था ने ख्याल रखा गया और कंबल एवं गर्म टोपे उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब के संरक्षण में आयोजन समिति हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था से संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्ला खान,वरिष्ठ सहयोगियों में सुनील सक्सेना मीडिया प्रभारी,मोहम्मद शादाब पूर्व प्रधान,आरिफ खान,सैफ उल्ला उर्फ मुन्ना, उपाध्यक्ष जावेद खान,संगठन मंत्री शेख रिज़वान,शाखा प्रमुख छावनी हसीब,शाखा प्रमुख खाईपार अली, महामंत्री शहबाज खान हनी,शाखा प्रमुख सिकंदर सनी,सोशल मीडिया प्रभारी उरूज़,सहयोगी इरशाद हुसैन,टीपू,उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान एवं कलीम उल्ला खान,सचिव उमर अली,कोषायक्ष अनस उल्ला खान,उपसचिव आसिफ मसूदी एवं गफ्फार खान,कानूनी सलाहकार समीर उलहक़ एड,सलाहकार में आबिद अली,शिफात खान,विक्की खान,भरत हार्डवेयर,कार्यालय प्रभारी इमरान एवं शादाब हुसैन सदस्य ब्रज बिहारी,उस्मान सभी ने आए हुए ज़रूरत मंद परिवारों का आभार व्यक्त किया टीम द्वारा अवगत कराया गया कि आगे भी सर्दी की रातों में ज़रूरत मंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए संस्था के लोग सड़क किनारे सो रहे ज़रूरत मंदो में कंबल एवं गर्म टोपे आदि उपलब्ध कराने का कार्य हर साल की तरह इस साल भी बराबर करती रहेगी।